# कोल्हान और संताल के 11 जिलों में सीवियर हीट वेव का ऑरेंज अलर्ट जारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पूरा झारखंड गर्मी की मार झेल रहा है। अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार हो चुका है। उत्तर-पश्चिमी और पछुआ गर्म हवाओं के प्रभाव से राज्य में चल रही लू की स्थिति और गंभीर होती जा रही है।

मौसम विभाग ने राज्य के कोल्हान और संथाल के 11 जिलों के लिए सीवियर हीट वेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। सोमवार को राज्य में पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, धनबाद, बोकारो, देवघर, जामतारा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज जिलों में सीवियर हीट वेव को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही राज्य के पश्चिमी भाग गढ़वा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना जताई गई है। वहीं राज्य में अगले 3-4 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 2 डिग्री से. तक वृद्धि होने की संभावना है।

**गढ़वा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की बारिश की संभावना**



### झारखंड के विभिन्न शहरों का तापमान

| शहर | उच्चतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 38.7 | 26.5 |
| जमशेदपुर | 42.0 | 26.2 |
| डाल्टेनगंज | 41.8, | 25.9 |
| बोकारो | 40.7 | 25.9 |
| चाईबासा | 42.8 | 25.6 |
| देवघर | 42.6 | 30.4 |
| गिरिडीह | 40.9 | 28.3 |
| सरायकेला | 42.3, | 25.4 |

**सरायकेला में 45 डिग्री तक पहुंचा तापमान :** झारखंड में पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा। वहीं सरायकेला-खरसावां एवं पश्चिमी सिंहभूम जिला में कहीं-कहीं लू भी चली। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 44 .8 डिग्री से. सरायकेला में, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 24 .4 डिग्री से. गोड्डा में दर्ज किया गया। रांची, धनबाद, हजारीबाग, गुमला, लातेहार और लोहरदगा में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से कम रहा।

### 2 मई तक चलेगा लू, येलो अलर्ट जारी

मौसम विभाग ने पूर्वानुमान के अनुसार 2 मई तक झारखंड में लू चलने की संभावना है। इसको लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। विभाग के अनुसार 30 अप्रैल को राज्य के रांची, रामगढ़, खूंटी, पलामू तथा गढ़वा जिलों में लू चलने की संभावना है। वहीं 1 और 2 मई को राज्य में पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, देवघर, जामतारा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज जिलों में लू की स्थिति बन रही है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने इस मौसम में सावधानी बरतने को कहा है। लू से प्रभावित जिलों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने और अपने स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखने की सलाह दी है। बच्चों और बुजुर्गों को लगातार पानी, ओआरएस घोल और नारियल पानी पीने की सलाह दी गई है।

## सीइओ ने गिरिडीह समाहरणालय में चुनाव संबंधी तैयारियों की समीक्षा की

# लोस चुनाव की तैयारियों में समयबद्धता का विशेष ध्यान रखें : के. रवि कुमार

**मतदान केंद्रों की कमियों को अविलंब करें दुरुस्त**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 एवं गांडेय विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों में किसी तरह की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। चुनाव की अब तक की तैयारियों में जो भी कमी रही हो उन्हें शीघ्र दूर करना सुनिश्चित करें। शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान के लिए हरेक स्तर पर सभी की सजगता आवश्यक है। यह बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने कही। वे कल गिरिडीह के समाहरणालय सभागार में गिरिडीह लोकसभा एवं गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला प्रशासन एवं पुलिस के पदाधिकारियों को शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने के लिए अलर्ट रहते हुए समन्वय के साथ निर्वाचन की तैयारियों को समयबद्धता के साथ अंतिम रूप देने का निर्देश दिया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने नगदी, अवैध शराब, नशीले पदार्थों हथियार, विस्फोटक सहित अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं की रोकथाम के लिए गठित सभी टीमों को पूरी संवेदनशीलता के साथ सक्रिय रहने का निर्देश दिया, साथ ही विभिन्न कांडों में संलिप्त आरोपितों, वारंटियों को गिरफ्तार करने संबंधी कार्रवाइयों को सुनिश्चित करने का निदेश भी दिया। उन्होंने बीएलओ को चुनाव आयोग से प्राप्त होने वाले वोटर इनफार्मेशन स्लिप को घर-घर जाकर वितरण करने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर स्वच्छ शौचालय एवं रनिंग वाटर की व्यवस्था सहित अन्य सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध रखे जाने का भी पदाधिकारियों को निदेश दिया। उन्होंने बताया कि झारखण्ड के सभी मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक अर्थात दिनभर मतदान होना है। इस संबंध में सभी मतदाताओं के बीच जागरूकता फैलाना सुनिश्चित करें।

**शहरी क्षेत्र के कम मतदान वाले केन्द्रों का किया निरीक्षण**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने गिरिडीह के वैसे शहरी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया, जहां पिछले चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत अपेक्षाकृत कम रहा था। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को मतदान केन्द्र की कमियों को शीघ्र दूर करने की कड़ी चेतावनी दी।

समीक्षा बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, गिरिडीह प्रक्षेत्र के आईजी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार, उप विकास आयुक्त दीपक दुबे, सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्रीकांत विसपुते सहित निर्वाचन कार्य में लगे पदाधिकारी थे।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने गिरिडीह लोकसभा और गांडेय विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने रविवार को गिरिडीह लोकसभा और गाण्डेय विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मध्य विद्यालय अहिल्यापुर स्थित मतदान केन्द्र संख्या 292, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पुतरिया, गांडेय स्थित मतदान केन्द्र संख्या 298, उत्क्रमित मध्य विद्यालय जौरासीमर, गाण्डेय स्थित मतदान केन्द्र संख्या 300 एवं पंचायत सचिवालय, जामजोरी स्थित मतदान केन्द्र संख्या 305 का निरीक्षण किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने उपस्थित सभी लोगों से कहा कि वे मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने सभी को पूरी संवेदनशीलता के साथ सजग रहते हुए अपनी जिम्मेदारी के निर्वहन का निर्देश दिया। उन्होंने केन्द्र पर मतदान के दिन आकर मतदान करने में अक्षम मतदाताओं के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की भी जानकारी



ली और घर से मतदान की प्रक्रिया के संबंध में पूछताछ की। उन्होंने मतदान केन्द्र पर शौचालय, रैंप आदि न्यूनतम सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान गिरीडीह के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीसी नमन प्रियेश लकड़ा, एसपी दीपक कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्रीकांत विसपुते, निवार्ची पदाधिकारी 31 गांडेय गुलाम समदानी, उप निर्वाचन पदाधिकारी रंथू महतो सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारी थे।

## संसद भवन का द्वार लांघने को मैदान में खड़े हैं 31 उम्मीदवार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड लोकसभा चुनाव में अब कुछ ही दिन शेष रह गये हैं। एनडीए और इंडिया गठबंधन ने राज्य की सभी 14 लोस सीट पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। संसद भवन का द्वार लांघने के लिए चुनाव के मैदान में 31 उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी पेश की है। लोहरदगा से चमरा लिंडा निर्दलीय तो राजमहल सीट से झामुमो के बागी विधायक लोबिन हेंब्रम ने ताल ठोंकी है। गिरिडीह में जेएलकेएम के जयराम महतो और धनबाद से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह पहली बार मैदान में खड़ी हैं। रांची से संजय सेठ के बीच कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय खड़ी हैं। चतरा से कालीचरण सिंह को भाजपा ने मौका दिया है। चुनाव में सात महिला उम्मीदवार हैं।

### कौन- कौन से प्रत्याशी, कहां से हैं मैदान में

**रांची लोकसभा सीट**
- यशस्विनी सहाय- कांग्रेस
- संजय सेठ- भाजपा

**लोहरदगा लोकसभा सीट**
- सुखदेव भगत- कांग्रेस
- समीर उरांव- भाजपा
- चमरा लिंडा -निर्दलीय

**चतरा लोकसभा सीट**
- केएन त्रिपाठी- कांग्रेस
- कालीचरण सिंह भाजपा

**पलामू लोकसभा सीट**
- ममता भुईयां- राजद
- वीडी राम- भाजपा

**खूंटी लोकसभा सीट**
- कालीचरण मुंडा- कांग्रेस
- अर्जुन मुंडा भाजपा

**सिंहभूम लोकसभा सीट**
- जोबा मांझी- झामुमो
- गीता कोड़ा- भाजपा

**जमशेदपुर लोकसभा सीट**
- समीर मोहंती- झामुमो
- विद्युतवरण महतो- भाजपा

**राजमहल लोकसभा सीट**
- विजय हांसदा-झामुमो
- ताला मरांडी-भाजपा
- लोबिन हेंब्रम-निर्दलीय

**दुमका लोकसभा सीट**
- नलिन सोरेन- झामुमो
- सीता सोरेन-भाजपा

**गोड्डा लोकसभा सीट**
- प्रदीप यादव- कांग्रेस
- निशिकांत दुबे-भाजपा

**गिरिडीह लोकसभा सीट**
- मथुरा प्रसाद महतो- झामुमो
- चंद्र प्रकाश चौधरी-आजसू
- जयराम महतो- जेएलकेएम

**कोडरमा लोकसभा सीट**
- विनोद सिंह-सीपीआई माले
- अन्नपूर्णा देवी-भाजपा

**धनबाद लोकसभा सीट**
- अनुपमा सिंह-कांग्रेस
- ढुल्लू महतो-भाजपा

**हजारीबाग लोकसभा सीट**
- जेपी पटेल-कांग्रेस
- मनीष जायसवाल-भाजपा

------------------------

## खबर एक नजर में

### नशा का कारोबार करनेवाले 1462 अभियुक्तों का लिया जायेगा फिंगर प्रिंट

**रांची।** नशीले पदार्थ की खरीद बिक्री के खिलाफ झारखंड सीआईडी के निर्देश पर लगातार अभियान जारी है। नशा कारोबार पर रोक लगाने के लिए नशीले पदार्थों की खरीद बिक्री के आरोप में गिरफ्तार 1462 अभियुक्तों का फिंगर प्रिंट लिया जाएगा। इसे लेकर झारखंड सीआईडी द्वारा सभी जोनल आइजी, रेंज के डीआइजी और जिले के एसएसपी, एसपी को निर्देश दिया गया है। क्रिमिनल प्रोसीजर आइडेंटिफिकेशन एक्ट 2022 की धारा 3 के प्रावधान के आलोक में एनडीपीएस कांडों के अनुसंधान के दौरान गिरफ्तार अभियुक्त का फिंगर प्रिंट लिया जाएगा।

### अबुआ आवास योजना के दूसरी किस्त में मिलेगी 50-50 हजार रुपये

**रांची।** अबुआ आवास योजना के लाभुक को दूसरी किस्त में 50-50 हजार रुपये की राशि मिलने वाली है। यह राशि उन्हें लिंटल कार्य से आगे घर बनाने के लिए दी जायेगी। वैसे लाभुक जिन्होंने पहली किस्त की मिली 30-30 हजार रुपये खर्च कर



दिए हैं और जियो टैगिंग कराकर आवास निर्माण कार्य का फोटो अपलोड किया है उन्हें दूसरी किस्त की राशि देने की तैयारी की जा रही है। ग्रामीण विकास विभाग जल्द ही इन्हें राशि आवंटित करेगा। अधिकारियों के अनुसार लगभग 30 हजार लाभुक को आवास निर्माण का आगे के कार्य के लिए दूसरी किस्त की राशि विमुक्त की जायेगी।

बताते चलें कि अबुआ आवास योजना से करीब 1.90 लाख लाभुकों को आवास बनाने की स्वीकृति दी गयी है। लेकिन इनमें 30 हजार लाभुकों की योग्यता की जांच चल रही है, इसलिए इन्हें पहली किस्त की राशि नहीं दी गयी थी। ऐसे में शेष 1.60 लाख लाभुकों को पहली किस्त की राशि दी गयी थी, इनमें करीब 30 हजार लाभुकों ने काम शुरू कराके जियो टैगिंग करा दिया है। ऐसे में इन्हें दूसरी किस्त की राशि दी जायेगी। शेष 1.30 लाख लाभुकों का जैसे ही पहले चरण का काम पूरा होगा दूसरी किस्त की राशि विमुक्त की जायेगी।

### राज्य में बरामद होने लगीं जाली नोट, एटीएस की टीम ने बरामद की मशीनें

**जफरुल का संबंध पश्चिम बंगाल से है, छापेमारी की भनक लगते ही हुआ फरार**

**रांची।** झारखंड में फेक करेंसी का प्रचलन बढ़ रहा है। झारखंड एटीएस की टीम ने फेक करेंसी के मामले को लेकर गिरिडीह जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र में छापेमारी कर चपुआडीह पंचायत के मुंडहरी गांव निवासी मो जफरुल अंसारी के घर से नोट गिनने की चार मशीनें जब्त की है। हालांकि टीम के पहुंचने के पूर्व ही जफरुल घर से भागने में सफल रहा।

बताया गया कि झारखंड एटीएस को सूचना मिली थी कि गिरिडीह के बेंगाबाद थाना क्षेत्र के मुंडहरी गांव से नकली नोट का धंधा चल रहा है। इस सूचना पर एटीएस की टीम देर रात गिरिडीह पहुंची और गिरिडीह पुलिस कप्तान दीपक शर्मा से बात की। एटीएस की टीम ने गिरिडीह पुलिस के सहयोग से जफरुल अंसारी के घर में छापेमारी की। छापेमारी में जफरुल के घर से नोट गिनने की मशीन बरामद की गयी। हालांकि, छापेमारी की भनक लगते ही जफरुल फरार हो गया। एटीएस और जिला पुलिस की टीम उसकी तलाश करने में जुटी हुई है। छापेमारी के दौरान भारी सुरक्षा व्यवस्था में संदिग्ध सामानों को भी जब्त कर टीम रांची ले आई है। बताया जा रहा है कि जफरुल का संबंध पश्चिम बंगाल से है। पश्चिम बंगाल के आसनसोल में उसके साथी है। यहीं से यह नोट डबल करने के कारोबार से जुड़ा और लोगों को झांसे देकर नोट डबल करने लगा।

## खेलगांव में झामुमो, कांग्रेस के इशारे पर बना अनाधिकृत हैलीपैड : आदित्य

**भाजपा बोली उपायुक्त और एसडीओ की भूमिका संदिग्ध**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के रास सांसद आदित्य साहू ने खेलगांव में अनाधिकृत तौर पर हैलीपैड बनाए जाने की शिकायत करते हुए चुनाव आयोग से इसकी जांच की मांग की है। मीडिया सेंटर में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि लोकतंत्र लोकलाज से चलता है। परंतु राज्य में सत्तारूढ कांग्रेस, झामुमो और राजद की सरकार इसे भूल गयी है। वे कानून से परे ऐसा कुछ करते रहे हैं, जो सोचा नहीं जा सकता। आदित्य ने कहा कि समय के अभाव में राजनीतिक दल चुनाव के समय हेलिकॉप्टर का उपयोग करते हैं। झारखंड में भी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इसका उपयोग हो रहा है। सुरक्षा और दूसरे कारणों से रांची एयरपोर्ट से ही हेलिकॉप्टर से उड़ान भरा जाता रहा है और वापस यहीं हेलिकॉप्टर आता है। परंतु झामुमो, कांग्रेस की सरकार ने खेलगांव में ही हैलीपैड बना लिया है। यहां से सत्तारूढ दल के लोग बगैर रोकटोक इधर से उधर आना जाना कर रहे हैं, जो हर लिहाज से गलत है। मौके पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश मंत्री सरोज सिंह समेत अन्य भी मौजूद थे।

**आयोग करे जांच**

आदित्य साहू ने कहा कि कांग्रेस, झामुमो जैसी पार्टियां भ्रष्टाचार की जननी हैं। खेलगांव में अवैध तरीके से हैलीपैड बनाकर वे किस मंशा से क्या क्या कर रहे हैं, यह जांच का विषय है। भाजपा ने जांच के लिए राज्य के निर्वाचन पदाधिकारी के अलावा केंद्रीय चुनाव आयोग के पास भी बात रखी है। सांसद ने इस मामले में रांची डीसी और एसडीओ की भूमिका पर भी सवाल उठाए और कहा कि सरकार के इशारे पर उन्होंने गलत जगह पर हैलीपैड निर्माण की सहमति दी है। कहा कि सरकारें आती जाती रहती हैं पर अफसरों को भ्रष्टाचार में शामिल नहीं होना चाहिए। ऐसे कई उदाहरण हैं, जिसमें अफसरों को ऐसा करने पर खामियाजा भुगतना पड़ा है।

### पीएम मोदी के होने वाले झारखंड दौरे पर झामुमो ने कसा तंज, कहा

## वन अधिकार में बदलाव कर कॉरपोरेट को जगह देने की तैयारी कर रही बीजेपी

**सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा प्रधानमंत्री मोदी के हेट स्पीच मामले में चुनाव आयोग खामोश क्यों**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में एक प्रेस कांफ्रेंस कर चुनाव आयोग की कार्यशैली पर सवाल उठाया। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के हेट स्पीच के मामले में कार्रवाई करने में चुनाव आयोग इतना खामोश क्यों है। झारखंड में प्रधानमंत्री मोदी का दौरा होने को है। प्रधानमंत्री के होने वाले दौरे पर झामुमो ने जम कर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के झारखंड आने की जानकारी मिली है अच्छी बात है, लेकिन प्रधानमंत्री को आदिवासी सरना कोर्ड सहित आदिवासी अस्मिता के मुद्दा पर उन्हें बताना चाहिये कि उनका इन मुद्दों पर स्टैंड क्या है।

सुप्रियो ने कहा कि सरना धर्म कोड पर उन्हें अपनी बात रखनी चाहिये। प्रधानमंत्री मोदी हिन्दू मुस्लिम की खूब बात कह रहे हैं जिसे जनता सब समझ रही है। उन्होनें कहा कि देश के राष्ट्रपति को खड़ा रखकर खुद बैठ जाना क्या ये आदिवासी अस्मिता का सवाल नहीं है। सारंडा में जो वन अधिकार वहां के आदिवासियों का है, उनको क्यों बदला है और कॉरपोरेट को जगह देने की क्या जरूरत थी। उन्होंने कहा है की मुझे लगता है झारखंड के खनिज पर उनकी नजर है। सारंडा में अडाणी को लाने के लिए सारी तैयारी की जा रही है। कोल एक्ट के साथ छेड़छाड़ क्यों किया जा रहा है। जबकि ऐसा होने पर पर्यावरण पर बुरा असर पड़ेगा। उस क्षेत्र को असंतुलित करने के लिए ये साजिश की जा रही है ताकि बाहरी व्यक्ति को इंट्री किया जा सके। ग्राम सभा को समाप्त कर आदिवासियों के अधिकार को हनन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम को बताना होगा 10 सालों में एचइसी क्यों बर्बाद हुआ है।

## एक बार फिर अर्जुन मुंडा की राजनीतिक प्रतिष्ठा दांव पर, तमाड़ और खरसांवा की जनता ने दिलायी थी जीत

# खूंटी में अर्जुन का दौड़ेगा विजय रथ या काली की आंधी में थमेगा!

**कुबेर सिंह**

**रांची।** वर्ष 2024 में खूंटी लोकसभा सीट हॉट सीट बनकर उभरी है। 14 लोकसभा सीट में जहां-जहां हॉट सीट है और बीजेपी समेत इंडी गठबंधन में चुनावी टक्कर है, उनमें से खूंटी को हॉट सीट माना जा रहा है। राजनीतिक विशेलषकों का मानना है कि भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के लिए लोकसभा चुनाव उनके राजनीतिक जीवन-मरण से जुड़ गया है। वे झारखंड की खूंटी लोकसभा सीट से दूसरी बार चुनाव मैदान में हैं।

भाजपा ने दूसरी बार अर्जुन मुंडा को खूंटी का उम्मीदवार बनाकर भरोसा जताया है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में अर्जुन मुंडा को कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण से कड़ी टक्कर मिली थी। अर्जुन मुंडा महज 1,445 वोटों के अंतर से चुनाव जीते थे। 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के कालीचरण मुंडा से उनका मुकाबला है। वर्तमान में कृषि और जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा झारखंड में तीन बार मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं। ऐसे में अर्जुन मुंडा की राजनीतिक प्रतिष्ठा पर एक दांव लग चुका है।

### दयामनी के कांग्रेस में होने से काली को लाभ

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि कांग्रेस में दयामनी बरला के शामिल होने के बाद तोरपा, खूंटी, कोलेबिरा से कांग्रेस के वोटों में बढ़ोतरी होगी। वहीं झारखंड पार्टी (एनोस) के उम्मीदवार ईसाई मतों का कितना विभाजन करा पाते हैं, इस पर भी अर्जुन मुंडा की हार-जीत टिकी हुई है।

### कालीचरण को नीलकंठ के समर्थकों का साथ

राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक, खूंटी सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा के समर्थकों का साथ मिल रहा है। ये वे समर्थक हैं, जो नीलकंठ के काफी करीबी बताये जाते हैं, मगर ये लोग भाजपा के कार्यकर्ता नहीं हैं। इनका समर्थन मिलना कालीचरण के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।



### कालीचरण को चार विस क्षेत्रों में मिली थी बढ़त

कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को तोरपा विस में करीब 23 हजार, खूंटी में 22 हजार, सिमडेगा में पांच हजार और कोलेबिरा में 25 हजार मतों से बढ़त मिली थी। इस तरह से इन चार विधानसभा क्षेत्रों में लगभग 75 हजार वोट से कालीचरण मुंडा आगे थे, लेकिन अर्जुन मुंडा ने खरसावां और तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में जो 76,500 मतों की बढ़त बनायी, यही बढ़त डेढ़ हजार वोटों से उनकी जीत में निर्णायक साबित हुई थी।

### तमाड़ और खरसांवा ने अर्जुन को दिलायी थी जीत

2019 को लोकसभा चुनाव में खूंटी लोकसभा क्षेत्र के चार विधानसभा तोरपा, खूंटी, सिमडेगा और कोलेबिरा में पिछड़ने के बाद खरसावां और तमाड़ ने उनकी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। तमाड़ विधानसभा में जहां अर्जुन मुंडा 42 हजार से अधिक मतों के अंतर से बढ़त बनायी, वहीं खरसावां में भी उन्होंने करीब 34 हजार मतों से बढ़त ली।

### कई मायनों में अलग है 2024 का चुनाव

तमाड़ जैसे इलाके में कुड़मी/कुर्मी को आदिवासी में शामिल नहीं किये जाने को लेकर अर्जन मुंडा को कुर्मी वोटरों की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है। दूसरी ओर खूंटी इलाके के मतदाता मुंडा के कामकाज का भी आकलन कर रही है। लोकसभा चुनाव की घोषणा के ठीक पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरी थी। राहुल गांधी खूंटी आकर स्थानीय जनसंगठनों के प्रतिनिधियों से मिले थे। राहुल ने पत्थलगड़ी, लैंड बैंक जैसे मामले में राज्य सरकार को पत्र लिखकर इन्हें हल करने की बात कही थी। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को लेकर लोस क्षेत्र के चार विधानसभा खूंटी, तोरपा, कोलेबिरा, सिमडेगा विधानसभा में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता सक्रियता से काम कर रहे हैं।

स्पीड न्यूज

## शादी का झांसा देकर यौन शोषण, मामला दर्ज

**जमशेदपुर।** मानगो डिमना बस्ती निवासी एक युवती ने हरि मंदिर डिमना बस्ती निवासी राहुल गुप्ता पर शादी का झांसा देकर वर्ष 2018 से यौन शोषण करने का मामला उलीडीह थाने में दर्ज कराया है। मामला दर्ज कर पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कोशिश में लग गई है। युवती का आरोप है कि राहुल गुप्ता 27 अप्रैल 2018 से उसका यौन शोषण कर रहा है जबकि अंतिम बार उसने 27 अप्रैल 2024 को यौन संबंध बनाया।

## जेम्को कंपनी के खाली क्वार्टर की दीवार गिरी

**जमशेदपुर।** टेल्को थाना क्षेत्र के जेम्को में कंपनी की खाली क्वार्टर की दीवार गिरने से रविवार को एक बच्ची घायल हो गयी। घटना के बाद बच्ची को ईलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घटना से बस्ती के लोगों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। जुस्को की ओर से जेम्को की क्वार्टरों को ठीक से नहीं तोड़े जाने के कारण रविवार को लोग वहां से ईंट और रॉड की चोरी कर रहे थे। इस बीच ही एक बच्ची पर पूरी दीवार गिर गयी।

## गोराई कुलु समाज के चुनाव में अध्यक्ष पद पर करण गोराई जीते

**जमशेदपुर।** गोराई (तेली) कुलु समाज कल्याण केंद्रीय समिति के 5 वर्षों का कार्यकाल पूरा होने के उपरांत आज रविवार को नयी कमिटी का चुनाव कराया गया। उक्त चुनाव रविवार को सुबह 10 से शाम के 4 बजे तक शांतिपूर्वक सम्पन्न कराया गया और इसी दिन मतगणना के बाद शाम 6 बजे विजयी प्रत्यासियों की घोषणा की गयी। उक्त चुनाव समाज के स्थायी कार्यालय चेनाब रोड स्थित विवेकानंद स्कूल, दुर्गा बाड़ी के समीप स्थित स्थाई कार्यालय में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई।

## न्यायालय ने भूमि के स्वामी को जमीन पर कब्जा दिलाया

**गम्हरिया।** व्यवहार न्यायालय सरायकेला की ओर से वाद संख्या 17/2022 के मामले में देनदार सुकुरमनी नायक, सरस्वती नायक, इंदु नायक, अर्जुन नायक और भीम नायक, पिता- स्व चमरू नायक की उपस्थिति में बतौर दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त व्यवहार न्यायालय के नाजिर द्वारा भारी संख्या में पुलिस बलों के साथ दोनों पक्षो के भूमि सम्बन्धी कागजातों की जांच कर जमीन को खाली करा कर भूमि के स्वामी राजू चौधरी को कब्जा दिला दिया गया। इस दौरान उक्त भूमि पर मकान बनाकर रह रहे उपरोक्त व्यक्तियों का सामान भी बाहर कर उन मकानों को भी खाली कराया।

## आज राजनगर में गीता कोड़ा के समर्थन में करेंगे जनसभा बाबूलाल

**जमशेदपुर।** 29 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी जी सराईकेला विधानसभा अन्तर्गत राजनगर दुर्गा पूजा मैदान में पूर्वाहन 11 बजे भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी गीता कोड़ा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। पार्टी ने तमाम कार्यकर्ताओं से जनसभा को सफल बनाने की अपील की है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी हेमंत कुमार केशरी ने दी है।

## क्रीड़ा भारती का समर कैंप 12 से, 5-13 वर्ष के बच्चे ले सकेंगे भाग

**जमशेदपुर।** क्रीड़ा भारती, जमशेदपुर महानगर के अध्यक्ष शिवशंकर सिंह के अध्यक्षता में 5 से 13 साल के बालक और बालिकाओं के लिए ग्रीष्म शिविर (समर कैंप) का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। ग्रीष्म शिविर 12 मई से 26 मई तक चलेगी जिसमे बॉक्सिंग, कबड्डी, मार्शल आर्ट, वॉलीबॉल, खो-खो, क्रिकेट, फुटबॉल, बास्केटबॉल, तीरंदाजी तथा बेडमिंटन का खेल होगा और इन खेलों के बारीकियों के बारे में बताया जायेगा। ग्रीष्म शिविर प्रत्येक दिन सुबह 05:30 बजे से 07:30 बजे तक दो घंटे के लिए केबल क्लब क्रिकेट मैदान में होगा। सभी खेलो के बारीकियों को बताने के लिए जमशेदपुर महानगर के खेल के प्रशिक्षक का सहयोग प्राप्त होगा।

# टाटा स्टील की आयरन ओर माइंस ने एमईएमसी सप्ताह के अंतिम दिन 10 पुरस्कार जीते

- नोआमुंडी आयरन माइन को ए-1 माइंस ग्रुप में समग्र प्रदर्शन श्रेणी में विजेता घोषित किया गया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/जमशेदपुर।** झारखंड में टाटा स्टील की नोआमुंडी आयरन माइन और विजया-क्क आयरन माइन ने शनिवार को रांची में भारतीय खान ब्यूरो (आईबीएम), रांची क्षेत्र के तत्वावधान में आयोजित 30वें खान पर्यावरण और खनिज संरक्षण (टएटउ) सप्ताह, 2022-23 के अंतिम दिन के कार्यक्रम में 10 पुरस्कार जीते हैं।

नोआमुंडी आयरन माइन को अ-1 ग्रुप ऑफ माइंस में समग्र प्रदर्शन श्रेणी में विजेता घोषित किया गया। इसी तरह, माइंस को इसी समूह में तीन अन्य श्रेणियों- खनिज संरक्षण, माइंस बेनिफिसिएशन और सतत विकास में विजेता घोषित किया गया।

इसके अलावा, अ-1 ग्रुप के तहत वनीकरण और पुनर्ग्रहण एवं पुनर्वास श्रेणी में उपविजेता का पुरस्कार नोआमुंडी आयरन माइन को प्रदान किए गए।

इसी तरह, विजया- आयरन माइन को व्यवस्थित और वैज्ञानिक खनन में विजेता घोषित किया गया और दो श्रेणियों- वेस्ट डंप मैनेजमेंट और प्रचार तथा प्रसार में ए-1 समूह में उपविजेता घोषित किया गया।

टाटा स्टील ने स्टॉल डिस्प्ले में प्रथम पुरस्कार जीता, जिसे खदानों और पर्यावरण के संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने के लिए इस अवसर पर लगाया गया था।




विजेता टाटा स्टील की टीम।

टाटा स्टील के अधिकारियों ने आईबीएम के पूर्वी क्षेत्र के खान नियंत्रक शैलेंद्र कुमार से पुरस्कार प्राप्त किए, जो इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न श्रेणियों के तहत कुल 75 पुरस्कार दिए गए, जिसमें राज्य भर की 31 माइंस ने भाग लिया।

इस अवसर पर आईबीएम के रांची क्षेत्र के क्षेत्रीय खान नियंत्रक सलिल संदीप कुजूर, हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के निदेशक संजीव कुमार सिंह, टाटा स्टील के जेनरल मैनेजर (ओएमक्यू) अतुल कुमार भटनागर, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के गुआ आयरन माइन के चीफ जेनरल मैनेजर (सीजीएम) कमल भास्कर, सेल के किरीबुरू आयरन माइन के सीजीएम कमलेश राय, हिंडाल्को के जेनरल मैनेजर आरआर अंबष्ठ, हिंडाल्को के जेनरल मैनेजर बासुदेव गंगोपाध्याय, टाटा स्टील के नोआमुंडी आयरन माइन के चीफ डी विजयेंद्र और राज्य भर की विभिन्न खदानों के अधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित थे।

टाटा स्टील दुनिया भर में फैले अपने परिचालन के माध्यम से सस्टेनेबल माइनिंग सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उच्चतम अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार प्रमाणित, कंपनी उन्नत प्रौद्योगिकियों के माध्यम से रॉ मटेरियल की दक्षता और संरक्षण सुनिश्चित करती है।

# समीर महंती को हल्के में लेने वाले मुंह की खायेंगे : चंपई

- जमशेदपुर समेत राज्य की सभी 14 सीटों पर इंडी गठबंधन की जीत तय : सीएम
- सीएम चंपई सोरेन ने टाउन हॉल में बूथ कमेटियों संग की बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने आज कहा कि जमशेदपुर लोकसभा सीट समेत झारखंड की सभी 14 सीटों पर इंडि गठबंधन की जीत होगी। विधानसभा की तर्ज पर लोकसभा सीटों पर भी भाजपा का सफाया होगा। उन्होंने भाजपा को चेताया कि जमशेदपुर सीट पर हमारे प्रत्याशी समीर महंती को हल्के में लेने की भूल नहीं करें। वे कार्यकर्ताओं एवं सहयोगी दलों की मदद से भाजपा को बुरी तरह हराने जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री आज दोपहर टाउन हॉल सिदगोड़ा में झामुमो बूथ कमेटी की बैठक को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से रुबरु थे। पत्रकारों ने जब पूछा कि भाजपा के दो टर्म के सांसद के सामने झामुमो एवं इंडि प्रत्याशी समीर महंती को बहुत कमजोर आंका जा रहा है? मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी को याद रखना चाहिए कि विधानसभा चुनाव में जब झामुमो ने जुगसलाई सीट पर एक बेघर कार्यकर्ता मंगल कालिंदी को टिकट दिया तो उन्हें कमजोर प्रत्याशी माना गया। किन्तु मंगल की छवि और कार्यकर्ताओं की मेहनत से वे आज लोकप्रिय विधायक हैं। उसी तरह समीर महंती भले ही भाजपा प्रत्याशी की तरह संसाधन संपन्न नहीं है किन्तु चुनाव कार्यकर्ताओं के उत्साह,मेहनत और समपर्ण से जीता जाता है। खुशी की बात है कि तमाम इंडि गठबंधन वाली पार्टियों पूरी इमानदारी से साथ दे रही हैं इसलिए समीर की जीत तय है।

इसके पूर्व मुख्यमंत्री ने बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड सरकार की उपलब्धियों और केंद्र सरकार की विफलताओं को जनता तक पहुंचाये। हर बूथ पर लीड लेना है और इंडि सह झामुमो प्रत्याशी समीर महंती को विजयी बनाने में जुट जाएं। जनता के बीच हमारे साथ माहौल है, जीत हमारी होगी।




जमशेदपुर के प्रत्याशी समीर महंती को हाथ उठवा कर जीत का आशीर्वाद देते मुख्यमंत्री चंपई सोरेन।

## बस और स्विफ्ट कार में सीधी टक्कर, एक की मौत दो गंभीर

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**पोटका।** पोटका थाना क्षेत्र के हाता टाटा मुख्य मार्ग पर टेटला मोड़ के समीप पुरुषोत्तम सवारी बस तथा स्विफ्ट कार में भीषण टक्कर हो गया जिसमे ऑन स्पॉट एक महिला की मृत्यु हो गई तथा दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। एक की हालत चिंताजनक है। बताया जाता है की घटना लगभग दो बजे दिन की है। चाईबासा की ओर से बोकारो-चाईबासा पुरुषोत्तम एक्सप्रेस बस टाटा जा रही थी। विपरीत दिशा से एक स्विफ्ट कार (ओ डी ओ 2बी एल 3402) आ रही थी। टेटला मोड़ के समीप दोनो में भीषण टक्कर हो गयी। जिसमे स्विफ्ट कार के परखच्चे उड़ गए। वही कार में सवार तीन में से एक व्यक्ति की कार में ही दबकर मृत्यु हो गई। दो व्यक्तियों को ग्रामीणों की सहायता से कार से निकालकर सदर अस्पताल भेजा गया। सूत्रों के अनुसार तीनो जमशेदपुर गोविंदपुर के रहने वाले है। वे ओडिशा के क्योझर जा रहे थे। रिश्ते में जीजा साला थे। दोनो की हालत गंभीर है। बहन की मौत हो गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी समीर तिर्की घटना स्थल पर पहुंचे तथा आवश्यक कार्रवाई की।



## खूंटी लोकसभा क्षेत्र पीएम मोदी के दिल के बेहद करीब है : अर्जुन मुंडा

- केंद्रीय मंत्री ने अपने संसदीय क्षेत्र खूंटी में चला रहे जन संपर्क अभियान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**खूंटी/जमशेदपुर।** केंद्रीय मंत्री एवं खूंटी लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने रविवार को खूंटी विधानसभा के मुरहू प्रखंड में जनसंपर्क अभियान के माध्यम से ग्रामीणों से संवाद किया। अपने संबोधन में उन्होंने पिछले दस सालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुए कार्यों से ग्रामीणों को रूबरू कराया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है और एक सशक्त नेतृत्व के कारण ही भारत का पूरी दुनिया में नाम हो रहा है। श्री मुंडा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आज मोदी जी ने जो काम किया,वह सब के सामने है। चाहे महिला हों, चाहे युवा हो, व्यापारी वर्ग हो, गरीब हो या किसान हो, सबका सम्मान करते हुए मोदी सरकार ने काम किया है। ऐसे सरकार को हमें फिर से केंद्र की सत्ता में लाना है, जो सबके हक की चिंता करती हो। श्री मुंडा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि खूंटी लोकसभा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिल के करीब है। उन्होंने पिछले साल भगवान बिरसा मुंडा की धरती पर आकर उनके जन्मदिन के अवसर पर माटी का तिलक लगाकर यहां से दो बड़ी योजना विकसित भारत और पीएम-जनमन का शुभारम्भ किया था। यह हम सबके लिए गर्व का पल है।



## शुरू हुआ बादशाह अब्दुर्रहीम रह. उर्फ चुनाशाह बाबा का 55वां उर्स

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** हजरत बादशाह अब्दुर्रहीम रह. उर्फ चुनाशाह बाबा का 55वां सालाना उर्स शरीफ बिष्टुपुर स्थित दरगाह में रविवार को सुबह 8 बजे कुरान ख्वानी के साथ शुरू हो गया है। इस अवसर पर दरगाह कमेटी के गद्दी नशी ताज अहमद, अध्यक्ष हाजी अब्दुल लतीफ, उपाध्यक्ष मो नेयाज खान, महासचिव हाजी एस.एम. कुतबुद्दीन, संयुक्त सचिव डॉ जिया अहमद, कोषाध्यक्ष अब्दुल वहाब अंसारी- उप कोषाध्यक्ष हाजी मो वसी के अलावा मदरसा फैज उल उलूम धातकीडीह, कुरान एकेडमी कपाली, जियाइया दारुल किरात आजादनगर के बच्चे, बिष्टुपुर मस्जिद के पूर्व खतीब इमाम मौलाना हफीजुद्दीन, बिष्टुपुर मस्जिद के खतीब इमाम मौलाना मोहम्मद इजहार अहमद, मौलाना मोहम्मद कलीम कैंसर, हाफिज इबरार अहमद आदि मुख्य रूप से शामिल हुए और कुरान पाक की तिलावत कर फातिहा पढ़ा गया।

वहीं सुबह से ही जमशेदपुर के अलावा झारखंड, उड़ीसा, बंगाल और बिहार से अकीदतमंदों का उर्स में शामिल होने के लिए आना शुरू हो गया। चुनाशाह बाबा के दरगाह पर दूर दूर से जायरीन अपनी मुराद लेकर आते है और दरगाह पर चादर पेश करते हैं।

## नीमडीह पुलिस की तत्परता से बच गयी प्रेमी की जान

- हत्या की नीयत से प्रेमी का अपहरण कर ले जाते पांच परिजनों को पुलिस ने जेल भेजा

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**चांडिल।** नीमडीह थाना क्षेत्र के लावा गांव के रहने वाले 33 वर्षीय युवक आनंद महतो का अपहरण करने के बाद उसकी हत्या कर जंगल में फेंकने की योजना बनाई थी। किन्तु पुलिस की तत्परता से न सिर्फ युवक को सकुशल बरामद कर लिया गया बल्कि इस मामले में शामिल 5 व्यक्तियों को गिरफ्तार भी कर लिया गया। नीमडीह थाना प्रभारी तंजील खान ने बताया कि चांडिल थाना के भुईयाडीह निवासी एक युवती का नीमड़ीह थाना क्षेत्र के लावा गांव निवासी आनंद महतो के साथ प्रेम प्रसंग था। युवती के परिजनों को यह रिश्ता मंजूर नहीं था,परिजनों ने युवक के अपहरण कर हत्या किए जाने के योजना को बनाया था। पुलिस की सक्रियता से आनंद महतो की जान बच गई। थाना प्रभारी ने बताया कि भूइंयाडीह निवासी स्व मेघनाथ महतो की बेटी लावा निवासी शादीशुदा आनंद महतो से प्रेम करती थी।

## मोदी की योजनाओं से गरीबों-आदिवासियों को लाभ : कर्मवीर सिंह

- प्रदेश संगठन मंत्री ने गीता कोड़ा के पक्ष में की चुनाव संचालन समिति की बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जगन्नाथपुर चुनावी कार्यालय में जगगनाथपुर विधानसभा स्तरीय कोर कमिटी संचालन समिति की बैठक में सिंहभूम लोकसभा दौरे में आये प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष बड़कुंवर गागराई, जिला अध्यक्ष संजय पांडे के साथ शामिल हुए जहां उनका जोरदार स्वागत कार्यकर्ताओं ने किया। बैठक में कर्मवीर सिंह ने संचालन समिति के सदस्यों से शक्ति केंद्रों, बूथ कमिटियों, मंडल कार्यालयों खुलवाने पर समीक्षा किये। कर्मवीर सिंह ने कहा कि गरीबों के जन कल्याणकारी योजनाएं के साथ आदिवासियों के जीवन के विकास उनके सम्मान पर मोदीजी ने अनेक कार्य किया, ये ही कार्य भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी गीता कोड़ा को जीत दिलायेगी जिससे भारतीय जनता पार्टी गठबंधन करेगी 400 पार।

बड़कुंवर गागराई नेकहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के राज में सारंडा के जंगल उजड रहें है, बंद खदानों से लिहा पत्थर की चोरी खुले आम हो रही है,सबसे ज्यादा बालू की धड़ल्ले से चोरी इंडि प्रत्याशी के विधान सभा, मंत्री, मुख्यमंत्री के विधानसभाओं के नदियों से हो रही है, जिसमें केवल गरीब आदिवासी के ट्रैक्टरों को फंसा कर जब्त किया जा रहा है, जिले के विकास। के लिए मोदीजी के बनाये गए डीएमएफटी फंड का दुरुपयोग किया जा रहा है, केंद्र में सरकार बनते ही इसकी सघन जांच करवाई जायगी। 4 लाख बेरोजगारों को रोजगार, कांट्रेक्ट मास्टरों को परमानेंट करने, 2 लाख तक कृषि लोन माफ करने जैसे झूठे वादे कर वोट लेने वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा केवल आदिवासियों मूलवासियों को ठग कर इस्तेमाल ही कर रही है, पिछड़ों के 27 प्रतिशत आरक्षण को इन्होंने लटका के रखा है और केवल झूठी बयानबाजी करते हैं, इनके पास वोट मांगने का कोई मुद्दा ही नही है। बैठक में प्रभारी दिनेश चंद्र नंदी, संयोजक शम्भू हाजरा, सह संयोजक धीरज सिंह, शाहू पूर्ति, बिपिन पूर्ति आदि थे।




बैठक को संबोधित करते कर्मवीर सिंह।

## एक नजर में

### मायुमं ने किया वाटर ऑन ह्वील अमृतधारा लांच




**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच (मायुमं) स्टील सिटी शाखा के द्वारा आज दिनांक 28.4.24 दिन रविवार सुबह 11 बजे वाटर ऑन व्हील (चलित शीतल जल)अमृत धारा का उद्घाटन किया गया।यह कार्यक्रम काशीडीह स्थित श्रेष्ठम के समीप से किया गया। समाज सेवी अशोक चौधरी ने नारियल फोड़ के फीता काँटा और हरी झंडी दिखा के इसका उद्घाटन किया। मंच के अध्यक्ष द्वारा अशोक चौधरी को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। श्री अशोक चौधरी जी इस समाज सेवा कार्य के लिए मंच को बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी कि इसी तरह मंच आगे भी समाज के लिए इस तरीके का सेवाभाव कार्य करती रहे। इस कार्यक्रम में मंच के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, सचिव आलोक अग्रवाल, अमृत धारा संयोजक नवनीत बंसल, अजय चेतानी, अभिषेक अग्रवाल (गोल्डी), मनीष चौधरी, अनिमेष छापोलिया, अंकित मुनका, रिश्व चेतानी, अंशुल रिंगसिया, निलय अग्रवाल, नितिन अग्रवाल उपस्थित थे।

### रिक्शा चालकों के बीच टोपी व कोल्ड्रिंक्स वितरित



**जमशेदपुर।** अमिय चरण खुटिया सेवा संस्थान के कार्यकर्ताओं ने साकची गोलचक्कर के समीप रविवार को दर्जनों की संख्या में मौजूद रिक्शा चालाकों के बीच भीषण गर्मी में सभी को टोपी एवं कोल्ड्रिंग्स बितरण कर मानवता का परिचय दिया। मौके पर संस्था के अध्यक्ष बबलू खुटिया एवं उपाध्यक्ष जोगेन्दर सिंह राठौर ने कहा कि संस्था सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेती है और दीन दुखियों तथा बंचित लोगों को विकास के मुख्य धारा से जोड़ने का काम करती है, ताकि उनके जीवन स्तर को उपर उठाया जा सके। वहीं संस्था के महासचिव संतोष दास एवं संस्था के सलाहकार सुनील मांझी ने कहा कि संस्था द्वारा जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर उनके अधिकार दिलाने में मदद करती है। मौके पर अध्यक्ष बबलू खुटिया, वरिय उपाध्यक्ष जोगेन्द्र सिंह राठोर, महासचिव संतोष कुमार दास, कोषाध्यक्ष सरत कुमार राउत, सलाकार सुनील मांझी, रजनी दास, संजय दास, सचिन ठकर, बादल भाई आदि थे।

### विश्व जन सेवा ट्रस्ट ने जसकंडी में स्वास्थ्य चलाया जागरूकता कार्यक्रम



**जमशेदपुर।** विश्व जन सेवा ट्रस्ट व डॉ मनीष झा ने जसकंडी में महिलाओ और बच्चों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम किया। महिलाओं को बताया कि बच्चों का स्वास्थ्य एवं बच्चों के साथ माताएं अपने स्वास्थ्य को कैसे अच्छा रख सके। आयरन, कैल्शियम, विटामिन ए और आयोडीन युक्त भोजन हमारे शरीर के लिए कितना जरूरी है इसपर चर्चा हुई। बताया गया किस भोजन से कितना आयरन कैल्शियम और विटामिन मिलता है। ज्यादातर महिलाएं और बच्चे मे आयरन, कैल्शियम और विटामिन ए के कमी होती है जिससे बहुत सारी शारीरिक समस्याएं होती है कम खर्चे में कैसे हम लोग उन्नत भोजन कर सकें इस पर चर्चा हुई। अंत में संस्था ने महिलाओं को हॉर्लिक्स दिया।

### एसएमबी फाउंडेशन ने की गौ सेवा



**जमशेदपुर।** शहर की स्वयंसेवी संस्था एसएमबी फाउंडेशन ट्रस्ट के सौजन्य से 28 अप्रैल को सुबह 8 बजे जुगसलाई स्थित टाटानगर गौशाला में गौसेवा का आयोजन किया गया। मौके पर ट्रस्ट द्वारा टाटानगर गौशाला को उपस्थित गायों के लिए हरी साग, चोकर, गुड़ एवं अन्य भोजन सामग्री दानस्वरूप दी गयी। ज्ञात हो कि एसएमबी फाउंडेशन के द्वारा विगत 2 वर्षों से समय-समय पर रक्तदान शिविर, चिकत्सकीय वित्त मदद, अन्न दान, वस्त्र दान एवं होनहार छात्रों के पढाई के खर्च, सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के लिए विभिन्न सेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। अनुष्ठान में कौशिक घोष, जहर लाल अधरजी, दुर्गा घोष, प्रकाश मुखर्जी, शौभिक घोष चौधरी, रंजना मुखर्जी, अशोक कुमार सिंह, मनोज भगत के साथ साथ संस्था सक्रिय सदस्यों का सहयोग रहा।

### अमल संघ, सिदगोड़ा में 82 यूनिट रक्त संग्रह



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में रक्त के भीषण संकट को देखते हुए रविवार सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक अमल संघ, सिदगोड़ा ने एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर को जमशेदपुर ब्लड सेंटर, प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन, सुधा डेयरी तथा साधन टेन्ट हाउस ने सहयोग प्रदान किया। बीते कई दिनों से जमशेदपुर में भीषण गर्मी के बावजूद अमल संघ के शिविर में कुल 82 रक्तवीरों ने अपना बहुमूल्य रक्त दान कर एक मिशाल कायम किया है। विशेष कर महिला रक्तदाता तापती सरकार, उपासना सरकार को संघ ने सम्मानित किया। इसे सफल बनाने में विश्वनाथ गुप्ता, आलोक दत्ता, मनोरंजन सरकार, संतोष पात्रा, तरूण विश्वास, रंजन बैनर्जी, सुभम, ज्ञानेंद्र मालाकार, बादल पात्रा, बप्पादित्य पाल, प्रबीर दास, सुखदेव सरकार, खोकना दा जुटे हैं।

## स्पीड न्यूज

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत



**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर -औरंगाबाद मुख्य पथ पर नावा बाजार थाना क्षेत्र के पड़वा मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में घायल युवक प्रीतम जायसवाल की मौत हो गयी। वह नावा बाजार के स्व अशोक जायसवाल का पुत्र था। 26 अप्रैल की रात वह मेदिनीनगर से अपने घर नावा बाजार जा रहा था, इसी दौरान पड़वा मोड़ के पास एक वाहन से टक्कर हो गया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जून में उसकी शादी लातेहार में होनी थी।

### सुनील कुमार और लव कुश नहीं हैं भाजपा कार्यकर्ता : सोमेश सिंह



**मेदिनीनगर।** झामुमो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सुनील कुमार एवं लव कुश कुमार के नेतृत्व में कई भाजपा नेताओं के झामुमो में शामिल होने की बात कही है, जो बिल्कुल गलत है। सुनील और लवकुश न तो भाजपा के सदस्य हैं न ही कोई पदधारी। भाजपा पलामू लोकसभा के सोशल मीडिया संयोजक सोमेश सिंह ने कहा कि मैं इस बात का पूरी तरह से खंडन करता हूं और भाजपा की तरफ से बयान जारी करता हूं कि सुनील कुमार एवं लवकुश कुमार का भारतीय जनता पार्टी से किसी तरह का कोई संबंध नहीं है।

### जिला स्कूल के पास टंकी का मेन चाबी खराब



**मेदिनीनगर।** जिला स्कूल के पास के टंकी का मेन चाबी खराब होने से दो दिनों से पेयजलापूर्ति ठप हो गया है। भीषण गर्मी में शहर वासियों को पानी नहीं मिलने से परेशानी झेलनी पड़ रही है। शहर के कई मुहल्लों में चापाकल खराब है। चापाकल मरम्मत के लिए पीएचईडी व नगर निगम कोई कदम नहीं उठा रहे हैं। पानी आपूर्ति नहीं होने से शहरवासियों में पीएचईडी के प्रति आक्रोश व्याप्त है। शहर का लाइफ लाइन कोयल नदी भी सूख गयी है। इस कारण लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।

### इंडिया गठबंधन ने जनता से किया एक भी वादा पूरा नहीं किया : सतीश कुमार



**मेदिनीनगर।** पिछले विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र में इंडिया गठबंधन के सभी दल ने कहा था कि हमारी सरकार झारखंड में बनेगी तो ये करेंगे वो करेंगे। आज जनता सवाल कर रही है कि पांच साल के कार्यकाल में आपने क्या किया? सरकार बनने के बाद पलामू को झारखंड की उप राजधानी बनायेंगे, बना क्या? झारखंड में रोजगार के लिए उद्योग व कारखाने लगेंगे, कहीं कुछ लगा क्या? झारखंड की बड़ी आबादी पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देंगे, दिया क्या? आजसू पार्टी के पलामू लोकसभा प्रभारी सतीश कुमार ने कहा कि इंडिया गठबंधन ने जनता से किये वादा में से एक भी वादा पूरा नहीं किया। कहा कि 1932 खतियान आधारित स्थानीय व नियोजन नीति नहीं बनी। शिक्षित बेरोजगार को 5-7 हजार बेरोजगारी भत्ता भी नहीं दिया गया। घरेलू महिलाओं को चूल्हा भत्ता, योजना चालू नहीं किया गया।

### मई के पहले हफ्ते में पलामू आयेंगे पीएम !

**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मई के प्रथम सप्ताह का पलामू में आने की संभावना बढ़ गयी है। इसे लेकर भाजपा के प्रदेशस्तरीय नेता एवं स्थानीय कार्यकर्ता तैयारी में लग चुके हैं। वहीं पीएम की जनसभा को लेकर सोमवार को एनएसजी की टीम पलामू पहुंच सकती है। जो उनके कार्यक्रम स्थल का जायजा लेकर सुरक्षा से अवगत होगा। वहीं दूसरी ओर भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री कर्मबीर सिंह पलामू पहुंचकर स्थिति का जायजा लेंगे। वैसे पार्टी कार्यकर्ताओं में यह चर्चा है कि प्रधानमंत्री चार या पांच मई को पलामू में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इसे लेकर भाजपा घटक दलों के साथ मिलकर तैयारी करना प्रारंभ कर दी है। 2014 के बाद पलामू में चौथी बार पीएम जनसभा को संबोधित करेंगे।

### धनबाद मंडल ने की मजिस्ट्रेट चेकिंग

**मेदिनीनगर।** मंडल रेल प्रबंधक के निर्देश पर धनबाद मंडल में विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें धनबाद स्टेशन पर मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में टिकट चेकिंग के साथ-साथ मंडल के विभिन्न खंडों में विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में गहन टिकट चेकिंग की गयी। इस दौरान की गई चेकिंग में 168 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था। इस विशेष चेकिंग अभियान के दौरान कुल 1564 यात्रियों को पकड़ा गया एवं उनसे 07 लाख 98 हजार 205 रुपये जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गयी।

### भीषण गर्मी को देख मारवाड़ी युवा मंच ने किया चार पनशाला का शुभारंभ




**मेदिनीनगर।** भीषण गर्मी को और बाजार क्षेत्र में पानी की किल्लत को देख हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मारवाड़ी युवा मंच ने अस्थायी पनशाला का शुभारंभ किया है। इसके तहत रविवार को बाजार क्षेत्र में चार पनशाला लगायी गयी, जिसमें एक धर्मशाला रोड डावर मोड़ के पास, दूसरा जय भवानी संघ चौक बेनी मंदिर के पास, तीसरा बसंत बहार रोड मुकेश उदयपुरी के प्रतिष्ठान के बाहर एवं चौथा कन्नीराम मोड़ के पास लगा है। मारवाड़ी युवा मंच के अमृत धारा प्रभारी राहुल उदयपुरी, मुकेश उदयपुरी व अंकित तुलस्यान ने बताया कि डालटनगंज शहर में जहां भी पनशाला की आवश्यकता है पानी की किल्लत है वहां हमारा लक्ष्य है कुल 10 अस्थायी पनशाला अमृतधारा खोलने का। जिसमें चार की शुरुआत की गयी है। 2 से 3 दिनों में बस स्टैंड और तीनकोनिया गैरेज के पास पनशाला खोली जायेगी। जरूरत पड़ने पर शहर के अन्य क्षेत्रों में भी पनशाला खोलकर प्रतिदिन शहर आ रहे लोगों को पानी पिलाकर प्यास बुझायी जायेगी।

# तीसरी बार मोदी के नेतृत्व में सशक्त सरकार बनाने में करें सहयोग : बीडी राम

- किशुनपुर हाई स्कूल के मैदान में हुई भारतीय जनता पार्टी की आम सभा
- मौका दीजिये करेंगे पलामू संसदीय क्षेत्र का समुचित विकास

**खबर मन्त्र संवाददाता**





मंच पर एकजुटता प्रदर्शित करते भाजपा नेता-समर्थक और कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसैलाब।

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के किशुनपुर हाई स्कुल के मैदान में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। हेलीकॉप्टर खराब होने से श्री मरांडी कार्यक्रम में भाग नहीं ले सके। कार्यक्रम का संचालन भाजपा पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने किया। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी बिष्णुदयाल राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा देश में सबका साथ सबका विकास किया गया है।

उन्होंने कहा कि आपलोग अपार मतों से भाजपा पार्टी प्रत्याशी को वोट करें तथा केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनायें। कहा कि तीसरी बार मोदी के नेतृत्व में सशक्त सरकार बनाने में सहयोग करें। पाटन क्षेत्र की जनता पलामू लोकसभा क्षेत्र के अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करेगी। पलामू लोकसभा क्षेत्र में विकास के कई कार्य किये गये हैं। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व भारत विश्व पटल पर बेहतर पहचान बनाया है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ सभी जाति, धर्म व वर्ग के लोगों को मिला है। जनता पलामू लोकसभा सहित देश के विकास के लिए भाजपा प्रत्याशी को मत देकर नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता अपने क्षेत्रों लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की उपलब्धियां गिनाते हुए अबकी बार 400 पार एवं फिर से मोदी सरकार का नारे लगाये। पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि भाजपा पार्टी गरीबों के लिए सभी तरह का विकास कर रही है। आपलोग किसी तरह के बहकावे नहीं आयें और भाजपा के प्रत्याशी के पक्ष में अपना मतदान करें। सभा को भाजपा के कई नेताओं ने संबोधित किया तथा भाजपा के पक्ष में मतदान करने की बात कही। हेलीकॉप्टर खराब हो जाने से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का प्रोग्राम स्थगित हो गया। जिससे लोगों में नाराजगी देखी गई। सभा स्थल पर कम भीड़ देखा गया। जहांसी मुखिया पति मुकेश सिंह ने अपने समर्थकों के साथ सभा में भाग लिया। किशुनपुर भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष चंदन दुबे ने लोगों को पेयजल मुहैया कराया।

**कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में पूर्व सांसद मनोज कुमार, भाजपा नेता प्रभात भुइयां, अरविंद सिंह, घुरन राम, श्याम नारायण दुबे, प्रेम सिंह, विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह, किशुनपुर मंडल युवा अध्यक्ष चंदन दुबे, अशोक तिवारी, भाजपा युवा अध्यक्ष ज्योति पाण्डेय, उपाध्यक्ष विनोद सिंह, विभाकर नारायण पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, भाजपा नेता उदय शुक्ला, वशिष्ट पाण्डेय, पशुपति शर्मा, कमलेश पाण्डेय, आनंद सिंह, उमेश सिंह, अविनाश देव, शुभम क्रांति, चंद्रकांत उपाध्याय, संतोष पाण्डेय, धिरेन्द्र उपाध्याय, प्रभारी विनय लाल ,मुखिया पति सह समाज सेवी मुकेश सिंह, पाटन प्रमुख शोभा देवी, किशुनपुर मुखिया सुमन गुप्ता, ईश्वरी पाण्डेय, गुडु सिंह एवं भाजपा नेत्री पुनम देवी, पिंकी विश्वकर्मा, नीलम देवी, अर्जुन तिवारी उपस्थित थे।

**हेलीकॉप्टर खराब होने के कारण आम सभा में नहीं आये बाबूलाल मरांडी :** पाटन प्रखंड के किशुनपुर हाई स्कूल के मैदान में भाजपा द्वारा आम सभा का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को कार्यक्रम में भाग लेने आना था लेकिन हेलीकॉप्टर खराब होने के कारण वे आमसभा में भाग नहीं ले पाये।

### सतबरवा में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक, गौतम सागर राणा बोले

# झारखंड के सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित है

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जनसंपर्क के दौरान एकजुट इंडी गठबंधन के नेता।

**सतबरवा पलामू।** राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पलामू संसदीय क्षेत्र इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ममता भुइयां के प्रभारी गौतम सागर राणा ने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में भारत की सभ्यता संस्कृति को बचाने के साथ-साथ संविधान और आरक्षण बचाने में मोदी के अंधभक्तों तथा देश भक्तों के बीच लड़ाई है। इस लड़ाई में हम सब को जाति, धर्म, समुदाय को भुलाकर साथ लड़ने की जरूरत है। उक्त बातें श्री राणा रविवार को सतबरवा में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के दौरान बोल रहे थे। श्री राणा ने कहा कि हिंदुस्तान में सदियों से गंगा जमुना की तहजीब चली आ रही है। भारत के एक ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने अपने भाषण में महिलाओं को अपमानित करने वाली बात कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र समेत झारखंड के सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित है। राणा ने कहा कि चुनाव आयोग को महिलाओं के अपमानित करने वाले भाषण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ संज्ञान लेने की जरूरत है ताकि लोकतंत्र की गरिमा बना रहे।

**ये रहे मौजूद :** मौके पर पूर्व राजद युवा के प्रदेश अध्यक्ष संजर नवाज, 20 सूत्री के प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार यादव, उप प्रमुख कामख्या नारायण यादव, राजद के प्रखंड अध्यक्ष मो. हदीस अंसारी, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद यादव, संजय यादव, मो. शाहनवाज खान, मनोज भुइयां, हारुन रसीद, दीपक चंद्रवंशी, राजेंद्र मेहता, अरविंद सिंह, योगेंद्र सिंह, योगेंद्र भुइयां, विजय चंद्रवंशी, विश्वनाथ राम घुरा, मो अनवर मो जमील समेत काफी संख्या में इंडिया गंठबंधन के लोग मौजूद थे।

# भाजपाइयों ने हुसैनाबाद विश्रामपुर छतरपुर विस क्षेत्र के दर्जनों गांवों में किया जनसंपर्क

**खबर मन्त्र संवाददाता**



भाजपा प्रत्याशी बीडी राम के पक्ष में मतदान की अपील करते लोग।

**हुसैनाबाद/ विश्रामपुर।** भाजपा झारखंड प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष सिमरिया विधायक किशन दास के नेतृत्व में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने हुसैनाबाद, बिश्रामपुर, छतरपुर विधानसभा के दर्जनों गांव सुपहा जमुआ झरगरा इमलिया टिकर हुसैनाबाद बिश्रामपुर के भलुही भंडार महागावा छतरपुर के खातिर खजूरी नदिया मदनपुर में जनसंपर्क अभियान चलाया।

श्री किसुन दास ने लोगों से अपील किया कि 13 मई को सभी लोग अपने-अपने बूथों पर जाकर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान जरूर करें। कहा कि नरेंद्र भाई मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाएं ताकि देश चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसर रहे और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र तीसरी आर्थिक महाशक्ति बन सके।

कहा कि पलामू लोकसभा से विष्णु दयाल राम प्रत्याशी है इन्हें कमल फूल छाप पर मुहर लगाकर आप भारी मतों से विजयी बनाये और नरेंद्र मोदी जी के हाथों को मजबूत कीजिये। जनसंपर्क अभियान में रंजन पासवान, प्रभात भुइयां, रामेश्वर उरांव उर्फ छतन पासवान, रविंद्र कुमार, कुमार गौरव, सतीश कुमार, रविंद्र यादव, सागर पासवान, कर्म पासवान, बबन राम, शिवकुमार भुइयां, सुरेंद्र राम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### निर्दलीय प्रत्याशी गणेश रवि ने किया जनसंपर्क



**मेदिनीनगर।** निर्दलीय प्रत्याशी गणेश रवि ने मेदिनीनगर में जनसंपर्क कर समाजसेवियों और जन संगठनों के प्रमुख साथियों से मिलकर पलामू लोकसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए अपने पक्ष में मतदान की अपील की। पलामू क्षेत्र में जन संगठन नागरिक संगठन और जनमुद्दों पर लड़ने वाले लोगों का सहयोग मिल रहा है। श्री रवि ने पलामू लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की है कि उन्हें समर्थन देकर लोकसभा में भेज कर पलामू लोकसभा का आवाज बनायें। उन्होंने कहा कि पारदर्शी तरीके से सब कुछ अब दिखने लगा है कि पॉलिटिक्स में क्या हो रहा है। यह सब मतदाता समझने लगी है। पैसे के बल पर राजनीति करने वाले लोगों को मतदाता लोकसभा चुनाव में बाहर का रास्ता दिखायेगी।

# हवन के साथ सात दिवसीय यज्ञ का हुआ समापन

- विभिन्न क्षेत्र से आमंत्रित विद्वानों को यज्ञ कमेटी ने सप्रेम भेंट के साथ की विदाई
- सेवा-समर्पण भाव से यज्ञ में नींबू शरबत व पानी की समुचित व्यवस्था कर रहे सर्वेश्वरी समूह के सदस्यों को यज्ञाचार्य ने किया अंग वस्त्र देकर सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



अंगवस्त्र के साथ सम्मानित सर्वेश्वरी समूह के सभी सदस्य।

**विश्रामपुर पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड के अटरिया गांव में आयोजित सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ समापन शनिवार को हुआ। जहां उत्तर प्रदेश के कई जगहों से आमंत्रित विद्वान पंडितों के द्वारा यज्ञ मंडप परिसर में वैदिक मंत्रोच्चारण व हवन के साथ संपन्न हुआ। साथ हीं गांव में नवनिर्मित विशाल व भव्य शिव मंदिर में शिवलिंग सहित आराध्य भगवान शंकर व मां पार्वती की प्रतिमा भी स्थापित की गई। जो आयोजित सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ के दिनों पूजा अर्चना के साथ आमजनों के लिए शुरू कर दिया गया। वहीं सर्वेश्वरी समूह की गुरी शाखा की ओर से यज्ञ के सातों दिन परिसर में पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई थी। जहां आने वाले लोगों को नींबू शरबत सहित पानी पिलाया जा रहा था। इस गर्मी में लोग जहां घरों में दुबके रहे वहीं सर्वेश्वरी समूह सेवाभाव के साथ गर्मी व लू की थपेड़ों में समर्पण के साथ सराहनीय कार्य किया गया।

**खास बातें :** सर्वेश्वरी समूह के सेवा भाव व समर्पण के साथ किये गये इस कार्य के लिए यज्ञाचार्य श्रीश्री 1008 स्वामी श्री उदय नारायणाचार्य श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज ने सभी सदस्यों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं यज्ञ संपन्न करने के लिए आमंत्रित विद्वान पंडितों को यज्ञ कमेटी ने विदाई स्वरूप सप्रेम भेंट कर सम्मानित किया। विदित हो कि पिछले दो महीना से आयोजित यज्ञ को लेकर गांव में यज्ञाचार्य श्री श्री 1008 स्वामी श्री उदय नारायणाचार्य श्री त्रिदंड स्वामी जी महाराज भगवत भजन व कथा वाचन कर रहे थे। रविवार 21 अप्रैल को जलयात्रा के साथ सात दिवसीय यज्ञ की शुरुआत की गयी थी। जहां प्रत्येक दिन प्रातः व दिवस काल में यज्ञाचार्य के साथ विद्वान पंडितों के द्वारा वेद मंत्रों के साथ पूजन कार्यक्रम होता रहा। वहीं दोपहर तीन बजे से देर रात तक प्रख्यात अलग-अलग क्षेत्रों से पधारे विद्वान प्रवचन कताओं के द्वारा कथा वाचन किया गया। यज्ञ कमेटी की ओर से कथा वाचन के लिए अयोध्या से मानस विदुषी देवी चंद्रकला व जगतगुरु लक्ष्मणाचार्य को आमंत्रित किया गया। जो 7 दिनों तक गांव सहित आसपास के लोगों को भगवत भजन व अध्यात्म में डुबोये रखे।

### विहंगम योग संस्थान की जिला इकाई की बैठक



**मेदिनीनगर।** विहंगम योग संस्थान की पलामू जिला इकाई की बैठक बैरिया स्थित बनारसी यादव के आवास पर हुई। मुख्य अतिथि संस्थान के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह एवं अन्य सेवा प्रभारियों ने सदगुरुदेव के तस्वीर पर माल्यार्पण किया। बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक गिरजा सिंह ने की। बैठक में ब्रह्मविद्या के प्रचार प्रसार की स्थिति, पत्रिका सदस्यता अभियान सहित आश्रम से जुड़े अन्य सेवा कार्यों की समीक्षा की गयी। मुख्य अतिथि श्री सिंह ने सदगुरु सेवा की महत्ता पर प्रकाश डाला और भक्तजनों का उत्साहवर्धन किया। मौके पर जिला सह संयोजक बनारसी यादव, रामपति राम, ओमकार नाथ पाठक, रामगोविंद यादव, अमलेश सिंह, कुबेर गुप्ता, चंदन सिंह, अजय यादव, महेंद्र यादव, दशरथ पासवान, सौगंध मेहता, अमरेंद्र, मनोज, संजय, शंभू कुमार सहित सेवा प्रभारी, प्रचारक, उपदेष्टा मौजूद थे।

### झामुमो के मिलन समारोह में कई लोग पार्टी में शामिल



**मेदिनीनगर।** पलामू में लोकसभा चुनाव की सरगर्मी तेज होते ही दर्जनों भाजपा के नेता झामुमो में शामिल हुए। झामुमो पलामू के कार्यालय में हुए इस समारोह में झामुमो अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा की अध्यक्षता में सुनील कुमार और लव कुश कुमार के नेतृत्व में सबने झामुमो की सदस्यता ली। कार्यक्रम का संचालन झामुमो सचिव सन्नू सिद्धिकी ने किया। अध्यक्ष ने कहा कि सुनील एवं लव कुश और उनके साथ आये सभी नेताओं का झामुमो परिवार स्वागत करता है। भाजपा से सभी वर्ग निराश और हताश हैं।

## जेल से निकलने पर दिलीप चंद्रवंशी ने हुटार में किया सामाजिक मिलन समारोह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़ पलामू।** किसी कारण 4 महीने से अधिक समय तक जेल में रहने के बाद बाहर आने पर रामगढ़ के सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप चंद्रवंशी ने हुटार में सामाजिक मिलन समारोह व वन भोज कार्यक्रम रविवार को किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। साथ ही मुलाकात कर क्षेत्र की गतिविधियों की जानकारी ली। यह भी कहा कि उनका समर्थन हमेशा रहेगा। जेल जाने से कार्यकर्ताओं के बारे में जानकारी नहीं हो पा रही थी। ऐसे में जब वह बाहर आये हैं तब उन्हें लगा कि एक मिलन समारोह करके कार्यकर्ताओं का हाल जानना चाहिए। मौके पर जिप सदस्य प्रमोद सिंह प्रदीप सिंह, अरुण सिंह, बरवाडीह के विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह मौजूद थे। संचालन विनय चंद्रवंशी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक रंजीत चंदेल, सोनू चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी, विनय चंद्रवंशी, पप्पू चंद्रवंशी, हीरा यादव, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, ओमप्रकाश गुप्ता लगे हुए थे।

## पलामू एसपी से मिल न्याय की गुहार लगा रहे परिजन

- रेहला थाना प्रभारी के झूठा आरोप लगा गिरफ्तार करने की कही बात
- 3 अप्रैल को रेहला पुलिस ने आर्म्स एक्ट के मामले में अशोक सिंह को गिरफ्तार कर भेजा है जेल
- न्यायालय में भी पिता ने की शिकायत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर पलामू।** थाना क्षेत्र के घरटिया निवासी सुरेश सिंह व उनके परिजन पलामू एसपी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। साथ ही पुत्र अशोक पर रेहला थाना प्रभारी के घर से उठाकर ले जाने सहित सहित आर्म्स एक्ट का झूठा केस दर्ज कर जेल भेजने की बातें लिखी है। आवेदन में लिखा है कि 2 अप्रैल की रात लगभग 7-8 बजे अशोक सिंह उर्फ आर के रंजन सिंह अपने गांव स्थित किराना दुकान पर बैठा था। वहां गांव के ही लालमुनी यादव, सत्यनारायण गुप्ता, सुरेंद्र ठाकुर, राजाराम यादव व दिलीप सिंह भी थे। जहां रेहला थाना प्रभारी संतोष दास पुलिस बल के साथ पहुंचे और बंदूक का भय दिखा जबरन ले गये।

# पर्यावरण धर्म के प्रभाव से ही धुलेगा अर्थ के लिए प्रकृति पर हो रहे अनर्थ का पाप: कौशल

- पर्यावरण धर्म गुरु कौशल ने पौधा दान कर तिब्बती बौद्ध भिक्षु के कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बौद्ध भिक्षुओं को पर्यावरण धर्म की शपथ दिलाते पर्यावरणविद धर्मगुरु कौशल किशोर जायसवाल।

**कामेश्वरपुर /सरगुजा /छत्तीसगढ़।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के मैनपाट कामेश्वरपुर थाना अंतर्गत शुक्रवार को तिब्बत वासियों के गांव स्थित भगवान बुद्ध के विशाल मंदिर में आयोजित नवाह पाठ कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनरखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पौधा दान कर किया। उन्होंने उक्त मौके पर बौद्ध भिक्षुओं को पर्यावरण धर्म के प्रार्थना व उसके आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा दान किया। मौके पर पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि जिस तेजी से लोग अनाधिकृत रूप से आर्थिक लाभ के लिए प्राकृतिक संसाधनों का शोषण व दोहन कर रहे हैं उसी का परिणाम है कि पृथ्वी का तापमान बेतहासा बढ़ता चला जा रहा है। कहा कि लोगों को अपने धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों को अपने जीवन के दिनचर्या में शामिल करना होगा।

**खास बातें :** कौशल ने कहा कि जबतक वन्य एवं उसके अलावे रैयती भूमि पर 33% सघन वन तैयार ना हो जाय तबतक जलवायु परिवर्तन कोई रोक नहीं सकेगा। इसके सिवाय दूसरा कोई विकल्प नहीं है। कहा कि 34 वर्षो के बाद उस क्षेत्र के लोग उन्हें बुलाया है। उन्होंने पर्यावरण धर्म के तहत आम का पौधा देकर कार्यक्रम में शामिल लोगों को सम्मानित करते हुए कहा कि पुत्र साथ छोड़ सकता है परंतु पेड़ नहीं। तिब्बत से आये बौद्ध भिक्षु धर्मगुरु दोरजें तेनजिंग और सीतापुर गुतुरमा के भोला गुप्ता ने पर्यावरण के क्षेत्र में एक लंबे अरसे से पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल के उल्लेखनीय कार्यों की काफी सराहना की।

# थाना प्रभारी के नेतृत्व में चला सघन वाहन चेकिंग अभियान

- थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता के नेतृत्व में चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान
- दर्जनों वाहन बिना हेलमेट एवं गाड़ी के कागजात हुए जब्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



वाहनों की तलाशी लेते पुलिस बल के जवान।

**नीलांबर पितांबरपुर।** पलामू लोकसभा चुनाव को लेकर लेस्लीगंज थाना के सामने थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस के द्वारा दर्जनों वाहन बिना हेलमेट एवं गाड़ी के कागजात के जब्त किये गये। थाना प्रभारी ने बताया कि बिना हेलमेट एवं गाड़ी कागजात के साथ नहीं चलने वाले लोगों का गाड़ी जब्त किया गया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है उन्होंने कहा कि सभी वाहन चालक वाहन चलाते समय सीट बेल्ट, हेलमेट एवं गाड़ी के समस्त कागजात साथ लेकर चलें। अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें। वाहन चेकिंग अभियान में थाना के पुअनि बिक्रम शील, सअनि राजू मांझी, सअनि अमर कुमार बाउरी सहित थाना के कोई जवान शामिल थे।

# जारंगडीह मे कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ 67 वां श्री श्री रामचरितमानस नवाहयन महायज्ञ

>> प्रवचन के लिए अयोध्या और झांसी से पहुचे हैं धार्मिक विद्वान
>> यज्ञ के मौके पर भव्य मेले का भी हुआ है आयोजन, 108 कलशों के निकली थी यात्रा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/जारंगडीह।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जारंगडीह दुर्गा मंदिर परिसर में भव्य यज्ञ का आयोजन किया गया है जिसको लेकर रविवार को अहले सुबह यज्ञ स्थल से कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा मंदिर परिसर से निकल कर जारंगडीह बाजार, 16 नंबर व बाबु क्वार्टर होता हुआ दामोदर और कोनार नदी संगम घाट पहुचे जहां पुरोहितों पुजारियों द्वारा पुरे विधि विधान से पुजा अर्चना उपरांत कलश मे जल भरा गया और फिर वापस यज्ञ पहुचे जहां यज्ञ स्थल की पांच परिक्रमा के बाद कलश को यज्ञ स्थल पर स्थापित किया गया। मिली जानकारी के अनुसार इस कलश यात्रा में कुल 108 कलश महिलाएं व युवतियों द्वारा सर पर उठा कर यात्रा मे शामिल हुई जब कि यज्ञ कमेटी कमेटी कमेटी इस पुरे यात्रा का नेतृत्व संभाल रखा था। ज्ञात हो कि उपरोक्त पुरे कार्यक्रम को सम्पन्न करवाने मे अयोध्या धाम से पधारे आचार्य पुरेंद्र जी महाराज ने अहम भूमिका निभाई। लोगो की माने तो श्री रामचरित्र मानस नवाहन महायज्ञ वेद मंत्रोच्चारण के साथ रविवार को प्रातः 8:30 बजे समस्त ग्राम वासियों के साथ दुर्गा मंदिर से हर्षोल्लास, गाजे-बाजे एवं श्री राम घोष के साथ निकाला गया था जिसमे जारंगडीह के लोगो के अलावे जारंगडीह रिभर साइड, 16 नंबर, बाबु क्वार्टर, आदि के अलावे जरिडीह बाजार से भी श्रद्धालु शामिल हुए थे। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में बेरमो प्रखंड प्रमुख गिरिजा देवी तथा जारंगडीह पंचायत के पूर्व पंसस पिंकी देवी मुख्य रूप से शामिल थी। कमेटी के पदाधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज शाम को आरती के आयोजन के साथ ही नौ दिवसीय रामचरित मानस महायज्ञ आरंभ हो जायेगा। बताता चलू की जानकारी मे पिछले 67 वर्षो से निरंतर रामचरित मानस महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। अवध धाम से पधारे श्री मधुरेश जी महाराज के द्वारा श्री रामचरित्र मानस का पाठ भी प्रारंभ हुआ। पुरोहित कपिल देव पांडे के नेतृत्व एवं समस्त पदाधिकारी गण भी मौजूद रहे।

मौके पर श्री रामचरित्र मानस यज्ञ के अध्यक्ष जारंगडीह परियोजना पदाधिकारी परमानंद गुईन, खान प्रबंधक बाल गोविंद नायक बसंत ओझा योगेंद्र सोनार, नेमचंद मंडल नंदकिशोर पंडित, रामदास केवट, लखन चौहान, मदनलाल वैद्य, धीरज बरनवाल, कलीहाडी, लटन हाडी, अशोक घांसी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। वही यज्ञ समिति के अध्यक्ष ओझा ने क्षेत्रवासियो से आयोजन में भाग लेकर पुण्य के भागीदारी बने।

# इंजीनियरिंग व मैनेजमेंट कॉलेज में विशेष कार्यशाला संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटीज टेक्निकल कैंपस इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कॉलेज बोकारो में उद्यमशीलता एवं बौद्धिक संपदा अधिकार पर आयोजित केंद्रित दो सत्र का कार्यक्रम मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन एआईसीटीई भारत सरकार द्वारा स्वीकृत था एवं इंस्टीट्यूट इन्नोवेशन काउंसिल के सहयोग से हुआ। मुख्य अतिथि एवं वक्ता चेयर प्रोफेसर आईपीआर नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ रांची डॉ श्रीनिवास मूर्ति एमआर एवं स्टेट प्रेसिडेंट झारखंड स्मॉल एंड टाइनी बिजनेस एंड एंटरप्राइज एसोसिएशन कुंदन उपाध्याय रहे। डॉ श्रीनिवास मूर्ति ने अपने वक्तव्य में इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी के महत्व को समझाया। श्री उपाध्याय ने श्रोताओं को सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया। कॉलेज निदेशक डॉ प्रियदर्शी जरुहार ने कहा कि भारत देश को संसार में अव्वल स्थान प्राप्त करने के लिए चाहिए कि वह अपनी इंटलेक्चुअल प्रॉपर्टी का निर्माण खुद करे। मंच का संचालन बीबीए की छात्रा साहिबा अक्रम ने किया। समन्वयक प्रो दयाशंकर दिवाकर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कॉलेज के अध्यक्ष तरसेम सिंह और सचिव सुरेंद्र पाल सिंह ने बधाई दी।

## एक नजर में

### सुंदर पहाड़ी क्षेत्र में लोकसभा चुनाव को लेकर एसएसबी और गोड्डा पुलिस का संयुक्त फ्लैग मार्च



**गोड्डा।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) एवं जिला पुलिस बल द्वारा संयुक्त रूप से जिलान्तर्गत सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र के बड़ा सिंदरी, सनीबीरा, बड़ा सबाईकुंडी, छोटा सबाईकुंडी, राजाभीठा, धोपहाड़ी, साहपी एवं अन्य बूथो का भौतिक सत्यापन तथा फ्लैग मार्च किया गया। गोड्डा जिले का पिछड़ा क्षेत्र समस्याओं से भरपूर जहां कई गांव में आज तक सड़क नही बन पाए और नक्सलियों का साम्राज्य कहे जाने वाले इस क्षेत्र को हमेशा पुलिस प्रशासन ने एक चुनौती के रूप में लिया है और काफी हद तक सफलता भी पाई है बंगाल राज्य की सीमाओं को छूती ये प्रखंड हमेशा संवेदन शील रही है। सशस्त्र सीमा बल और गोड्डा पुलिस बल के जवान अपने संयुक्त अभ्यास के माध्यम से क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर निष्पक्ष स्वतंत्र और भयमुक्त चुनाव कराने को दृढ़ संकल्पित है।

### जामा : प्रेमिका का हत्यारा प्रेमी गिरफ्तार

**जामा।** प्रेमिका के हत्यारे प्रेमी को पुलिस घटना अंजाम देने के 24 घंटे के अंदर धर दबोचने में जामा थाना पुलिस सफल रही। गिरफ्तार आरोपी शिकारीपाडा थाना क्षेत्र के भाल पहाड़ी निवासी बबलू मुर्मू है। मामले का उद्भेदन करते हुए एसपी पितांबर सिंह खेरवार ने बताया कि 27 अप्रैल को जामा थाना क्षेत्र के मधुबन गांव के पास टेपरा नदी में एक अज्ञात महिला का शव पुलिस बरामद की थी। महिला का शिनाख्त काठीकुंड थाना क्षेत्र के मधुबन गांव निवासी कमली मरांडी के रूप में हुई थी। मृत महिला के भाई राजेंद्र मरांडी ने शव की पहचान करते हुए बहन के हत्या की आशंका प्रेम प्रसंग में जताते हुए लिखित षिकायत किया था। एसपी ने बताया कि कमली का शिकारीपाडा थाना क्षेत्र के भाल पहाड़ी निवासी बबलू मुर्मू से प्रेम संबंध चल रहा था। किसी बात को लेकर दोनों में अनबन हुई और प्रेमी ने कमली की हत्या कर साक्ष्य छुपाने को लेकर क्षत-विक्षत शव को नदी में फेक दिया। कमली के भाई के लिखित शिकायत के बाद पुलिस बबलू मुर्मू को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस के सख्ती के आगे बबलू टूट गया और अपराध स्वीकार किया। पुलिस बबलू के निषानदेही पर मृतक कमली का ओढ़नी, मोबाईल समेत अन्य समाग्री बरामद करते हुए आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजने में सफल रही।

### बोकारो : सेल एसआरयू में एससी एसटी इम्पलाइज फेडरेशन का विस्तार

**बोकारो।** सेल एसआरयू बोकारो में एससी एसटी इम्पलाइज फेडरेशन के कमेटी गठन को लेकर सेल एसआरयूएससी एसटी इम्पलाइज फेडरेशन की बैठक सेक्टर 4 स्थित प्रधान कार्यालय में रमाकांत राम की अधयक्षता में हुई जिसमें फेडरेशन के कोषाध्यक्ष स्व महेश नारायण चौधरी के निधन और महासचिव राणा प्रताप जी की सेवानिवृत्ति के बाद संगठन में चूंकि दोनों पद खाली थे इसलिए कमेटी का विस्तार करते हुए दोनों खाली पद भरे गए। आरती कुमारी को महासचिव एवं चंद्रदीप भगत को कोषाध्यक्ष का कार्यभार दिया गया साथ ही सभी यूनिट के पदाधिकारी को बुलाकर कमेटी का पुनर्गठन करने पर विचार विमर्श किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एमके अभिमन्यु जगदीश छुरा अध्यक्ष एसआरयू रविंद्र महली महासचिव बोकारो यूनिट शंभू प्रसाद कोषाध्यक्ष संयुक्त महासचिव महेश पासवान आदि मौजूद रहे। बैठक के बाद सीजीएम पी एंड ए निरंजन कुमार से मिलकर एसआरयू केंद्रीय कमेटी की एक बैठक बुलाने का आग्रह किया गया।

### ढोरी क्षेत्र के एसडीओसीएम में मनाया गया विश्व कार्यस्थल पर सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस



**बेरमो।** सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र के एसडीओसीएम के एक्साभेशन परिसर में रविवार को विश्व कार्यस्थल पर सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि परियोजना पदाधिकारी शैलेश प्रसाद ने झंडोत्तोलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद सेफ्टी ऑफिसर रवि कुमार ने कोयला कर्मियों को सुरक्षा मानको के पालन के लिए शपथ दिलाई। शैलेश प्रसाद ने कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि आईएलओ के आदेश पर प्रस्तावित 28 अप्रैल को वर्ल्ड सेफ्टी और डे हेल्थ दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है हमें काम के दौरान सुरक्षा मनको का शक्ति से पालन करने के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य के लिए भी सजक रहना चाहिए। इस अवसर पर एसओ एसएक्स यू के पासवान, मैनेजर उपेंद्र कुमार व आर के गुप्ता, एसओ ईएंडएम इन्जीनियर उज्जवल कुमार,सहित रवि शंकर ठाकुर, मोहम्मद कलीमुद्दीन, नरेश महतो, सपन मांझी, श्याम सुंदर प्रसाद, रमन श्रीवास्तव, रवि साहनी, सुशील सिंह, नरेश महतो, शंकर प्रसाद, कामदेव मांझी,आदि दर्जनो लोग मुख्य रूप से शामिल थे।

### युवा व्यवसायी संघ फुसरो के द्वारा ओवर ब्रिज के समीप पनशाला का किया उद्घाटन




बेरमो। इस समय भीषण गर्मी की शुरूआत हो चुकी है और लोग यहां-वहां धूप से अपने आपको बचाते हुए नजर आते है। अभी तक नगर परिषद द्वारा कहीं भी ठंडे पानी के लिए प्याऊ की व्यवस्था नहीं करवाई गई है। भीषण गर्मी को देखते हुए युवा व्यवसायी संघ फुसरो के द्वारा फुसरो ओवर ब्रिज के समीप पनशाला का शुभारंभ किया। युवा व्यवसाई संघ फुसरो के अध्यक्ष वैभव चौरसिया ने कहा कि आमजनों को ठंडा पानी उपलब्ध हो सके इसके लिए प्याऊ खुलवाया गया। इस अवसर पर सचिव बैजू मालाकार, कोषाध्यक्ष राकेश मालाकार सहित, जितेंद्र सिंह, मुकेश गुप्ता, निशांत अनमोल, रवींद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सूरज सोनी आदि लोग शामिल हुए।

### बोकारो में पीओ के लिए सफल निर्वाचन हेतु दूसरे चरण का प्रशिक्षण हुआ संपन्न



**बोकारो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 02 सी स्थित बीआईएसएसएस एवं सेक्टर 02 डी स्थित बोकारो इस्पात प्लस टू विद्यालय में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल संचालन को लेकर दूसरे चरण का पीओ को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का जायजा डीईओ सह डीसी विजया जाधव ने लिया। मौके पर प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा प्रभारी पदाधिकारी अतुल कुमार चौबे मीडिया कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे। उपायुक्त ने क्रमवार दोनों विद्यालयों में आयोजित प्रशिक्षण सत्र का जायजा लिया। प्रशिक्षण में कुल 660 पीठासीन पदाधिकारी शामिल हुए। उन्होंने पीठासीन पदाधिकारियों को विद्यालय सभागार में ब्रीफ करते हुए संबोधित किया कि निर्वाचन कार्य में पीओ का काफी अहम रोल है। पीओ को टीम लीडर की तरह कार्य करना होता है। निर्वाचन में किसी भी कार्य को अपनी मनमर्जी से नहीं किया जाता है। आयोग के दिशा निर्देश का अक्षरशः अनुपालन होता है इसलिए कहीं कोई चूक नहीं हो। वहीं विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं में पीठासीन पदाधिकारियों को जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन/ वीवीपैट का प्रशिक्षण विस्तार से दिया गया। उन्हें कंट्रोल यूनिट बैलेट यूनिट वीवीपैट को कनेक्ट करने एवं संचालन मॉक पोल व पेपर सीलिंग आदि की विस्तार से जानकारी दी गई।

## स्पीड न्यूज

### बीजीएच में मरीजों के सेवार्थ चार नयी एंबुलेंस को शामिल



बोकारो। बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी की उपस्थिति में बीजीएच में चार नई एम्बुलेंस को औपचारिक रूप से शामिल किया गया। कार्यक्रम में ईडी सीआर महापात्रा सुरेश रंगानी व राजन प्रसाद एवं बीजीएच के प्रभारी डॉ बीबी करुणामय के साथ वरीय डॉक्टर्स अधिकारी तथा कार्मिक शामिल थे। नई एम्बुलेंस में मरीजों के जीवन रक्षा की सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। इनमें से दो एम्बुलेंस संयंत्र स्थित व्यावसायिक स्वास्थ्य केंद्र में और दो बीजीएच में तैनात रहेंगी तथा बीएसएल प्लांट और टाउनशिप के भीतर चौबीसों घंटे संचालित होंगी। बीएसएल प्रबंधन ने अपने कार्मिकों एवं उनके आश्रितों के लिए एक हेल्पलाइन नंबर 06542 -289055 जारी किया है जिस पर सूचना देकर आकस्मिक समय में एम्बुलेंस की सुविधा प्राप्त की जा सकती है।

### बीएसएल में लीड ऑडिटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन




बोकारो। बिजनेस एक्सीलेंस विभाग के द्वारा आईएसओ 45001: 2018 ओएचएसएमएस पर लीड ऑडिटर के लिए एचआरडी में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीजीएम सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं बीके सरतापे बतौर मुख्य अतिथि शामिल थे। बिजनेस एक्सीलेंस विभाग के महाप्रबंधक प्रभारी एके सिन्हा तथा महाप्रबंधक अनुपमा तिवारी ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मेसर्स टीयूवी के मुख्य प्रशिक्षक शलभ कपूर तथा सौविक ने लीड ऑडिटर के प्रशिक्षण कार्यक्रम में संकाय के रूप में अपना योगदान दिया। प्रशिक्षण के दौरान आईएसओ 45001 मानक और ऑडिटिंग के सभी मुख्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के समापन सत्र में सभी प्रतिभागियों को परीक्षा के उपरांत आईएसओ 45001: 2018 ओ एच एस एम एस पर प्रमाणित लीड ऑडिटर का प्रमाण पत्र दिया गया।

### निसार अल्पसंख्यक सेल के ठाकुर गंगती प्रखंड अध्यक्ष बनाये गये

गोड्डा। ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के भगैया ग्राम निवासी निसार अहमद को अल्पसंख्यक विभाग के झारखंड कांग्रेस कमेटी महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अख्तर अली द्वारा ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र का अल्पसंख्यक विभाग का प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। अल्पसंख्यक विभाग का ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र का प्रखंड अध्यक्ष बनाए जाने पर निसार अहमद ने अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश महासचिव सहित कांग्रेस के प्रदेश स्तर के सभी पदाधिकारी के प्रति उत्साह व्यक्त करते हुए बधाई दिया है। शहादत हुसैन, मिस्टर खान, जसीम खान, सलीम अंसारी, शमी अंसारी सहित दर्जनों कांग्रेसियों ने निसार अहमद के प्रति उत्साह व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दिया है। उन्होने कहा कि निसार अहमद एक कर्मठ और मेहनती कांग्रेसी कार्यकर्ता है। हमेशा वे पार्टी के प्रति मेहनत से काम किया करते हैं। उनके प्रखंड अध्यक्ष बनने से कांग्रेस का संगठन और अधिक मजबूत हो सकेगा।

# ओम ट्रेवल्स के मालिक से रंगदारी मांगने समेत युवती की हत्या मामले का खुलासा, 5 गिरफ्तार

>> जरमुंडी, हंसडीहा, सरैयाहाट समेत विभिन्न थाना क्षेत्रों में माल वाहक वाहनों को लूट का निषाना बनाने वाला सभी गिरफ्तार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** ओम ट्रेवल्स के मालिक से रंगदारी मांगने समेत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र के तीन अलग-अलग मामलों का उद्भेदन करते हुए दुंमका पुलिस ने पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दी है। मामले का उद्भेदन एसपी पितांबर सिंह खेरवार ने समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय में प्रेसवार्ता कर किया। एसपी श्री खेरवार ने बताया कि दुमका शहर के न्यू बाबुपाडा निवासी ओम ट्रेवल्स के मालिक महेश कुमार नारनोलि को अज्ञात अपराधियों ने फोन कर रंगदारी की मांग की गई थी। रंगदारी की रकम नहीं देने पर जान मारने की धमकी भी दिया था। मामले में नगर थाना पुलिस महेश कुमार नारनोली के लिखित शिकायत पर 12 अप्रैल को मामला दर्ज कर छानबीन में जुट गई थी। कांड के उद्भेदन एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम 27 अप्रैल को जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के दुधानी, ठाढ़ी खसिया एवं जरमुंडी थाना क्षेत्र के डोमनाडीह गांव से कुल चार अपराधियों की गिरफ्तारी करने में सफल रही। पूछताछ के क्रम में अपराधियों ने अपना अपराध स्वीकार किया। गिरफ्तार अपराधियों में नगर थाना क्षेत्र के दुधानी नेशनल स्कूल के पीछे का रहने वाला मुकेश कुमार मांझी, जरमुंडी थाना क्षेत्र के ठाड़ी खसिया गांव निवासी सुनील वैद्य, डोमनडीह गांव निवासी नितिश कुमार यादव एवं भदवारी गांव निवासी सावन कुमार सिंह है। गिरफ्तार अपराधियों के निशानदेही पर पुलिस दो फर्जी सिम, एक मोबाइल, एक देशी पिस्तौल, दो देशी पिस्तौल का मैगजीन एवं पांच राउंड जिंदा कारतूस, एक देषी कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस बरामद करने में सफल रही। पुलिस गिरफ्तार अपराधियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दी है। एसपी ने बताया कि नीतीश कुमार का पूर्व से अपराधिक इतिहास रहा है। कुछ दिन पूर्व हत्या के मामले में जेल से छुटकर बाहर आया है। वह अपने अन्य साथियों के साथ किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा था। सूचना पर टीम गठित कर पुलिस उसके घर पर छापेमारी की। जहां से दो युवक भागने का प्रयास किया। तलाशी में पुलिस नीतीश कुमार यादव के बिस्तर के नीचे से एक लोडेड देशी पिस्तौल एवं एक अलग से मैगजीन बरामद की। जबकि सावन कुमार सिंह की कमर से लोडेड देशी कट्टा एवं पॉकेट से एक अतिरिक्त जिंदा कारतूस भी बरामद किया। अपराधी सावन कुमार सिंह 8 साल हत्या के केस में जेल की सजा काट बाहर आया था। दोनों अन्य साथियों के साथ मिलकर एक गिरोह बना सक्रिय था। जो व्यावसायिक वाहनों से आए दिन छिनतई करने का काम करता था। एसपी ने बताया कि इन लोगों द्वारा जरमुंडी थाना क्षेत्र के घोरटोपी मोड़ के पास बीते 14 एवं 20 फरवरी को दो मछली लोड पिकअप वैन को लूटा था। गिरोह के सदस्यों ने कुछ दिन पूर्व हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरमाहाट में चदरा लोड पिकअप वाहन को लूटने का असफल प्रयास किया गया था। अपराधियों द्वारा हंसडीहा थाना क्षेत्र के गंगवाड़ा एवं सरैयाहाट जंगली मोड़ के पास भी गाड़ियों से लूटपाट का प्रयास किया गया था।

# श्रमिक जमात की आवाज बुलंद करेंगी अनुपमा, सब करें सहयोग: एके झा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/कथारा।** इंटक से संबद्ध श्रमिक संगठन राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के पदाधिकारी एके झा ने संगठन के पदाधिकारियों के सदस्यों को पत्र प्रेषित किया है। उक्त पत्र में धनबाद संसदीय क्षेत्र से इंडिया महागठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के जीत को सुनिश्चित करने के लिए सभी पदाधिकारियों को कार्य करने का आहवान किया है।

उक्त बात की जनकारी कथारा क्षेत्र के अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह ने दी। सिंह ने बताया कि महामंत्री श्रीझा द्वारा इसके मद्देनजर 29 अप्रैल को धनबाद में बैठक रखी गई है। उसमें तैयार किए गए विशेष रणनीति से अवगत कराने का कार्य होगा। श्रीझा का कहना है कि देश में बेरोजगारी, मजदूर जमात का शोषण, किसानों की अनदेखी जिस प्रकार की जा रही है। इसके भयावह मंजर नजर आने लगा है। आज हर तरह निराशा के भाव हैं। व्यवसाय ठप सा पड़ा हुआ है। मध्यम उधोग की सांसें धीमी हो गई है। बडे उधोग में बनने वाले सामानों की बिक्री मामूली स्वरूप में हो रही है। बड़े बड़े संस्थान जॉब देने की जगह छटनी के तलवार लटकाए रहते हैं। इसकी वजह से कार्य करने लोग मानसिक रूप से पडताडित रहते हैं। उनपर क्षमता से अधिक बोझ डालने का कार्य होता है। कांग्रेस की सर्वमान्य नेत्री सोनिया गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के द्वारा बहुत सोच विचार कर धनबाद संसदीय क्षेत्र से अनुपमा सिंह को चुनावी रणभूमि में उतारने का काम हुआ है।

# दुमका : अलग-अलग सड़क हादसे में 4 की मौत






**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में सड़ह दुर्घटना में रविवार को चार लोगों की मौत हो गई। वहीं एक अन्य घटना में एक बाईक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के श्रीअमड़ा के समीप रिंग रोड़ में एक हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। एक युवक का शव क्षत-विक्षत हो गया है। शवों की पहचान न्यूबांधपाड़ा निवासी अखिलेश कुमार एवं मजिस्ट्रेट क्लोनी निवासी धर्मेन्द्र कुमार के रुप में हुई है। दोनों एक ही बाइक पर सवार थे। दोनों दोस्त बाइक से श्रीअमड़ा किसी काम से गए थे। बताया जा रहा है कि दोनों में से एक के मोबाइल में किसी का फोन आ गया और वह बाइक रोककर बातचीत करने लगा। इसी बीच एक हाइवा ने बाइक में धक्का मार दिया। अखिलेश कुमार चक्का में फंस गया। जिससे शव क्षत-विक्षत हो गया था। अखिलेश कुमार पेशे से ठेकेदार है और दूसरा पेशे से कार चालक था। बाईक सवार युवकों की मौत से मातम का महौल है। इधर रिंग रोड़ उमें एक और बाईक सवार घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। मसलिया। जिले के मसलिया थाना के लाहरजोरिया के समीप की है। जहां सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को ट्रेलर ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान मसलिया के गोलपुर निवासी आनंद भंडारी के रूप में हुई। सूचना मिलते ही मसलिया थाना की पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा पोस्टमार्टम परिजनों को सौप कार्रवाई में जुट गई है।

**शिकारीपाड़ा :** जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के चंदनगढ़िया गांव के समीप हाइवा के चपेट में आने से एक 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। यह घटना शनिवार देर रात की है।

मृतक की पहचान चंदनगढ़िया निवासी राज मंगल राय उर्फ तपिश के रुप में हुई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर रविवार को पोस्टमार्टम के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज षिनाख्त में जुट गई है।

# दुमका : महिला कोषांग की बैठक में पांच दंपति जोड़े में हुआ समझौता



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** महिला थाना परिसर में रविवार को महिला कोषांग की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अनुपमा सोरेंग ने की। कोषांग की बैठक में आपसी सुलह-समझौता से पांच पारिवारिक वादों का निपटारा करते हुए जोड़े दंपति को विदा किया गया। कोषांग सदस्यों ने जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के मोची कुम्हार गांव निवासी मूर्ति देवी एवं मुफस्सिल थाना क्षेत्र के आसनसोल डंगालपाड़ा निवासी मितन दास के बीच सुलह कराया। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गांदो गांव निवासी प्रकाष मिर्धा और नगर थाना क्षेत्र के एसपी कॉलेज के पिछे कड़हलबील निवासी लक्ष्मी देवी के बीच सुलह हुआ। गोड्डा जिले के पथरगामा निवासी वर्तमान में दुमका के नगर थाना क्षेत्र के राखाबानी बागनोचा में रहने वाले रूपा कुमारी एवं नगर थाना क्षेत्र के राखाबानी निवासी मनोहर कुमार के बीच सुलह हुआ। जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के कुसुमडीह गांव निवासी अनीता देवी एवं बसंत ठाकुर के बीच आपसी सुलह-समझौता हुआ। एक अन्य मामले में एक पक्ष के अनुपस्थित होने के कारण सुहल नहीं हो सका। कोषांग सदस्यों ने कई वर्षो से एक-दूसरे से दूर रहे दंपति को विधिवत सिंदूर डलवा और मंगलसूत्र पहना आशीर्वाद देकर विदा किया। कोषांग सदस्यों में समाजसेवी डॉ मनोज कुमार, अधिवक्ता डॉ कुमार प्रभात, वीणा सिंह, किरण तिवारी, डॉ बबीता कुमारी, डॉ अंजुला मुर्मू आदि मौजूद रही।

# बोकारो : साइंस फॉर सोसाइटी की बैठक में लिये गये अहम निर्णय



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** साइंस फॉर सोसाइटी बोकारो की संगठन के अध्यक्ष सह बोकारो स्टील प्लांट के सीजीएम दीपक राय की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में वैज्ञानिक जागरुकता एवं इससे संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। राय ने कहा कि ऑल इंडिया पीपुल्स साइंस नेटवर्क के निर्देशानुसार वर्ष 2024 को वैज्ञानिक जागरूकता वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत विभिन्न वैज्ञानिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। बोकारो जिला में ऊर्जा संरक्षण पर्यावरण क्विज अंधविश्वास बाल विज्ञान कांग्रेस बाल अधिकार कांग्रेस के साथ ही अन्य वैज्ञानिक गतिविधियों पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मौके पर साइंस फॉर सोसाइटी बोकारो के महासचिव राजेन्द्र कुमार ने विगत वर्ष की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक वैज्ञानिक कैलेंडर के अनुसार विभिन्न वैज्ञानिक कार्यक्रम के आयोजन बोकारो एवं पूरे राज्य में किया जाएगा। बैठक में एसके राय चन्द्र शेखर कुमार शशांक शेखर परिचय भट्टाचार्य आदि उपस्थित रहे।

खबर मन्त्र

रांची.सोमवार.29 अप्रैल 2024

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

# आया राम...

लोक सभा चुनाव का दौ चरण समाप्त हो चुका है लेकिन राजनीतिक दलों में आज भी आया राम गया राम का संकट बरकरार है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता जमकर पार्टी बदल रहें है और वे इसके बदले निश्चित तौर पर अपने लिये सीट की मांग कर रहें हैं। महाराष्ट्र के एक बड़ें नेता सीधे दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी में आये और संसद पहुंचने में सफलता प्राप्त कर लिया। यह क्रम कम या अधिक पूरे देश में चला। झारखंड में भी सभी प्रमुख दल के नेताओं ने आया राम गया राम को चरितार्थ करते हुए जमकर अपनी सुविधानुसार पाला बदलते रहें। लेकिन इसी पाला बदल में एक राष्टीय दल के नेता को फिर से घोखा हो गया। पहले वे अपनी राष्ट्रीय पार्टी जिससे वे विधायक सांसद रहे उसे त्याग आजाद होकर चुनाव में कूदे। दुर्भाग्य से बुरी तरह पिट गये और बहुत सोच समझकर इस बार दूसरी राष्ट्रीय पार्टी का दामन थाम कर पूरे देश में चर्चा में आ गये। लेकिन दुर्भाग्य ने उनका साथ नहीं छोड़ा और वहां भी उनका टिकर परिवारवाद के भेंट चढ़ गया। कुछ ही दिनों में इन्होंने फिर से अपने आप को आजाद कर लिया। सवाल यह है कि राजनीति में दलों का महत्व, अपनी विश्वसनीयता, जन संपर्क और जनहित के मुद्दों को हल करने की क्षमता का भी महत्व है। पूरे देश में बिहार से भी कांग्रेस ने एक जुझारू को टिकट ही नहीं दिया जबकि उन्होंने एक कदम आगे बढ़कर अपनी पार्टी का विलय ही एक राष्ट्रीय दल में कर दिया था। वे भी अब निर्दलीय मैदान में कूद गये हैं। राष्ट्रीय स्तर पर कई भ्रष्टाचारके आरोपी नेतागण भी एक दल में दनादन प्रवेश कर रहें है जिसे वांशिग मशीन वाली पार्टी कहा जा रहा है। सवाल अहम है कि इस प्रकार आयाराम गया राम वाले राजनेताओं को जनता किस प्रकार लेती है क्योंकि इनकी संख्या लगातार बढ़ती जा रही है जो चिंताजनक है।


# बढ़ती कीमत

देश में चुनावी माहौल है। अभी चुनाव में पांच चरण शेष हैं। इस बीच आलू,गेंहू, सब्जियों के दाम तेजी से बढ़ रहें हैं। आलू का खुदरा बाजार 30 रुपये को पार कर गया है। आम आदमी बाजार से आलू और प्याज से काम चलाता है जब सब्जियां महंगी हो जाती है। अप्रैल-मई में हरी सब्जियों का दर बढ़ता है तब आलू और प्याज भारतीय घरों की रसोई घरों में लोगों की सब्जियों की कमी दूर करते हैं। लेकिन इस वर्ष आलू की खेती कम होने और बाजार में गेंहू की मांग सही होने से दोनों के मूल्यों में वृद्धि दर्ज की जा रही है। देश में किसानों की बात जमकर होती है लेकिन किसानों की स्थिति और उनकी समस्याओं पर अब तक कोई ठोस काम नहीं हो सका है। चुनाव के मौसम में आलू और गेंहू की कीमत बढ़ने से सरकार मिशनरियों भी चौकन्ना हो गयी है। गेंहू की सरकारी खरीद कम हो रही है क्योंकि बाजार में गेंहू के कीमत किसानों को अधिक मिल रहा है। सरकार 22 रुपये किलो गेंहू खरीद रही है जबकि बाजार में यह 25रुपये औरउससे भीअधिक है। राज्यवार खरीद की कोई सरकारी सूचना जारी नहीं हुई है लेकिन सरकार ने बड़ी निजी कंपनियों से गेंहू न खरीदने का एकआर्डर जारी किया है। रायर्टस की यह खबर भारतीय कृषि की स्थिति बताने के लिये काफी है। एक तरफ वर्तमानसरकार कहती है कि किसानों की आय दोगुनी हो जाए जिसके प्रयास जारी है दूसरी ओर बढ़ें बाजार भाव को कम करने के लिये प्रयास कर रही है। चूंकि कृषि और किसान कभी सरकारों के प्राथमिकता में नहीं रहे इसलिये देश खाद्य संकट और खाद्य असुरक्षा की ओर बढ़ रहा है। इस बीच सरकार ने प्याज के विदेशी निर्यात की अनुमति भी दे दी है जिससे मूल्यों में और वृद्धि की संभावना है। बढ़ती कीमत निश्चित तौर पर आम लोगों के लिये परेशानीका कारण बन सकता है।

# श्रमेव जयते ! दुनिया भर के मजदूरों का शोषण बंद हो

**श्रम-दिवस (1 मई) पर विशेष**



-गिरीश्वर मिश्र

> कर्म किए बिना एक क्षण भी कोई रह नहीं सकता। श्रम का महत्व वैदिक काल में ही महसूस किया गया। प्राचीन आख्यानों में देवी-देवताओं द्वारा भी तप करने का वर्णन मिलता है। पुराणों में तप से सिद्धियाँ पाने के अनेक आख्यान हैं। उपनिषद की कथाओं में भी तपश्चर्या का महत्व प्रतिपादित किया गया है। आरंभ से ही शतायु और सक्रिय जीवन भारतीय संकल्पना के केंद्र में बना रहा है। कर्म की अनिवार्यता ही श्रीमद्भगवद्गीता का मुख्य संदेश है।

भारत की सभ्यता प्राचीनकाल से कर्म-प्रधान रही है। कर्म से ही सृष्टि होती है। श्रम का विलोम होता है विश्राम। ऐतरेय ब्राह्मण में श्रम का बड़ा ही मनोरम चित्रण मिलता है। श्रम करने से न थकने वाले को ही श्री की प्राप्ति होती है- नानाश्रांताय श्रीरस्ति। श्रम से असंभव भी संभव हो जाता है। श्रम से ही आदमी सम्पत्ति, यश, सम्मान सब कुछ अर्जित करता है। तभी तो कहा गया कि कर्मठ पुरुष लक्ष्मी को प्राप्त करता है- उदयोगिनः पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मी और आलस्य शरीर में बैठा हुआ सबसे बड़ा शत्रु है।

चूँकि जीवन अनंत नहीं है और कार्य अनेक हैं इसलिए बिना समय गँवाए काम में जुट जाना चाहिए। महाभारत में शर-शय्या पर लेटे हुए भीष्म पितामह ने जो उपदेश दिए उनमें यह भी था ह्यमृत्यु लोगों को पीट रही है और बुढ़ापे ने उनको घेर रखा है। ये दिन और रातें तेजी से बीतती जा रही हैं। तब, तुम क्यों नहीं जाग जाते? अब ऐसा काम करो जिससे तुम्हारा कल्याण हो और समय आगे न निकल जाए। कहीं ऐसा न हो की तुम्हारे कार्य अधूरे रह जाएं और मृत्यु तुम्हें खींच कर ले जाय। इसलिए जिस काम को कल करना हो, उसे आज ही कर लिया जाय। जिसे दोपहर बाद करना हो, उसे दोपहर से पहले कर डालना चाहिए, क्योंकि मृत्यु इस बात की बाट नहीं देखती कि इस आदमी का काम पूरा हो गया या नहीं। जो कल्याणकारी कार्य है उसे तुम आज ही कर डालो। यह महान काल कहीं तुम्हें लांघ न जाय।ह्

ऐसे में यह अनायास नहीं था कि ह्यहिंद स्वराजह्न के रचयिता राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने इस धरती को कर्म-भूमि कहा था। जीवन के बड़े सत्य को सामने रख कर बापू ने जीवन-चर्या में कर्म की अनिवार्यता प्रतिपादित करते हुए यह सीख दी थी कि आदमी को कमा कर खाना चाहिए। एक-एक क्षण का सदुपयोग करते हुए इस सूत्र को बापू अपने वास्तविक जीवन में उतारते रहे।

वस्तुतः श्रम ( अर्थात मेहनत, मशक्कत, परिश्रम या प्रयास) ही जीवन को स्पंदित करता है। पर गौरतलब बात यह है कि यह श्रम नाशवान प्रकृति का है और यदि कार्य न किया जाय तो उस (बीत चुकी) अवधि का कार्य फिर वापस नहीं लौटाया जा सकता और सदा के लिए नष्ट हो जाता है। इसलिए जीवन का हर क्षण अनमोल है और उसका समुचित निवेश किया जाना चाहिए। यह विश्व कर्म प्रधान है और यह पुरानी कल्पना रही है कि श्रम से यह धरती स्वर्ग बन सकती है। दृढ़ लगन से कोई काम कठिन नहीं रह जाता और कर्महीन को कुछ भी नहीं मिलता। सिर्फ सपने देखने से नहीं काम करने से ही मनोवांछित फल मिलता है। तुलसीदास जी के शब्दों में- सकल पदार्थ एहि जग माही, करमहीन नर पावत नाहीं। वस्तुतः श्रम विकल्पहीन और अमूल्य है।

जगत में कुछ भी स्वतः नहीं होता है- सिद्धिर्भवति कर्मजा। कर्म ही वह रहस्य है जिससे परमात्मा का स्मरण किया जाता है और मनुष्य सिद्धि प्राप्त करता है- स्व कर्मणा तमभ्यर्च्य सिद्धिं विन्दंति मानवाः। इसलिए श्रीकृष्ण कहते हैं कि सभी जन नियत कर्म करें- नियतं कुरु कर्म त्वं । कर्म किए बिना एक क्षण भी कोई रह नहीं सकता। श्रम का महत्व वैदिक काल में ही महसूस किया गया। प्राचीन आख्यानों में देवी-देवताओं द्वारा भी तप करने का वर्णन मिलता है। पुराणों में तप से सिद्धियाँ पाने के अनेक आख्यान हैं। उपनिषद की कथाओं में भी तपश्चर्या का महत्व प्रतिपादित किया गया है। आरंभ से ही शतायु और सक्रिय जीवन भारतीय संकल्पना के केंद्र में बना रहा है। कर्म की अनिवार्यता ही श्रीमद्भगवद्गीता का मुख्य संदेश है। तिलक और गांधी जैसे राष्ट्रनेताओं ने कर्म, श्रम और सेवा की आपसी निकटता को सार्वजनिक जीवन में स्वर दिया। जगत में जीवन-यापन के लिए क्रियायोग निजी और सामाजिक जीवन में यज्ञ उन्नति और प्रगति का मार्ग प्रशस्त करता है। कर्म पर सबकुछ टिका है। विद्वान भी वही है जो अमूर्त ज्ञान को व्यवहार में रूपांतरित कर सके। विद्वान स्वभाव से क्रियाशील होता है-यस्तु क्रियावान पुरुषः स विद्वान।

श्रम का आंतरिक रूप भी है और बाह्य भी। योग-शास्त्र में आसन, ध्यान तथा प्राणायाम की व्यवस्था की गई थी। प्राणशक्ति अपान, उदान, व्यान, समान आदि विभिन्न रूपों में शरीर में व्याप्त हो कर जीवनीय ऊर्जा का संचार करती है। श्रम करते हुए शरीर आंतरिक रूप से तो सुसज्जित होता ही है बाहर की दुनिया में विभिन्न कार्यों में श्रम के विनियोग द्वारा नई सर्जना में भी जुटता है। यह मन और शरीर के एक समग्र इकाई के रूप में संयोजन से ही संभव होता है। उल्लेखनीय है कि मन और शरीर को अलग सत्ता मानना पश्चिमी विचार है। मन और शरीर का द्वैत सोलहवीं सदी में पश्चिमी दार्शनिक रेने देकार्त द्वारा प्रतिपादित किया गया था। भारतीय चिंतकों ने मन को शरीर का ही हिस्सा माना था। वह अंतःकरण है यानी एक आंतरिक इंद्रिय जो सुख-दुःख का पता देता है और दूसरी सभी इंद्रियों को संचालन का आधार प्रदान करता है।

आज जीवन को तकनीकी संचालित करने लगी है और कार्य और विश्राम के बीच की सीमा रेखा धूमिल हो रही है। इसी तरह यथार्थ और आभासी (वर्चुअल) दुनिया को निकट ले आती इंटरनेट और डिजिटल उपकरणों से लैस होती जा रही हमारे काम-काज की दुनिया उलट-पलट हो रही है । अब बहुत सारे काम लैप टाप या मोबाइल पर उंगली फिराने भर से पूरे हो जा रहे हैं। इसका असर कार्यों की प्रकृति और उसके आयोजन को प्रभावित पर पड़ रहा है। आफिस न जाकर घर से काम करने का चलन तेजी से बढ़ रहा है। कार्यों के विभाजन विभाजन और उसकी नियमितता को सुरक्षित रखते हुए गतिशीलता लाने की दिशा में कदम बड़ी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। परंतु मानवीय सम्बन्धों और भावनाओं की दुनिया से दूर होती जा रही कार्य की दुनिया अधिकाधिक यांत्रिक हुई जा रही है। इसी के साथ वैयक्तिकता और आत्मकेंद्रिकता बढ़ रही है और सामाजिकता संकुचित हो रही है। साइबर गतिविधियों के बढ़ने के साथ बहुत सारे नए नैतिक और आपराधिक सवाल भी खड़े हो रहे हैं।

**खास बात**

## जीवन में रामत्व

श्रीराम के लिए समाज के सभी वर्ग समान थे, उनके लिए कोई छोटा या बड़ा नहीं था जैसा हम उनके जीवन में पाते हैं कि निषाद राज , केवट, शबरी माता, जटायु बानर सेना इसके उदाहरण हैं। उनके राज्य में सभी वर्गों में समानता और समान अवसर प्राप्त थे सभी को अपने विचार अभिव्यक्त की स्वतंत्रता प्राप्त थी। राम ने समाज के प्रत्येक वर्ग को आपस में जोड़कर रखने का संदेश दिया उन्होंने प्रेम, भाईचारे का संदेश दिया। राम का व्यक्तित्व ऐसा था जहां प्रेम और विश्वास में भीलनी माता शबरी अपने राम के लिए चख कर मीठे बेर एकत्र करती थीं। इस आस में कि भक्ति और प्रेम के भूखे उनके राजा राम एक दिन उनकी कुटिया में अवश्य आयेंगे। राम प्रेम के जूठे बेर ग्रहण कर ऐसे नैतिकता के सुकृत संदेश प्रेषित करते हैं जो लोक चेतना में आज भी जीवंत होकर व्यक्ति को नर से नारायण बनने की प्रेरणा देते हैं।

श्रीराम का जीवन सामाजिक चेतना, समृद्धि ,सद्गुण और सहानुभूति के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरणा स्रोत है। राम को पिता के वचन के लिए वैभवशाली जीवन त्याग करने में एक क्षण नहीं लगा। आज के युग में अपने छोटे से अधिकार को लोग त्यागना नहीं चाहते लेकिन राम ने समाज, परिवार में पुत्र और भाई के रूप में एक आदर्श प्रस्तुत किया। राज्य छोटे भाई को सौंप कर राम ने भरत से न ही कभी ईर्ष्या की ओर न ही द्वेष बल्कि हमेशा भरत के प्रति प्रेम रखा और उन्हें राज संभालने के लिए प्रेरणा देते रहे। राम का व्यक्तित्व इतना विराट था कि उनमें संपूर्ण प्राणियों के लिए स्नेह और सम्मान का भाव था। राम मनुष्य से ही नहीं पशु, पक्षियों और प्रकृति के प्रति भी स्नेह और लगाव रखते थे। कुछ प्रसंगों द्वारा हमें यह ज्ञात होता है कि माता सीता का हरण होने के बाद राम पशु-पक्षियों और प्रकृति से भी संवाद कर रहे हैं और माता सीता के बारे में पूछ रहे हैं। राम सेतु निर्माण में गिलहरी से संबंधित एक अत्यंत रोचक प्रसंग है। ऐसे अनगिनत प्रसंग हमें राम के जीवन से जुड़े हुए दिखाई और सुनाई पड़ते हैं जो समरसता, स्नेह और प्रेम के पर्याय हैं।

बच्चों को राम के जीवन से, राम के आदर्शों से प्रेरणा दें जिससे वो भारतीय होने पर गर्व कर सकें।

# मालिक से नाता

**धर्म-प्रवाह**

**साध्वी मनीषा**

**कहते** हैं इब्राहिम के जीवन में क्रांति घट गई। उठकर उसने उस गुलाम के पैर छुए और कहा कि तूने मुझे राज बता दिया जिसकी में तलाश में था। अब यही मेरा और मेरे मालिक का नाता। तू मेरा गुरू है। तब से इब्राहिम शांत हो गया। जो बहुत दिनों के ध्यान से न हुआ था, जो बहुत दिन नमाज पढ़ने से न हुआ था, वह इस एक सूत्र से हो गया कि हकिम रजाई चलणा नानक लिखिआ नालि। सोचो, थोड़ा होश करो।

जैसा रखे, रहो। अपनी तरफ से तुमने बहुत कोशिश करके भी देख ली, क्या हुआ? तुम वैसे के वैसे हो जैसा उसने भेजा था, उससे विकृत भले ही हो गए हो, उससे सुकृत नहीं हुए हो। जैसे आए थे बचपन में भोले-भाले, उतना भी नहीं बचा हाथ में। स्लेट गंदी हो गई है, तुमने सब लिख डाला। पाया क्या है? सिवाय दुख, तनाव, संताप के क्या तुम्हारे हाथ लगा है?

थोड़े दिन सच्चे गुरु नानक देव जी की सुन कर देखो। छोड़ दो उस पर। इसलिए गुरु नानक देव जी कहते हैं, न जप, न तप, न ध्यान, न धारणा।

यह सब वही कर रहा है। एक ही साधना है वो है सच्ची श्रद्धा के सच्चे प्रेम का संपूर्ण समर्पण। आगे उस स्वांस देने वाले की मर्जी। जैसे ही तुम्हें खयाल आएगा उसकी मर्जी का, तुम पाओगे भीतर सब हलका हो जाता है। एक गहन शांति, एक वर्षा होने लगती है भीतर, जहां कोई तनाव नहीं, कोई चिंता नहीं। एक ओंकार सतनाम श्री वाहे गुरु जी।

**कॉर्टून वर्ल्ड**

हिंसा मुक्त हो दुनिया



**लेटर टू एडिटर**

## हिंदी मीडियम पर ध्यान

**देश** में विज्ञान व गणित पाठ्यक्रम हिंदी में उपलब्ध हो। तकनीकी पाठ्यक्रमों की गुणवत्ता वाली हिंदी की किताबें तैयार की जायें, जिससे देश में वैज्ञानिक सोच का विकास मातृभाषा के जरिये हो सके। आज का दिन इस पर मंथन करने का है।देश में अनुवाद के नाम पर हिंदी को जो जटिल बनाने की कोशिश हुई, उसने अन्य भाषाओं के लोगों को हिंदी से दूर ही किया है।

**– नीलेश, गढ़वा**

## सृजन का सम्मान

**तेईस** अप्रैल को विश्व पुस्तक दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य विश्वभर के लेखकों को सम्मान और जो लेखक दुनिया को अलविदा कह गए हैं, उन्हें श्रद्धांजलि देना भी है। वहीं इसका मुख्य उद्देश्य लोगों का पुस्तकों के प्रति रुचि बढ़ाने और साक्षरता दर बढ़ाना भी है। बेशक आज इंटरनेट का दौर है, लेकिन आज भी पुस्तकों का बहुत महत्व है।

**–रविशंकर सिंह, रांची**

**संविधान** से ही आपको मिला है - अधिकार, आवाज और आरक्षण!

और, मोदी आपसे ये छीन लेना चाहते हैं।


**–राहुल गांधी, कांग्रेस**

**रोचक ट्वीट**

**पिछले** 10 वर्षों से सिर्फ चंद पूंजीपतियों को लाभ पहुंचा रहे केन्द्र सरकार के विकास की एक सच्चाई यह भी है कि भारत के इतिहास में पहली बार ₹80 करोड़ गरीबों को मुफ्त अनाज देना पड़ रहा है। गरीबी का यह शर्मनाक आकड़ा है।

**– चंपई सोरेन, सीएम**





**ताश** के पत्ते जब पुराने हो जाते हैं, तो उन्हें जोकरों से बदल दिया जाता है।

**–सोनू सूद, हीरो**

# दुनिया में खाद्य संकट की आहट और बदलते मौसम की परेशानी

**सामयिक**

ऐसे वक्त में जब कोरोना संकट के बाद रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते दुनिया में खाद्यान्न संकट की आहट महसूस की जा रही है, भारतीय किसानों की पसीने की महक देश को नया आत्मविश्वास दे रही है। निस्संदेह कोरोना की पहली लहर के बाद लगे सख्त लॉकडाउन के दौरान केवल कृषि क्षेत्र ने देश की जीडीपी को संबल दिया। वैशाखी की बयार किसानों में नई उमंग भर गई है वहीं दूसरी ओर किसानों की अंतहीन समस्याएं खत्म होती नजर नहीं आ रही हैं। जहां तेज गर्मी की मार के चलते अनाज की गुणवत्ता में गिरावट आई है, वहीं किसानों को मंडियों में अनाज ले जाने से लेकर बेचने तक की प्रक्रिया में तमाम तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। विडंबना यह है कि सत्ताधीश ग्रामीण विकास, सड़कों व मंडियों के रखरखाव तथा सुविधाओं के विस्तार के लिये आवंटित धन को अन्य मदों में खर्च कर देते हैं। इससे अन्नदाता की ? अंतहीन समस्याओं का समाधान संभव नहीं होता। इसका हालिया उदाहरण पंजाब का है, जहां अब तक ग्रामीण विकास फंड के दुरुपयोग के चलते केंद्र ग्रांट पर रोक लगाने की बात कर रहा था। उसके बाद वित्तीय संकट से जूझ रही पंजाब सरकार ने कानून में बदलाव लाकर समस्या का युक्तिसंगत समाधान निकाला। पंजाब सरकार ने केंद्र की शर्तों के अनुरूप पंजाब ग्रामीण विकास (संशोधन) अध्यादेश-2022 को मंजूरी दे दी। इसके बाद राज्य सरकार रूरल डेवेलपमेंट फंड यानी आरडीएफ का पैसा केवल ग्रामीण विकास पर खर्च करेगी जिससे 1100 करोड़ रुपये की इस ग्रांट के पंजाब को मिलने का रास्ता साफ हुआ। दरअसल, इस ग्रांट को लेकर पंजाब का केंद्र से टकराव चल रहा था क्योंकि पूर्ववर्ती बादल व अमरेंद्र सरकार पर अनुदान का इस्तेमाल ग्रामीण विकास के बजाय अन्य कार्यों में खर्च करने के आरोप लगे। अब पंजाब सरकार कह रही है कि ग्रांट की धनराशि मंडियों व खरीद केंद्रों की सड़कों के निर्माण, मरम्मत, पेयजल व्यवस्था व भंडारण आदि पर खर्च की जायेगी।?

वहीं हरियाणा के किसान भी गर्मी की वजह से कम पैदावार के संकट से जूझ रहे हैं। उन्हें भरोसा दिलाया जा रहा है कि गेहूं की पैदावार औसत से कम हुई तो बीमा कंपनियां नुकसान की भरपाई करेंगी। असल में, जनवरी में बेमौसमी बारिश व मार्च माह के मध्य में अप्रत्याशित गर्मी से गेहूं की फसलों को नुकसान पहुंचा है। आशंका है कि रबी की दूसरी फसलों का उत्पादन भी अन्य वर्षों के मुकाबले कम रह सकता है। राज्यों में गेहूं की कटाई शुरू हो चुकी है। दस से पंद्रह फीसदी कम उत्पादन की बात कही जा रही है। वहीं किसानों को अधिक तापमान के चलते कई तरह की अन्य परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। हरियाणा के कई जिलों में खड़ी फसलों में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। झुलसाती गर्मी व तेज हवा आग को फैलाने की वजह बनती हैं वहीं पंजाब की मंडियों में गेहूं की फसल एफसीआई द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं आने से खरीद एजेंसियां खरीद में संकोच कर रही हैं। इसके बाद राज्य एजेंसियों के इंस्पेक्टर्स हड़ताल पर चले गये। दरअसल, यदि गेहूं की कम मानकों पर खरीद होती है और एफसीआई द्वारा कोई छूट नहीं दी जाती तो उसकी जवाबदेही इन इंस्पेक्टरों की होती है जिसके चलते वे कुछ समय के लिए खरीद प्रक्रिया से हट गये।?इसके बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में मंत्रिमंडल ने खरीद सीजन में गेहूं के सिकुड़े दानों के नियमों में पुनः विचार करने का आग्रह केंद्र सरकार से किया था जिसे बाद में केंद्र ने मान भी लिया। गर्मी के कारण गेहूं की फसल पर पड़े प्रभाव के आकलन का दायित्व इंडियन ग्रेन स्टोरेज मैनेजमेंट? एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट को सौंपा गया है।

# मौजूदा वैश्विक हालात में बेहतर स्थिति में है भारत

**सामयिक**

दुनिया भर में तेजी से बदलते घटनाक्रम के बीच मैं कई ऐसी प्रस्तुतियों से दो-चार हुआ जो भूराजनीति पर केंद्रित थीं। भूराजनीति को इतिहास के चश्मे से देखना और यह समझना दिलचस्प है कि हम आज कहां हैं। अधिकांश प्रस्तुतियों की शुरूआत वैश्विक आर्थिक शक्ति में बदलाव से हुई। बीते 2,000 से अधिक वर्षों में हमने कई महान शक्तियों का उत्थान और पतन देखा है। मेरा यह भी मानना है कि तकदीरों में यह बदलाव चक्रीय होता है और एक प्रकार से प्रति संतुलन का काम भी करता है।

भारत और चीन की आर्थिक शक्ति को ही लें तो अंगस मैडिसन के काम और ऐतिहासिक रूप से वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद की हिस्सेदारी के आधार पर हम देख सकते हैं कि सन 1800 में भारत और चीन का संयुक्त आर्थिक भार वैश्विक अर्थव्यवस्था में 50 फीसदी से अधिक था। उसके बाद दोनों कमजोर होने लगे।

भारत का पतन कहीं अधिक तेजी से हुआ और सन 1980 में वह वैश्विक अर्थव्यवस्था में 10 फीसदी योगदान के निचले स्तर तक पहुंच गया। उसके बाद सुधार आया जो आज भी जारी है और भारत तथा चीन इस समय वैश्विक अर्थव्यवस्था में 30 फीसदी के हिस्सेदार हैं। यहां से भारत का विकास और तेजी से होगा और उम्मीद है कि हम आने वाले दशकों में वापस 50 फीसदी हिस्सेदारी पा सकेंगे।

इन प्रस्तुतियों का एक और हासिल यह है कि हम चाहे जो भी सोचते और मानते हों लेकिन वास्तव में वैश्विक संघर्ष, रक्षा व्यय, वार्दी वाले लोगों की संख्या आदि आंकड़े आज भी अपने ऐतिहासिक स्तर से काफी कम हैं। इजरायल-हमास और यूक्रेन-रूस की लड़ाइयों जैसी त्रासदियों के बावजूद फिलहाल उतने लोगों की जान नहीं जा रही है जो मानवता के लंबे इतिहास में जाती रही हैं। भले ही हम ऐसा न सोचें लेकिन आज दुनिया पुराने समय की तुलना में अधिक सुरक्षित है। जाहिर है ऐसा प्रतीत होता है कि हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं और इसकी वजह से अमेरिका का संरक्षणवादी रुख और मजबूत हो सकता है। निवेशकों के लिए एक सबक यह है कि सामान्य तौर पर भूराजनीतिक झटकों का असर बहुत कम समय के लिए रहता है। ज्यादातर मामलों में यह कुछ सप्ताह तक रहता है और उसके बाद वृहद आर्थिकी दोबारा बाजार का मुख्य कारक बन जाती है। विश्व युद्ध को छोड़ दिया जाए तो भूराजनीतिक झटकों से आई किसी भी गिरावट के समय खरीदी करना बेहतर रहा है। रूस-यूक्रेन जंग में भी यही हुआ। बॉन्ड बाजारों के लिए भी सुरक्षित ठिकानों पर कारोबार कम समय ही चल पाता है, यह टिक नहीं पाता।

सबसे दिलचस्प पाठ मुझे डायचे बैंक की प्रस्तुति का लगा। वह कहता है कि आने वाले वर्षों में भूराजनीतिक तनाव के कारक के रूप में सबसे अहम चार्ट चीन, अफ्रीका और भारत की जनसंख्या को दशार्ने वाला है। इसके मुताबिक 2022 के अंत तक तीनों क्षेत्रों की आबादी लगभग 1.4 अरब थी। हालांकि उनकी आबादी के प्रोफाइल में नाटकीय अंतर मौजूद था। चीन की मौजूदा 1.4 अरब की आबादी की बात करें तो 2100 तक यह घटकर 75-80 करोड़ रह सकती है। यह संयुक्त राष्ट्र के आबादी संबंधी आंकड़ों पर आधारित है। भारत की आबादी में अभी इजाफा होगा लेकिन आगे इसमें कमी आएगी और 2100 तक यह 1.4 अरब रह जाएगी। अफ्रीका की आबादी बढ़कर चार अरब हो जाएगी। ये केवल अनुमान हैं और हालात अलग भी हो सकते हैं। अगर ये आंकड़े सच के आसपास भी हैं तो इसका आने वाले दशकों की वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था पर गहरा असर होगा।

अगर चीन की मौजूदा मंदी चक्रीय है और यह कर्ज और अचल संपत्ति की मुश्किलों से पार पा भी जाता है तो लंबी अवधि की वृद्धि संभावनाएं कमजोर ही हैं। दुनिया में ऐसा कोई देश नहीं है जो उम्रदराज होती और घटती आबादी के साथ तेजी से आगे बढ़ा हो। उत्पादकता कमजोर पड़ती श्रम शक्ति की भरपाई एक सीमा से अधिक नहीं कर सकती। इस जनसंख्या के साथ चीन दो-तीन फीसदी से तेज वृद्धि कैसे हासिल करेगा?

## स्पीड न्यूज

### मानवाधिकार सुरक्षा परिषद की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पंचायत भवन में शनिवार को जिला स्तरीय राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता परिषद के महासचिव अशोक कुमार चौहान और संचालन रॉकी अग्रवाल ने किया। बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष बृज किशोर राम, संजय गोराइ सहित रामगढ़ जिला के सदस्य शामिल हुए। चौहान ने कहा कि सभी सदस्यों को राष्ट्रीय मानवा अधिकार सुरक्षा परिषद से जोड़ने की बात कही। बृजकिशोर राम ने हर हाल में मतदान करने की अपील की। संजय गोरे ने कहा कि हमें भी सभी सदस्यों के साथ मिलकर परिषद के उद्देश्य को आगे बढ़नाा है। बैठक में सदस्यों को उनका आई कार्ड देकर सम्मानित किया। मौके पर अमन चौहान, सहनवाज अंसारी, केपी मुखर्जी, गणेश गंझू, रानी कुमारी गुप्ता , अनुज कुमार सिन्हा, अभिषेक कुमार, कृष्णा कुमार रविदास, तेलवश्वर शर्मा, हरी शंकर यादव, तेजेन्द्र कुमार, रिंकू दास, राजेश कुमार शर्मा, जीतेन्द्र कुमार, बैभव कुमार, भागीरथ महतो, ती. त्रेहन, सुरजीत सिंह, लक्ष्मी देवी, युगल पासवान, दिलीप अग्रवाल, जैकी कुमार, बजरंग रजवार, मिराज कुरैशी, दसरथ कुमार पासवान, गुरुदयाल ठाकुर, सुभाष करमाली, घनश्याम महतो, सुधांसु मिस्त्री सहित कई सदस्य मौजूद थे।

### गरीबों की सेवा सर्वोपरि : डब्लू सिंह



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय सेवा मंच समाजसेवी संस्था द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बचने आने वाले गरीबों को भोजन कराया गया। इस दौरान लगभग 150 गरीब-जरूरतमंदों के बीच पुड़ी-सब्जी व जलेबी का वितरण करते हुए अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है, ऐसे नेक व सामाजिक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में उमाशंकर जायसवाल, उदयभान दुबे, लखन राम, लालू उरांव, मो. शाहिद आदि का विशेष योगदान रहा।

### चेकनाकों का एसडीओ ने किया निरीक्षण



**रामगढ़।** लोकसभा चुनाव के दौरान रामगढ़ जिले में स्वच्छ, स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के मद्देनजर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशो के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर रामगढ़ जिले के अलग-अलग सीमाओं को चिन्हित कर कुल 6 चेक नाके बनाए गए हैं। इसी क्रम में रविवार को अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार ने चेकनाकों का निरीक्षण कर प्रतिनियुक्त स्टेटिक सर्विलांस दलों द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया वहीं उन्होंने स्वयं भी विभिन्न वाहनों की जांच कर नाके पर प्रतिनियुक्त अधिकारियों एवं पुलिस बल के जवानों को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए जांच अभियान चलाने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिया। गौरतलब है कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर रामगढ़ जिले में प्रवेश करने हेतु निर्धारित अलग-अलग सीमाओं पर कुल 6 चेक नाकें बनाए गए हैं जिनमे पुनदाग टोल प्लाजा के समीप एक, पतरातू प्रखंड के तालाटांड एवं खलारी रोड में एक - एक, गोला प्रखंड अंतर्गत चौपादारू में एक, दुलमी प्रखंड में कुल्हि क्षेत्र में एक तथा मांडू प्रखंड अंतर्गत मांडू थाना के समीप एक, चेक नाके स्थापित किए गए हैं । वही ,स्वतंत्र वह निष्पक्ष निर्वाचन के मध्य नजर प्रतिनिधित्व उड़न दस्ता दलों द्वारा भी जिले के अलग-अलग क्षेत्र में औचक जांच अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

### रामगढ़ में नन्हे खिलाड़ियों ने किक बॉक्सिंग में जीते दस मेडल



**रामगढ़।** रामगढ़ के नन्हे खिलाड़ियों ने किक-बॉक्सिंग में ऐसा कमाल दिखाया कि 10 मेडल अपनी झोली में डाल लिए। रांची के खेलगांव स्थित ताना भगत इनडोर स्टेडियम में रविवार को झारखंड एमेटर स्पोर्ट्स किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित फोर्थ झारखंड स्टेट किक-बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रामगढ़ के खिलाड़ियों का जलवा रहा। हेलो किड्स रॉबिन हुड स्कूल के बच्चों ने मेडल जीतकर जिले का नाम रौशन किया। यहां के छह प्रतिभागियों ने गोल्ड मेडल जीता जबकि चार प्रतिभागियों ने सिल्वर मेडल जीता है। स्कूल की डायरेक्टर वर्षा अग्रवाल ने बताया कि गोल्ड मेडल जीतने वालों में दृष्टि कुमारी, ईशान सिंह, युवराज बरेलिया, अवनी चौधरी, आर्या भारती और शिवाय सरावगी शामिल हैं। सिल्वर मेडल जीतने वालों में कुंज गुप्ता, अथर्व जैन, अयांश अग्रवाल और निवान कुमार शामिल हैं। इस चैंपियनशिप में राज्यभर के 500 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था, जिसमें हेलो किड्स रॉबिन हुड स्कूल के बच्चों का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा। झारखंड एमेटर स्पोर्ट्स किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ने स्कूल की डायरेक्टर को भी सम्मानित किया है।

## एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल का घाटो में जोरदार स्वागत, कहा

# जातिवाद और भ्रष्टाचार की जननी है कांग्रेस,कमल का फूल खिलायें

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हजारीबाग।** रविवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने मांडू विधानसभा क्षेत्र के घाटो कोलियरी क्षेत्र का 44 डिग्री सेल्सियस तापमान में सघन तुफानी जनसंपर्क अभियान चलाया और जनसंवाद किया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान भाजपा, आजसू और जदयू पार्टी के कार्यकर्ताओ में भी उत्साह देखा गया उन्होंने अपने- अपने पार्टी के झंडों के साथ फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर मनीष जायसवाल का गर्मजोशी से स्वागत किया। जायसवाल ने घाटो भाजपा मंडल क्षेत्र के तापीन 23 नंबर कॉलोनी, पिंडरा 42 नंबर चौक, प्रेम नगर कॉलोनी, परेज चौक, गंझु टोला, रांग टोला, बसंतपुर अटल चौक, चोपड़ा मोड़, मैलगढ़ा, केदला कॉलोनी मोड़, इचाडीह बस्ती, 3 नंबर चौक, 15 नंबर चौक, लाइयो, दूधिबांध, लाइयो बस्ती उपरटोला, महावीर चौक, ढोडा टांड़, तितर मरवा, केदला 9 नंबर टेकर स्टैंड, मुकुंदा बेड़ा और दुनी बस्ती का तुफानी दौरा कर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने और हजारीबाग से प्रचंड मतों से कमल खिलाने का आग्रह किया । घाटो के दौरे के क्रम में मनीष जायसवाल ने कहा कि संप्रदायवाद, जातिवाद और भ्रष्टाचार की जननी कांग्रेस पार्टी है। इन्हें अंग्रेजों से फूट डालो और राज करो की नीति विरासत में मिली और उन्होंने इसी नीति के जरिए हिंदुस्तान की जनता को बरगलाकर करीब 62 सालों तक राज किया लेकिन आपके वोट की ताकत ने साल 2014 में भाजपा की बहुमत की सरकार बनाई और नरेंद्र मोदी से देश की कमान संभाली तो देश के विकास के साथ समाज के निचले तबके के गरीबों का जीवन स्तर भी ऊंचा उठा। जायसवाल ने कि कांग्रेस के 62 साल के राज और नरेंद्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल का फर्क को एहसास करके ही मतदान करें। उन्होंने कहा कि मांडू विधानसभा क्षेत्र में वर्षों तक जिस परिवार ने राज किया उसके बाद भी इस क्षेत्र को विकास से दूर रखा उसका भी हिसाब करने ही यही सही वक्त है। देश को कांग्रेस मुक्त बनाएं, तीसरी बार मोदी सरकार बनाएं। आजसू के केंद्रीय महासचिव सह मांडू विधानसभा के प्रभारी तिवारी महतो ने कहा कि जनसेवा का जीवंत मिसाल है जायसवाल, इन्हें रिकॉर्ड मतों से जीताकर सांसद बनाएं और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र को विकास के पथ पर अग्रसर करें । मौके पर भाजपा के लोकसभा संयोजक रंजित सिन्हा, जिला महामंत्री रंजन फौजी, जिला उपाध्यक्ष बलराम महतो, आजसू नेता विजय साहू, जिला परिषद सदस्य भोला तुरी, घाटो भाजपा मंडल अध्यक्ष गिरधारी महतो, आजसू प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो, भाजपा नेता खुशीलाल महतो, शंकर करमाली, पंकज साहा, शिव साहू, मुकेश साहू, संजय कुमार, आजसू नेता लालचंद महतो, गुड्डू सिंह, मदन मेहता, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## लायंस इंटरनेशनल डिस्टिक 322 ए की बैठक में लिये गये कई निर्णय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### 2026 तक 15 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के सौजन्य से पतरातू लेक रिसोर्ट में रविवार को लायंस इंटरनेशनल डिस्टिक 322 ए की चौथी बैठक हुयी। इसका शुभारंभ डिस्टिक गर्वनर कमल जैन, व्याइस डिस्टिक गर्वनर शिवा वाजपेयी, सेकेंड डिस्टिक गर्वनर संजय कुमार, डिस्टिक गर्वनर एलेक्ट सुबरा मजुंमदार, क्लब की अध्यक्ष माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल, कोषाध्यक्ष अंजू देवी, कार्यक्रम के चेयरमैन रमेश अग्रवाल, कैबिनेट सचिव अरूण केजरीवाल, कोषाध्यक्ष सुजीत कुमार, पूर्व गर्वनर बीके महेन्द्रु, पूर्व गर्वनर राजीव लोचन, पूर्व गर्वनर माधव लखोटिया, पूर्व गर्वनर आनंद चौधरी, पूर्व गर्वनर कंचन सिंह, पूर्व गर्वनर सिद्धार्थ मजुंमदार, डिस्टिक चेयरपर्सन, रिजन चेयरपर्सन, जोन चेयरपर्सन आदि ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम तीसरे कैबिनेट मिटिंग का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। इस दौरान आगे के कार्यक्रमों की रूप रेखा तैयार की गई। साथ ही आने वाला सत्र कैसा होगा इसके बारे में भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम के तहत पूर्व में किये बेहतर कार्य के लिए लायंस क्लब के दर्जनों सदस्यों को सम्मानित किया गया। मौके पर वक्ताओं ने क्लब की बेहतरी के लिए अपने-अपने विचार व्यक्त किये, जिसकी खुब सराहना की गई।डिस्टिक गर्वनर कमल जैन ने लायंस क्लब के कार्यों व इसकी बेहतरी पर चर्चा करते हुए कई महत्वूपर्ण बातों को साझा किया गया। उन्होंने कहा कि कुछ खामियों के कारण अकाउंट पास नहीं हो पाया है, लेकिन इन खामियों को दूर कर अगले मिटिंग में अकाउंट पास कर दिया गया। डिस्टिक गर्वनर श्री जैन ने वर्ष 2026 तक लायंस क्लब के 15 लाख सदस्यों के लक्ष्य को हर हाल में पूरा कर लेने की बात कही। कार्यक्रम में पिछले 16-17 मार्च को पुरी में आयोजित कांफ्रेंस की समीक्षा करते हुए इसकी सराहना की गई। मौके पर लायन अशोक सिन्हा, अखिलेश शर्मा, संजय कुमार, डॉ. राजेंद्र महतो, एमके मंजुल, शिवा प्रसाद, एचएन यादव, रेखा मंजुल, निर्मल अग्रवाल, प्रमोद शर्मा, विजय वर्णवाल, रेखा वर्णवाल, डॉ. संजय सिंह, सरिता शर्मा, दीनबंधु, अजय सिंह, रेणु सिंह, रेणु जयसवाल, विमल प्रसाद, शोभा राय, राजेश अग्रवाल, सोना राम मांझी और झारखंड-बिहार से आये 250 डेलिगेट्स मौजूद थे।



लायंस इंटननेशनल डिस्टिक 322 ए की बैठक में क्लब के सदस्य।

### घर-घर जाकर संपर्क करें कार्यकर्ता : दीपक प्रकाश



**बरही।** लोकसभा चुनाव को लेकर रविवार को राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश पटना रोड स्थित होटल उज्जैना पहुंचे। उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और हजारीबाग लोकसभा उम्मीदवार मनीष जायसवाल के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को कई निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा के सभी कार्यकर्ता अपने अपने पूर्व लिस्ट के अनुसार घर-घर जाकर संपर्क करें। हजारीबाग लोकसभा में कमल का फूल खिलाकर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के हाथो को मजबूत करे।

उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता गांव-गांव, बूथ बूथ से लेकर घर घर जाकर जनता को प्रधानमंत्री के कार्यों को याद दिलाए और उनसे वोट का आग्रह करे। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अंबिका सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश यादव, विधानसभा विस्तारक जितेंद्र यादव, भाजपा ओबीसी मोर्चा के पप्पू चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

### हजारीबाग जिला टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष बने सिद्धार्थ सिंह

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला टेबल टेनिस संघ की सालाना वार्षिक आम सभा बैठक मिशन रोड स्थिति आवासीय कैम्प कार्यलय में हुई। अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह, वरीय उपाध्यक्ष करन जायसवाल का सर्वसम्मति से चयन किया गया। साथ ही उपाध्यक्ष रूचि कुजूर, सोमा अग्रवाल, अनुप राजेश लकड़ा, बहादुर राम, महासचिव भैया मुरारी सिन्हा, संयुक्त सचिव रविंद्र कुमार, ज्योति कुमारी, कोषाध्यक्ष अमित मल्होत्रा, कार्यकारणी समिति सदस्य बादल अग्रवाल, सत्यम हिमांशु, विकास कु दास, शत्रुजय कुमार चयन किया गया। धन्यवाद ज्ञापन अनुप राजेश लकड़ा ने किया।

## करियर कांउस्लिंग स्कॉलरशिप का प्रथम टेस्ट संपन्न

▸▸ मेधावी छात्रों के लिए लाभदायक होगा यह टेस्ट : संतोष कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित कुमार क्लासेस के तत्वावधान में रविवार को बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित महात्मा गांधी उच्च विद्यालय में करियर कांउस्लिंग बोर्ड स्कॉलरशिप 2024 के प्रथम टेस्ट परीक्षा हुआ। टेस्ट परीक्षा में 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा दे चुके लगभग 60 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

संस्थान के निदेशक संतोष कुमार ने बताया कि यह स्कॉलरशिप 10वीं एवं 12वीं के बाद के मेधावी विद्यार्थियों को टेक्निकल कोर्ष करने के लिये को दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह का टेस्ट परीक्षा आगे भी आयोजित की जायेगी। जो बच्चे स्कॉलरशिप के लिए टेस्ट देना चाहते हैं वे कुमार क्लासेस के ऑफिस में आकर फार्म भर सकते हैं।

श्री कुमार ने कहा कि यह टेस्ट मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगा। मौके पर करियर कांउस्लिंग बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. एसके सिंह, संस्था के निदेशक संतोष कुमार, शिक्षक संतोष रजक, रिया कुमारी सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## एक नजर में

### कुशवाहा महासभा का स्थापना दिवस मना




**रामगढ़।** झारखंड कुशवाहा महासभा के जिला अध्यक्ष चतुर्भुज कश्यप के कार्यालय फौजी कॉम्प्लेक्स गोला में रविवार को झारखंड कुशवाहा महासभा का 13वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गौतम बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जलित कर एवं पुष्पाजंलि अर्पित कर की गई। महासभा के जिला अध्यक्ष चतुर्भुज कश्यप ने कुशवाहा समाज को गौतम बुद्ध के नीति और सिद्धान्त पर चलने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने सामाजिक व राजनीतिक एकता लाने की अपील की। बैठक में उपस्थित सभी सम्मानित अधिकारियों व सदस्यों के सर्वसम्मति से शादी बाराती में शाकाहारी भोजन का प्रस्ताव लाया गया। मौके पर झारखंड कुशवाहा महासभा के संरक्षक सुबोध दांगी, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार, उपाध्यक्ष सुबोध महतो, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर कुमार महतो, युवा जिला अध्यक्ष कुंदन कुमार कुशवाहा, कुशवाहा भवन के अध्यक्ष लखिन्द्र कुमार, गुलाब कुशवाहा,सुरेश महतो,जोगेंद्र महतो,प्रयाग महतो,संजय कुमार महतो,गौतम महतो,प्रकाश महतो,रंजीत महतो,उज्ज्वल कुमार,नीतीश कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

### पूर्व प्रमुख गिरधारीलाल यादव कांग्रेस में शामिल



**बरही।** बरही प्रखंड के पूर्व प्रमुख गौरियाकरमा निवासी झारखंड कोऑपरेटिव फेडरेशन के डायरेक्टर गिरधारी लाल यादव शनिवार को कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। जिला कांग्रेस कार्यकारणी की बैठक में गिरधारीलाल यादव को कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव, जिला कांग्रेस प्रभारी अजय सिंह, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद साव, एससी डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह, झारखंड प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष भीम सिंह ने पार्टी का पट्टा पहनाकर शामिल करवाया। जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों ने गिरधारी लाल यादव को बधाई दी। बधाई देने वालों में कांग्रेस विधायक उमाशंकर अकेला, जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव, जिला कांग्रेस प्रभारी अजय कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष भीम सिंह, झारखंड प्रदेश एससी डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, बरही प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा व जिला मीडिया प्रभारी निसार खान सहित अन्य कांग्रेसी शामिल है।

### बरही स्टेशन पर ट्रेन कटकर महिला की मौत

**बरही।** शनिवार रात बरही रेलवे स्टेशन पर बरकाकाना कोडरमा पैसेंजर ट्रेन से कटकर 38 वर्षीय महिला मुन्नी देवी की मौत हो गई है। महिला डोमचांच थाना अंतर्गत महेशपुर की रहने वाली थी जो 12 वर्षीय पुत्र सौरभ के साथ बरहीडीह स्थिति अपने मायके आ रही थी। जानकारी के अनुसार ट्रेन 16 .37 में स्टेशन पर पहुंची और निर्धारित ठहराव के बाद जैसे ही चली महिला ट्रेन से उतरने लगी, पैर फिसला और नीचे चली गई। ड्राइवर इमरजेंसी ब्रेक भी लगाया परंतु तब तक घटना घट चुकी थी। घटना की जानकारी होती ही परिजन और स्थानीय ग्रामीण स्टेशन पर पहुंचकर विभागीय लापरवाही का आरोप लगाते हुए उचित मुहावजे की मांग करने लगे। मौके पर पहुंचे कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वासी ने बताया कि घटना रेलवे की लापरवाही की वजह से हुई है। ट्रेन समय से पूर्व बिना किसी सिग्नल के खुल गई, जिससे यह घटना घटी है। स्टेशन पर कुव्यवस्था का आलम है। जीआरपी पुलिस भी लापरवाह है, नोटिफाइड एरिया का बहाना बनाकर सिर्फ रेलवे की संपत्ति देखने के लिए नियुक्त बताए जाते है। इन्हें यात्री या जनता से कोई मतलब नहीं है। वही स्टेशन मास्टर चंदन केसरी ने बताया कि घटना के लिए रेलवे जिम्मेदार नहीं है। ट्रेन निर्धारित ठहराव और सिग्नल के बाद खुली है। इसकी जानकारी विभागीय अधिकारियों को दी जा चुकी है, नियमानुसार विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। इधर घटना के लगभग ढाई घंटे बाद स्थानीय पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। घटना स्थल पर सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, प्रमोद सिंह, गुड्डू निषाद, मोती सिंह, राजद नेता राजेंद्र स्वर्णकार आदि सहित सैकड़ों लोग पहुंचकर उचित मुआवजे की मांग कर रहे थे।

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**चरही।** थाना क्षेत्र के ग्राम फुसरी में रविवार दोपहर में एक महिला ने गले में फांसी लगाकर आत्महत्या की। जानकारी के अनुसार फुसरी निवासी मनु टुडू की 29 वर्षीय पत्नी मालती हंसदा ने दोपहर में अचानक अपने कमरे में गईऔर गले में दुपट्टे से फांसी का फंदा लगाकर घर के अंदर लगे पंखे से झूलकर आत्महत्या कर ली। मृतक के सास ने पोती को खाना खाने के लिए भेजी, जब पोती ने मां को पंखे से झूलते देख इसकी जानकारी घर वालों और ग्रामीणों को दिया।ग्रामीणों ने इसकी सूचना चरही पुलिस और मायके वालों को दी। मृतक महिला के माता-पिता और रिश्तेदार बेटी के ससुराल पहुंचे। चरही थाना प्रभारी गौतम कुमार भी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उसके बाद फांसी के फंदे से झूल रही महिला को नीचे उतारा गया। महिला की मां प्रशमिला देवी, पिता प्रभुदयाल हंसदा, पति मनु टुडू सहित अन्य परिजनों से बयान लिया गया। उसके बाद पुलिस ने पंचनामा की प्रक्रिया को पूरी कर एम्बुलेंस से शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया गया।

### पासवान समाज ने मनाया चौहरमल की जयंती



**बरही।** उत्तरी छोटानागपुर पासवान समाज के लोगों ने बाबा चौहरमल की जयंती मनाया। इसकी अध्यक्षता पूजा समिति के अध्यक्ष कार्तिक पासवान व संचालन बैजू गहलौत ने किया। कांग्रेस एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान भी शामिल हुए। कार्यक्रम में बरही एसडीपीओ सह अपर पुलिस अधीक्षक सुरजीत कुमार भी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा चौहरमल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।प्रमंडल के सभी अतिथियों को स्थानीय कमिटी के लोगों ने पगड़ी व माला पहनाकर स्वागत किया। बरही एसडीपीओ सुरजीत कुमार को स्थानीय कमिटी के लोगों ने बाबा साहब भीम राव अंबेडकर द्वारा लिखी संविधान की पुस्तक व उनकी प्रतिमा भेंट किया। कांग्रेस एससी सेल के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान ने कहा कि वीर शिरोमणि चौहरमल पासवान समाज के धरोहर थे। उन्होंने समाज के उत्थान में अच्छी भागीदारी निभायी। आज हमलोग वीर गाथा का वर्णन करते आ रहे हैं। श्री पासवान ने कहा कि बाबा चौहरमल का जीवन त्याग, बलिदान एवं सामाजिक सद्भाव के रूप में जाना जाता है। उन्होंने समाज की रक्षा की, आज उनके बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। इसके अलावा श्री पासवान ने महिला उत्थान, समाज में कुप्रथा पर चर्चा मरते हुए राजनीतिक रूप से मजबूत होने का संदेश लोगों को दिया। मौके पर प्रकाश पासवान, कुंदन पासवान, मिस इंडिया 2019 परी पासवान, मुकेश पासवान, रामस्वरूप पासवान, शेखर पासवान, श्रीराम पासवान, जयप्रकाश पासवान, जिला परिषद सदस्या शान्ति प्रिया, जीप सदस्या चौपारण आरती कौशल, भानुमति पासवान, सिमरिया प्रभारी राधा देवी, बबलू पासवान, कुंदन पासवान, पूजा समिति अध्यक्ष कार्तिक पासवान, बिरजू लाल पासवान, रेवाली पासवान, डिलो पासवान, सुधीर पासवान, उमेश पासवान, राजू पासवान, गोल्डी पासवान, संजय पासवान, महेश पासवान, उमेश पासवान, अजित पासवान, टिंकू पासवान, भोली पासवान, आशीष पासवान, रिंकू पासवान, पंकज पासवान, गोल्डी पासवान सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### जनता काम का मांग रही हिसाब, भाजपा वाले भटका रहे ध्यान : विनोद

इंडिया गठबंधन के भाकपा माले उम्मीदवार कमरेड विनोद सिंह ने कहा कि झारखंड में सबसे ज्यादा सत्ता में भाजपा रही है। पिछले 10 सालों से भाजपा केंद्र में सरकार चला रही है। मगर कोडरमा-गिरिडीह इलाके में सबसे ज्यादा पलायन हुई। इन मजदूरों के लिए भाजपा ने कोई नीति तो नही बनाई, लेकिन पलायन करने के लिए ट्रेन रुकवाने का श्रेय जरूर ले रही। उन्होंने कहा कि कोडरमा-गिरिडीह के लोगों के लिए लंबी दूरी की कोई ट्रेन नही खुलती। उन्होंने कहा कि भाकपा माले ने झारखंड के जनता के मुद्दे विधानसभा में भी ईमानदारी से उठाया और सडकों पर भी, इसके सकारात्मक बदलाव भी आए है। उन्होंने कहा कि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में स्थितियां बद से बदत्तर में पहुंच गई है। स्थितियां और हालात काम और जनता की जरूरत के अनुरूप नीतियों को लागू करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा सांसद से जनता 5 वर्ष के काम का हिसाब मांग रही है, मगर हिसाब तक नही दे पा रही है। काम की जगह जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास भाजपा वाले कर रहें है। उन्होंने कहा देश में संविधान और लोकतंत्र को लगातार कमजोर किया जा रहा, भाजपा नेता खुलेआम संविाान बदलने की बात कर रहें है, देश गंभीर परिस्थियों से गुजर रही है। उन्होंने कहा कि जनता से हर तरह के सहयोग लेकर चुनाव मैदान में हूं, इतना भरोसा दिला सकता हूं, जनता के रोजी, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, पलायन और अधिकारों को लेकर संसद में आवाज गूंजेगी। साथ में जनता के साथ कंधे से कंधे मिलाकर सड़क पर भी आवाज गूंजेगी और समाधान निकालेंगे।

### इंडिया समर्पित भाकपा माले प्रत्याशी विनोद सिंह को विजयी बनाने का किया आह्वान

# इंडिया गठबंधन का जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न, बदलाव का लिया संकल्प

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** रविवार को इंडिया गठबंधन का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन झुमरीतिलैया स्थित शिव वाटिका में संपन्न हुई। सम्मेलन की अध्यक्षता इंडिया गठबंधन के जिला संयोजक सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव एवं संचालन माले नेता इब्राहिम अंसारी ने किया। सम्मेलन में भाकपा-माले के राष्ट्रीय महासचिव कॉ. दीपांकर भट्टाचार्य, राजद नेता सह श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बड़कागांव कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद, कांग्रेस कोडरमा प्रभारी शहजादा अनवर, माले नेता राजकुमार यादव के अलावे कोडरमा लोकसभा के भाकपा-माले प्रत्याशी विनोद सिंह बतौर वक्ता मुख्य रूप में शामिल हुए। वहीं इंडिया गठबंधन के नेताओं और वक्ताओं का इंडिया गठबंधन ने पुष्पगुच्छ और माला पहनाकर स्वागत किया। सम्मेलन में राजद, कांग्रेस, जेएमएम, भाकपा-माले, सीपीआई, सीपीएम, आम आदमी पार्टी समेत प्रगतिशील संगठन और दलित संगठन, मजदूर यूनियन के नेता मंच पर विराजमान रहे। वहीं सम्मेलन में इंडिया गठबंधन के घटक दलों के कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद रहे।

लोकसभा चुनाव में बदलाव की उम्मीद को लेकर इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता शिव वाटिका पहुंचे। शिव वाटिका कार्यकर्ताओं से खचाखच भरा रहा। कार्यकर्ता से उत्साह से लबरेज रहे और नारेबाजी कर एक दूसरे का उत्साह बढ़ाते रहे। कार्यकर्ताओं में सभी वर्गों और महिलाओं की भागीदारी देखी गयी। वहीं युवाओं की भी भारी भीड़ उमड़ी। कॉमरेड विनोद सिंह के समर्थन करने कई पुराने नेता भी सक्रिय रहे।

सम्मेलन को इंडिया गठबंधन के घटक दलों के नेताओं ने संबोधित किया। जेएमएम से जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय, जिला सचिव श्यामदेव यादव, राजद से बोकारो विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अवधेश प्रसाद सिंह, प्रदेश महासचिव डॉ. जावेद अख्तर, युवा राजद जिलाध्यक्ष मनोज रजक, संजय दास, घनश्याम, सरफुद्दीन अंसारी, सरफराज नवाज खान, विजय सिंह तुरी, भागीरथ पासवान, सईद नसीम, लीलावती मेहता, दामोदर यादव, असीम सरकार, रमेश प्रजापति, प्रकाश रजक, महादेव राम, महेश सिंह के अलावे उदय द्वीवेदी, प्रेम पांडेय, बसपा जिलाध्यक्ष प्रकाश अंबेडकर, दलित चिंतक इंद्रदेव राम, प्रेम प्रकाश, अमरजीत कौर आदि ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।





## इस बार गठबंधन की जीत तय

भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि देश भर में इंडिया गठबंधन की एकता उत्तर से दक्षिण-पूरब से पश्चिम तक मजबूत हुई है। कोडरमा में यह चुनाव संविधान को बचाने के लिए कोडरमा को बदलने के लिए और देश को आगे बढ़ाने के लिए हो रहा है। उन्होंने कहा कि दो चरण के चुनाव के बाद पीएम मोदी खिशियल बिल्ली खंबा नोचने वाली मुहाबरा चरितार्थ करते नजर आ रहें है। उनकी बौखलाहट उनकी भाषा से साफ प्रतीक हो रही है। देश की जनता सबकुछ समझ रही है। उन्होंने कहा कि देश में गर्मी जरूर बढ़ गयी है, लेकिन संविाान-लोकतंत्र बचाने का जनसंकल्प धीरे-धीरे मजबूत होता चला जाएगा। इंडिया गठबंधन को स्पष्ट बहुमत और निर्णायक बहुमत मिलेगी, इस बार इंडिया गठबंधन की सरकार बनना तय है। उन्होंने कहा कि दो चरण के बाद 400 का नारा बंद हो गया, जनता को अब भाजपा डरा रही है। भाजपा कहती है इंडिया गठबंधन की सरकार आएगी तो क्या से क्या हो जाएगा। मोदी जी और भाजपा वाले कल तक अपनी सरकार बनने की बात कहते थे, लेकिन अब उन्हें लगने लगा है कि इंडिया सरकार बनाने जा रही है। भारत में इस चुनाव में अबकी बार 2004 साल का इतिहास दोहराया जाएगा, क्योकि 2004 में इंडिया साइनिंग नारा को जनता ने खारिज कर अटल-आडवाणी जी की सरकार को बेदखल कर मनमोहन सिंह की सरकार बनाई थी। उन्होंने कहा कि मोदी जी के जुमले, झूठ का अंत जनता करने वाली है।

### भाजपा ने ढिबरा-पत्थर व्यवसाय को बर्बाद कर दिया, बेरोजगारी बढ़ी : राजकुमार

भाकपा माले राजानवार के पूर्व विधायक कॉमरेड राजकुमार यादव ने कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कोडरमा के ढिबरा, पत्थर व्यवसाय को बर्बाद कर दिया। ढिबरा, पत्थर और क्रशर से लाखों लोगों का जीवन यापन चलता था। मगर भाजपा ने गरीबों के पेट पर लात मार कर व्यवसाय को बर्बाद कर दिया। भाजपा सालों से कोडरमा में राज कर रही है, मगर जनता के सवालों पर कभी सड़क पर नही उतरी। इस बार जनता भाजपा को सबक सिखाने के लिए तैयार है। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी पर निशाना सााते हुए कहा कि मंत्री पद पर रहते हुए शिक्षा क्षेत्र की कोई उपलब्धि जनता को गिना नही पा रही।

### मोदी सरकार दलित, आदिवासियों व झारखंडी लोगों के कदमों में कांटे बिछाए : सत्यानंद भोक्ता

झारखण्ड सरकार के मंत्री और राजद नेता सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि कोरोना के समय हवाई चप्पल पहनने वालो को गठबंधन सरकार ने हवाई जहाज से वापस लाया था। सरकार ने जल, जंगल जमीन के मुद्दे पर क्रांतिकारी कदम उठाई। हेमन्त सरकार की लोकप्रियता से भाजपा की केंद्र सरकार बौखला गयी है। झारखण्ड में पीएम आवास का पैसा रोक दिया गया। झारखण्ड के रयल्टी का पैसा भी रोक कर विकास बाधित करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने दलित, आदिवासियों और झारखंडी लोगों के कदमों में कांटे बिछाए।

### सांसद बदलें हालात बदलेंगे : अम्बा प्रसाद

बड़कागांव कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि कोडरमा के लोग बिजली-पानी के लिए भी परेशान है। कोडरमा का मान सम्मान ढिबरा पत्थर, क्रशर पर भाजपा की टेढ़ी नजर है। ढिबरा मजदूरों की हक़ की बात ना संसद में उठी, ना उनकी आवाज सड़क पर भाजपा ने उठाई। ढिबरा के लिए विनोद सिंह ने विधानसभा में भी आवाज उठाई और सड़को पर संघर्ष कर जेल भी गए। उन्होंने कहा की जाति-धर्म के नाम पर लोगों को बांट कर असली मुद्दों से भटकाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झूठ की फैक्ट्री चल रही है, इंडिया गठबंधन ईमानदारी और सच के रास्ते पर चलकर विनोद सिंह को सांसद बनाएगी। उन्होंने कहा कि केटीपीएस के रहते आम लोगों को 24 घंटे बिजली नही मिल पा रही।

## भोगता ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने की घोषणा की



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** चतरा में आगामी लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा के पूर्व विधायक जयप्रकाश सिंह भोगता ने बगावती तेवर अपनाते हुए भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने की घोषणा की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने जयप्रकाश के चुनाव लड़ने पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बातचीत कर चुनाव नहीं लड़ने के लिए समझाने का प्रयास करेंगे, लेकिन नहीं मानने पर चुनाव लड़ने का सभी को अधिकार है। निर्दलीय प्रत्याशी जयप्रकाश को कांग्रेस जिला महासचिव राजवीर समेत अन्य पार्टी कार्यकताओं ने भी समर्थन दिया है, जिससे भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया है कि महागठबंधन की ओर से जयप्रकाश भोगता को डमी कैंडिडेट के रूप में मैदान में उतारा जा रहा है। जयप्रकाश ने कहा कि चतरा में उत्पन्न राजनीतिक परिदृश्य और जन भावना को देखते हुए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है और उन्होंने तमाम लोकसभा वासियों से नामांकन में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी स्थानीय हो या गैर-स्थानीय वह मायने नहीं रखता, जहां लोकतंत्र है वहां सभी चुनाव लड़ने के लिए स्वतंत्र हैं। जयप्रकाश ने कहा कि जनता के बीच जा रहे हैं और परिणाम की चिंता नहीं करते, लेकिन जनता का जो भी निर्णय होगा वह स्वीकार है। उन्होंने कहा कि चतरा में विकास की असीम संभावनाएं हैं और वह अपने संसदीय क्षेत्र में मूल सुविधाओं को बेहतर बनाने और चतरा को और बेहतर बनाने के लिए काम करना चाहते हैं।

### मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की आज चतरा में चुनावी सभा

**चतरा।** मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री और प्रखर वक्ता मोहन यादव आज चतरा के हंटरगंज में चुनावी सभा करेंगे। वे भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। चुनावी सभा आज 29 अप्रैल सोमवार को दोपहर 3 बजे ब्लॉक मैदान में होगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव जी हेलीकॉप्टर से आएंगे और उनके लिए हेलीपैड का निर्माण कार्यक्रम स्थल के समीप कराया जा रहा है।

### जिला स्तरीय प्रजापति (कुम्हार) महासंघ की बैठक

**चतरा।** रविवार को प्रजापति (कुम्हार) महासंघ जिला चतरा का जिला स्तरीय बैठक जिला अध्यक्ष गौतम कु प्रजापति के निवास स्थान पर हुई। बैठक में सामाजिक सर्वे कराने का निर्णय लिया गया। साथ ही बैठक में मुख्य रूप से 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में 62000 प्रजापति समाज एकजुटता के साथ वोट देगा, जिससे किसी भी उम्मीदवार के जीत-हार में निर्णायक वोट साबित होगा। बैठक में जिला कमिटी एवं जिले के सभी प्रखंडो से प्रखंड अध्यक्ष, सचिव एवं बुद्धिजीवी उपस्थित हुए। बैठक में जिला अध्यक्ष गौतम कु प्रजापति, सचिव कमलेश प्रजापति, उपाध्यक्ष विनोद प्रजापति, विशाल कुमार, कोषाध्यक्ष उमेश प्रजापति, मीडिया प्रभारी पप्पू कुङ्ग प्रजापति, संरक्षक इंद्रु राम, हंटरगंज प्रखण्ड अध्यक्ष रंजित प्रजापति सचिव सरोज प्रजापति, कामता प्रजापति, उमेश प्रजापति, महेंद्र प्रजापति, लवालोंग प्रखंड अध्यक्ष जगदेव प्रजापति, सचिव राजेश प्रजापति एवं मीडिया प्रभारी बबलू कुमार प्रजापति, कान्हाचटी प्रखंड से प्रखंड अध्यक्ष विनोद प्रजापति, सचिव रामकृष्ण प्रजापति, कोषाध्यक्ष जागेश्वर प्रजापति, मयूरहंड प्रखंड अध्यक्ष जगदीश प्रजापति, सिमरिया से बिरजू प्रजापति, रामब्रिछ प्रजापति, चतरा सदर नगर अध्यक्ष शंभू प्रजापति, समाजसेवी गोविंद प्रजापति, राम कुमार, गोविंद प्रजापति बरैनी, जितेंद्र कुमार एवं दर्जनों बुद्धिजीवी व्यक्ति शामिल हुए।

## सामाजिक कुरीतियों को उखाड़ फेंकने का समय : संत रामपाल जी



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** संत रामपाल जी महाराज के अध्यात्म ज्ञान सत्संग देश के कोने-कोने में लगातार आयोजित हो रहे हैं। चतरा जिले के हंटरगंज प्रखंड के सोवादग गाँव में प्रोजेक्टर के माध्यम से सत्संग का आयोजन किया गया। संत रामपाल जी महाराज के स्थानीय अनुयायियों ने रविवार को संत रामपाल जी महाराज के सत्संग प्रवचन का आयोजन किया था। संत जी ने अपने प्रवचनों में बताया कि पूरे विश्व में जितने भी प्राणी हैं, सभी एक परमात्मा की संताने हैं। अज्ञानतावश सभी सुनी-सुनाई भक्ति साधनाओं पर आरूढ़ हैं। संत जी ने वेदों, गीता, कुरान, पुराण, गुरुग्रंथ साहिब तथा पवित्र बाइबल से प्रमाणित करके बताया कि पूर्ण परमात्मा केवल एक है, उसका नाम कबीर है।

वही सबके सृजनहार और सर्व सुखदाता प्रभु है तथा उस परमात्मा की भक्ति की विधि भी केवल एक है। इस अवसर पर रवीन्द्र प्रसाद सिंह, टुनटुन प्रसाद, रौशन कुमार, महेंद्र प्रजापति, अंजना दासी, अंशु कुमारी, किरण कुमारी समेत सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### इटखोरी बाजार से अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू, 30 अप्रैल को होगी मापी

**चतरा।** जिले के इटखोरी बाजार में अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रखंड मुख्यालय स्थित इटखोरी बाजार की सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिए 30 अप्रैल को भूमि का मापी कर अतिक्रमण मुक्त का कार्य किया जाएगा। इसको लेकर जगह जगह पर्चा भी चिपकाया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभार अंचल अधिकारी सोमनाथ बांकिरा ने बताया कि आगामी 30 अप्रैल को मुख्य चौक को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए बड़े पैमाने पर सीमांकन किया जाएगा।

### पति के हत्या आरोपी पत्नी रूनती देवी को भेजा गया जेल

**चतरा।** प्रतापपुर थाना क्षेत्र के लिप्ता गांव में 35 वर्षीय राजेश यादव उर्फ बोधन यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। उनकी पत्नी रूनती देवी को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने हत्या करना स्वीकार कर लिया। राजेश यादव की निर्ममता से हत्या करने के बाद उन्हें खटिया पर लिटाकर आग लगा दी गई थी। घटना के दूसरे दिन पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और रूनती देवी को हिरासत में ले लिया।दो दिनों की पूछताछ के बाद रूनती देवी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### युवती के साथ दुष्कर्म, कार्रवाई की मांग

**सिमरिया (चतरा)।** प्रखंड के कसारी निवासी अल्पसंख्यक समुदाय की एक युवती ने अपने ही समुदाय के युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है और सिमरिया थाना को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। अपने आवेदन में युवती ने कहा है कि लोहंसिंगना गांव के युवक सलमान जो उसके पिता का रिश्तेदार है शादी का झांसा देकर उसके साथ लगभग दो वर्षों से जबरन शारीरिक संबंध बना रहा था। इधर उससे जब भी शादी की बात कर रही हूं वह टाल मटोल का रवैया अपना रहा है। पिछले 27 अप्रैल की रात भी उसने मुझे फोन कर घर से बाहर बुलाया और जबरदस्ती दुष्कर्म किया। हो हल्ला मचाने के बाद मेरे परिवार के लोग आए और उसे पकड़ लिया।

## एक नजर में

### अक्षय आनंद ने जेइइ मेंस में हासिल किया 99.29 परसेंटाइल

**चतरा।** हंटरगंज प्रखंड के अक्षय आनंद ने जेईई मेंस में 99.29 पर्सेंटाइल हासिल किया। अक्षय ने 2022 में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल चुटिया से दसवीं पास की और वर्तमान में रांची के जेवीएम श्यामली का छात्र है। उसने रांची के चैंप स्क्वायर से कोचिंग ली और 12 से 15 घंटे पढ़ाई करके यह सफलता हासिल की। अक्षय अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत, गुरुजनों के मार्गदर्शन, माता-पिता के आशीर्वाद और अपने समर्पण को देता है। उसकी माँ रीना प्रसाद का कहना है कि अक्षय का अनुशासन, नियमित अभ्यास और सॉफ्ट स्किल ने उसे यह सफलता दिलाई है।

### बिहार के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार का किया गया भव्य स्वागत

**कोडरमा।** बिहार सरकार के कृषि मंत्री डॉ.प्रेम कुमार का नगरखारा स्थित भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओबीसी मोर्चा बिनोद कुमार मुन्ना के आवास पर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके कोडरमा नगर पंचायत चंद्रवंशी समाज के गण्यमान लोगों ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस मौके विधायक डॉ.नीरा यादव भी मुख्य रूप से उपस्थित रहीं, जहां लोक सभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई। मौके पर बिनोद कुमार मुन्ना, उमेश राम, रामेश्वर रवानी, प्रवीण चंद्रा, चंद्रवंशी दीपक नवीन, देवेंद्र कुमार, संतोष चंद्रवंशी, सीताराम चंद्रवंशी (भगत जी), राहुल वर्मा, अभिषेक कुमार, सोनू चंद्रवंशी, टीपू सिंह चंद्रवंशी व सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### 15 फिट गढ़े में गिरा कार, बाल बाल बचे लोग

**सतगावां (कोडरमा)।** बिहार के शराबियों ने सतगावां थाना क्षेत्र के पेट्रो जलप्रपात में रविवार को जम कर शराब पिया और पेट्रो जलप्रपात से आने के क्रम में बदाल गांव के लोगों से उलझते हुए तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए गया-देवघर रोड पर सिंहास स्थित पुल के समीप लगभग 15 फिट गढ़े में गाड़ी को छलांग लगा दिया। जिससे वाहन पर सवार नशेड़ियों में प्रतीक कुमार पिता विनोद प्रसाद ग्राम मथुरिया जिला नालंदा, 17 वर्षीय रौशन कुमार पिता लीबू चौधरी बिहार शरीफ जिला नालंदा, 16 वर्षीय शिवम कुमार पिता विनोद प्रसाद, 26 वर्षीय राहुल कुमार पिता अर्जुन चौधरी, 21 वर्षीय राहुल कुमार पिता विजय प्रसाद तीनों रामचन्द्रपुर जिला नालंदा को चोटें भी आई। वहीं किया कार संख्या बीआर01एचआर/2360 की प्रखच्चे उड़ गए। वहीं सूचना पाकर थाना प्रभारी विजय गुप्ता अपने दल बाल के साथ शराबियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां भेज कर प्राथमिक उपचार के उपरांत थाना लाया गया। साथ ही छतिग्रस्त कार को जेसीबी से टोचन कर थाना लाया गया। समाचार लिखे जाने तक अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

### हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**चंदवारा (कोडरमा)।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के इंडी गठबंधन से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी जय प्रकाश पटेल ने चंदवारा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में रविवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। सर्व प्रथम इंडी गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने जामुखांडी गांव के समीप सांसद प्रत्याशी जेपी पटेल एवं बरही विाानसभा क्षेत्र के विधायक उमाशंकर अकेला यादव को गाजे बाजे के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। जनसंपर्क अभियान उरवां, पथलगड्डा, मदनगुंडी, आरागारो, जोंगी, भोंडो, चोराही, चंदवारा, बेंदी गांव में चलाया गया, जगह जगह पर अपने संबोधन में जेपी पटेल ने कहा की भाजपा के मोदी सरकार ने देश के मासूम जनता को लूटने का काम किया है, वहीं मंहगाई चरम सीमा पर है।

### योग क्रांतिकारी योगी सुषमा सुमन को आयरन लेडीज उपाधि से किया गया सम्मानित

**कोडरमा।** जिले की योग क्रांतिकारी योगी सुषमा सुमन को रविवार को धनबाद में अखिल भारतीय संत समिति झारखंड प्रांतीय बैठक में आयरन लेडीज उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान स्वामी जितेंद्रनंद सरस्वती जी महाराज राष्ट्रीय महामंत्री के द्वारा दिया गया। वहीं झारखंड प्रांत के महामंत्री पूज्य स्वामी हसानंद गिरी जी महाराज ने अंग वस्त्र देखकर सुषमा सुमन को सम्मानित किये। वहीं सुषमा सुमन ने दोनों महाराज को कोटि-कोटि नमन की साथ में स्वामी रामदेव जी महाराज को भी नमन की। वहीं उन्होंने कही कि आज बाबा रामदेव के मार्गदर्शन से सम्मान मिला है, इसके लिए जिला वासियों को बहुत-बहुत धन्यवाद।

## प्रधानमंत्री के विकास कार्यों को घर-घर जाकर बताने का कार्य करें : दीपक प्रकाश

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला कोर कमेटी, जिला पदाधिकारी, मंच मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्षों की एक बैठक केंद्रीय में शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी के आवास पर संपन्न हुई। बैठक कि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनूप जोशी व संचालन जिला महामंत्री शिवेन्द्र नारायण सिन्हा ने किया।

बैठक में मुख्य रूप से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, विधायक डॉ. नीरा यादव उपस्थित हुए। वहीं दीपक प्रकाश ने सभी मंडल अध्यक्षों से सभी बुथो का वृत लिया और निर्देश दिया कि आप अपने बुथों पर पन्ना प्रमुख बनाएं। सभी प्रमुख कार्यकर्ताओं को भी कहा कि अपने-अपने बुथों पर पन्ना प्रमुख की भूमिका निभाएंगे। सभी नेता एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्यों को घर-घर जाकर बताने का कार्य करें और आप अपने प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को रिकर्ड मतों से विजयी बनावें। वहीं बालमुकुंद सहाय ने कहा कि मंडल अध्यक्ष अपनी कोर कमेटी बनाएं और उन्हें कार्यभार दें की संयोजक, सहसंयोजक बूथ अध्यक्षों के साथ घर-घर जाकर जनसंपर्क अभियान करें और मोदी जी के जनहित कार्यों को घर-घर पहुंचाएं और मोदी जी का प्रणाम का संदेश दें। हर बूथ पर 10 प्रतिशत वोट बढ़ाने का सफल प्रयास करें। वहीं विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा मोदी जी की लाभार्थी योजनाओं से सभी लोगों को लाभ मिला है, केवल आप लोग जनसंपर्क कर लोगों को बताएं। मोदी जी ने जनता के हित के लिए क्या कार्य किया और आगे आने वाली सरकार में जिनका आवास नहीं है पूरे देश में 3 करोड़ नया आवास बना कर दिया जाएगा। वहीं जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा 76 वर्ष की आजादी के बाद जो मूलभूत सुविधाएं जनता को मिलनी चाहिए थी वह आज तक नहीं मिली। 60 वर्षों के कांग्रेस कार्यकाल में केवल जनता को ठगने का कार्य हुआ। विकास तो अटल बिहारी वाजपेई जी की सरकार और मोदी जी की सरकार में ही नजर आए, अंतिम पायदान तक बैठे आदमी को सरकार ने मूलभूत सुविधाएं दिलाने का सफल प्रयास किया। रोटी, कपड़ा और मकान और स्वास्थ्य शिक्षा यह जनता का मूलभूत अधिकार है जो केवल भारतीय जनता पार्टी ही दे सकती है। 70 वर्ष से अधिक के आयु के सभी वर्गों को आयुष्मान कार्ड का लाभ मिले यह भारतीय जनता पार्टी हमारी सरकार ही कर सकती है। सभी कार्यकर्ताओं से 2 मई को गिरिडीह चलने का आह्वान किया कि हमारी प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी नामांकन के दिन हजारों की संख्या में कार्यकर्ता गिरिडीह पहुंचे। मौके पर प्रणव वर्मा, भैया अभिमन्यु प्रसाद, विनय सिंह, रामनाथ सिंह, नितेश चन्द्रवंशी, रमेश सिंह, रवि मोदी, प्रकाश राम, सुरेश यादव, बिरेंद्र सिंह, राजकुमार यादव, देवनारायण मोदी, शिवलाल सिंह, जुहीदास गुप्ता, राजेश सिंह, चन्द्रशेखर जोशी, मनोज कुमार झुन्नु, सुभाष मोदी, बालमुकुंद सिंह, कान्ति देवी, बैजनाथ यादव, शशिभूषण प्रसाद, डॉ. नरेश पंडित, विरेन्द्र मेहता, देवेन्द्र कुमार, प्रवीण पाण्डेय, सुरज मेहता, कामिनी देवी, अरशद खान, कोडरमा ग्रामीण मंडल अयक्ष दिनेश सिंह, नरेन्द्र पाल, विजय यादव, मुकेश राम, महेश वर्मा, राजेश सिन्हा, सुरेन्द्र यादव, ीरज जोशी, जगदीश सलुजा, रमेश घटक, सुदर्शन यादव, सबीता देवी, रीता लोहानी, सुनिती सेठ, रेखा भदानी, संजीव यादव, सुधीर यादव, संजय शर्मा, राजकिशोर प्रसाद, राजेन्द्र सिंह, सुनील बड़गवे, दिनेश्वर प्रसाद, विजय राम, पंकज मोदी, परमेश्वर यादव, अनिल यादव, पारीजात सिंह, ईश्वर मोदी, राजेश सिंह, चन्दन मोदी, सुदेश मोदी, राजु भैया, सागर खान, राम बालक चौधरी, विकास कुमार, कृष्णा ब्रहपुरिया, राजकुमार यादव, बबलु सिंह, सुनील मंडल, महादेव दास, सुनील मेहता, लक्ष्मण रजक आदि कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### भाजपा जिला कोर कमेटी की बैठक संपन्न



स्पीड न्यूज

## शिक्षक ने छात्र की जमकर किया पिटाई

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियादी विद्यालय के छठी क्लास के छात्र दीपक कुमार पिता साहेब राम की एक शिक्षक ने बेहरमी पिटाई कर दिया। जिससे उसके शरीर में कई जगह गंभीर चोटें आई है।छात्र दीपक कुमार ने बताया की शनिवार को स्कूल के शिक्षक जयश्याम गंझु ने बेरहमी से यह कहकर पिटाई कर दिया कि तुम क्लास में गाली-गलौज करते हो और लगभग 20 मिनट तक बांस के डंडे से मेरे साथ मारपीट किया। जिससे पीठ, गर्दन,हांथ समेत शरीर में कई जगह चोट आई है। घटना के बाद परिजनों द्वारा छात्र को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां सीएचओ डॉक्टर दीपक कुमार सिंह द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं इस संबंध में शिक्षक जयश्याम गंझु का उनका पक्ष जानने के लिए उन्हें फोन किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया ।वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य सरयू प्रसाद का मोबाइल स्विच ऑफ मिला।

## मोटरसाइकिल से गिरकर महिला घायल

**बालूमाथ।** बालूभांग-हेरहंज मुख्य पथ पर रविवार को मोटरसाइकिल से गिरकर एक महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चिंता देवी 50 वर्ष प्रति प्रेम यादव ग्राम चाया थाना हेरहंज निवासी बालूभांग ग्राम से अपने जीजा नंदलाल यादव के साथ शादी समारोह से अपने घर वापस मोटरसाइकिल से लौट रही थी। इसी दौरान चाया ग्राम के पास एक तीखे मोड़ में बाइक अनियंत्रित होने के कारण वह मोटरसाइकिल से गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद परिजनों द्वारा घायल अवस्था में महिला को बालूमाथ बसामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर दीपक कुमार सिंह द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद महिला की गंभीर स्तिथि को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## नाली विवाद को लेकर मारपीट थाना में दिया आवेदन

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के जिलंगा ग्राम में नाली विवाद को लेकर मारपीट की घटना हुई। जिसको लेकर मो.अजहर अंसारी पिता अख्तर अंसारी ग्राम जिलंगा, मरंगलोईया थाना बालूमाथ निवासी ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर कहा है कि गांव के रहने वालों के साथ नाली विवाद को बहस हुआ था। जिसके बाद उनलोग घर मे चाकू लेकर घुस गए और मेरी पत्नी के साथ मारपीट करते हुए जान लेने का कोशिश किया। जिसमें मो. जफरुद्दीन अंसारी, मो. तसद्दुल अंसारी पिता मो. रफीक अंसारी, मो.तस्लीम अंसारी पिता मो.आशिक, मो. रफीक अंसारी, मो.आशिक मियां पिता स्व. कलीम एवं वहीं रफीक अंसारी की बीवी नजमा खातून एवं बहू शबाना परवीन ने मारपीट किया। अजहर ने दिए आवेदन में कहा है मै मारपीट के दौरान वे लोग इतने उतारू हो गए थे कि वे लोग मेरे परिवार की हत्या कर देना चाहते थे। मौके पर बीच बचाव करते हुए। मो. इस्माइल मियां, मो. इम्तियाज मियां मो. सरफुद्दीन मियां और सरफराज अंसारी मामले को शांत कराया।

## मकरा गावं के खुठहनिया टोला मे चापानल खराब होने से ग्रामीण परेशान


खराब चापानल।

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम मकरा के टोला खुठहनिया मे चापानल खराब होने के कारण ग्रामीण काफी परेशान हैं. ग्रामीण तुलेश्वर तुरी, कार्तिक कुमार, दीपक तुरी, राकेश तुरी, कुलेश्वर राम, सुरेंद्र कुमार, नागेश्वर तुरी, रेणु कुमारी, बसंती देवी, गीता देवी, यशोदा देवी, चौठी राम, रीना देवी, राहुल कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया की इस टोले मे हमलोग लगभग 13 घरों मे लोग निवास करते हैं। सभी घरों के बिच मात्र एक ही चापानल है। एक वर्ष मे लगभग बार खराब हो जाती है। चापानल खराब होने सें हम सभी लोगो के बिच पेजल की समस्या काफी बढ़ जाती है। फिर हमलोग सभी ग्रामीण एक दूसरे से पैसा इक्क्ठा कर के खराब चापानल को दुरुस्त करवाकर पानी की जरूरत पूरी करते है। उक्त चापनल भीषण गर्मी के कारण सें अचानक खराब हो हैं. चापानल की जल स्तर निचे चल जाने सें हम सभी ग्रामीणों के बिच पेजल के लिए परेशानी बढ़ गई है। जल स्तर निचे जाने के बाद 1 सें 2 घंटे मे पानी की सतह ऊपर आती हैं तब तक पानी लेने के लिए भीड़ इक्क्ठा हो जाती हैं। जिसके कारण सभी को पेयजल के लिए पानी पूर्ति भी नहीं हो पाती हैं। खुटहनिया टोले मे एक सोलर जलमिनार की आवश्यकता है। जिसको लेकर अपना पंचायत मुखिया सें बात किया गया हैं लेकिन अभी कोई पहल नहीं हुआ। यहां आसपास मे कुएँ भी नहीं हैं। जिसके कारण और भी अधिक समस्या बढ़ जाती हैं। ग्रामीणों ने उपायुक्त से चापानल को दुरुस्त करवाकर इस टोले मे जलमिनार लगवाने की मांग की हैं।

## जनजातीय समाज की बैठक संपन्न


बैठक करते समाज के लोग।

**मनिका।** विधानसभा अंतर्गत मनिका मंडल के ओबीसी जिला सोशल मीडिया प्रभारी अमरदीप कुमार के आवास में जिला कार्य समिति सदस्य सह पूर्व जिला परिषद सदस्य महेश सिंह के अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव निमित भारतीय जनता पार्टी के चतरा लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को भारी मतों से विजय बनाने को लेकर जनजातीय समाज ने बैठक की।जहां जनजातीय समाज ने हर बूथ स्तर पर तीन पुरुष एवं दो महिला को भाजपा के पक्ष में वोट करने एवं करवाने के लिए पांच सदस्यी टीम बनाई है। बैठक की समाप्ति की घोषणा देवधारी उरांव ने की। मौके पर एसटी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो, प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, मंडल महामंत्री मनदीप कुमार, पूर्व ब्लॉक प्रमुख गायत्री देवी, उषा देवी, सहायक सिंह, योगेंद्र सिंह, सत्यनारायण उरांव, यमुना सिंह, ननदेव सिंह, सुमित्रा देवी, देवमणि देवी, परमेश्वर सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह, विजय सिंह, राजदेव सिंह, मुनेश्वर सिंह, यमुना सिंह समेत कई आदिवासी समाज मौजूद रहे।

# देश के युवाओं को वापस लाने के लिए पीएम मोदी ने रूकवा दी थी दो देशों के बीच युद्धः नागेन्द्रनाथ

खबर मन्त्र संवाददाता


स्वागत करते कार्यकर्ता।

**लातेहार।** सरकार की योजनाएं ही नहीं बल्कि आमजनों से जुड़कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को आज एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया हैं। स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण, पौधारोपण अभियान, मन की बात समेत कई कार्यक्रमों की माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी जनता से सीधे जुड़े हैं। इसकी वजह से आज देश ही नहीं विदेशों में भी पीएम मोदी की बातों को लोग गौर से सुनते है। जब युक्रेन और रूस का युद्ध शुरू हो तो हमारे देश के हजारों युवा युक्रेन में फंस गए थे। यह मोदी का ही नेतृत्व था। जो दोनों देशों को कुछ समय के लिए युद्ध रोकने को कहा और युद्ध रूका भी और हमारे युवा सुरक्षित अपने देश वापस लौट आए। यह शक्ति ना ही अमेरिका के राष्ट्रपति बाईडेन में था और ना ही चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग में। उक्त बातें आज भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री नरेंद्रनाथ त्रिपाठी लातेहार जिला मुख्यालय के मोंगर गांव में आयोजित पथ सभा कार्यक्रम में बोल रहे थे। आगे उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देश समग्र विकास की राह पर है। तीसरी बार भी देश में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। इस बार पीएम मोदी ने नारा दिया है भाजपा 400 पार, जिसे आप सभी के बहुमूल्य वोट से आसानी से हासिल किया जायेगा। पथसभा का संचालन पूर्व पंचायत समिति सदस्य पिंटू रजक ने किया। सभा का अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद ने किया। धन्यवाद ज्ञापन अजय प्रसाद ने की। सभी मोगर पंचायत के सातों बुथ के संयोजक सह संयोजक को नागेंद्र त्रिपाठी ने स्वागत किया और अपील किया कि 20 मार्च को देश के लिए भारत के विकास के लिए, शांति व्यवस्था के लिए, कमल फूल छाप में वोट दें। सभी शक्ति केंद्र के लोगों ने कहा कि मोगर सदैव से 100 में 90% वोट देश के रक्षा के लिए, गांव के विकास के लिए, फूल छाप में हम लोग वोट देते आए हैं। अबकी बार हम लोग 95% से ऊपर वोट फूल को मिलेगा। मौके पर लातेहार जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा, जिलाध्यक्ष पंकज सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष हरिकृष्णा सिंह, लातेहार विधानसभा संयोजक प्रकाश राम, प्रखंड मंडल चुनाव प्रभारी शीतल रामदास, कल्याणी पाण्डेय, पुणम देवी, रामदेव सिंह, सीतामणी तिर्की, संतोष यादव, मुकेश पाण्डेय, बंशी यादव, नागमणी, विजय गुप्ता, इन्द्रजीत, लालू प्रसाद, पिन्टू रजक, उप प्रमुख राजकुमार प्रसाद, राजीव रंजन पाण्डेय अमित कुमार सहित सैकड़ों की संख्या भाजपा कार्यकर्ता और आम लोग मौजूद रहे।

# लोक अदालत ने वेलफेयर से जनता के 65 लाख वसूले


मौके पर मौजूद पदाधिकारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** वेलफेयर बिल्डिंगस एंड स्टेट प्राइवेट लिमिटेड, विशाखापत्तनम, आंध्रप्रदेश ने 90 के दशक में अपने एजेंटों के माध्यम से पैसा दुगना करने के नाम पर लातेहार के भोली-भाली गरीब जनता से उनकी गाढ़ी कमाई का करोड़ों रुपए लेकर फरार हो गयी और एजेंट क्षेत्र से अन्यत्र जाकर छुप गए। पब्लिक ने इस मामले की शिकायत स्थाई लोक अदालत लातेहार में की। परमानेंट लोक अदालत लातेहार ने अदालती कार्रवाई की तब वेलफेयर कंपनी ने 65 लाख के 108 चेक स्थाई लोक अदालत लातेहार में जमा किया। जिसे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार मनोज कुमार सिंह के आदेशानुसार 27 अप्रैल 2024 को विशेष लोक अदालत के अवसर पर आवेदकों के बीच वितरित किया गया। इस पुनीत कार्य में स्थाई लोक अदालत लातेहार के सदस्य शकील अख्तर वर्चुअल, अध्यक्ष अशोक गुप्ता लातेहार डीएलएसए सेकरेटरी स्वाती विजय उपाध्याय एवं पेशकार चंदन कुमार की भूमिका अहम रही। विदित हो की पीएलवी लातेहार ने पूर्व में जनता के लाखों रुपए वसूल चुकी है।

# अघोषित बिजली कटौती लोगों के लिए बन गई है परेशानी का सबब

खबर मन्त्र संवाददाता


भीषण गर्मी में टहनियों को काटते विद्युत कर्मी।

**बरवाडीह।** बेतहाशा गर्मी के बीच अघोषित बिजली कटौती लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। धूप इतनी तेज हो रही है, जिससे शरीर झुलस जाए। ऐसे में प्रखण्ड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती होने पर लोगों का घर में रहना मुश्किल हो गया है। बरवाडीह में विद्युत आपूर्ति का कोई रोस्टर नहीं है। विभाग द्वारा मनमर्जी तरीके से आपूर्ति दी जा रही है। रविवार को सुबह 9 बजे के बाद जो आपूर्ति ठप हुई शाम 5 बजे लोगों को बिजली के दर्शन हुए। इस दौरान इन्वर्टर वगैरा सब डाउन हो गए। अघोषित बिजली कटौती से सबसे अधिक परेशानी व्यवसायियों को उठानी पड़ रही है। विद्युत कर्मियों से इस बाबत जब दूरभाष पर जानकारी ली गई तो बताया गया कि विद्युत तार से सट रहे पेड़ो की टहनियों की कटाई का काम किया जा रहा है। अब सवाल यह उठता है कि भीषण गर्मी में इस तरह लोगों का जीना मुहाल करके टहनियों की कटाई किया जाना कहां तक उचित है, जबकि यह कार्य विभाग द्वारा महीनों पूर्व किया जाना चाहिए था। वहीं विभाग द्वारा चिलचिलाती धूप में विद्युत कर्मियों को पेड़ो की टहनियों की छटाई के कार्य में लगाने से उन्हें भी काफी परेशानी उठानी पड़ी। शाम पांच बजे आपूर्ति बहाल होने के बाद भी आंखमिचौली का खेल चालू रहा। कहर ढा रही गर्मी के बीच बिजली कटौती होने से लोग बिलबिला जा रहे हैं। रात में सोने का समय हो या दिन में दोपहर की गर्मी हो कभी भी बिजली कटौती हो जाने से लोगों का सोना, खाना सब हराम हो गया है। अघोषित बिजली कटौती से पूरे क्षेत्र में लोग बेहाल हो गए हैं। बीते दो सप्ताह से पड़ रही जानलेवा गर्मी के बीच चाहे दिन हो या रात बिजली 10 से 12 घंटे भी नहीं मिल पा रही है। क्षेत्र में बिजली कब आ रही है और कब जा रही है, इसका पता भी नहीं लग रहा है। इस दौरान कई बार ट्रिप हो रही है। इस अघोषित कटौती से लोगों में आक्रोश है। जबकि उपभोक्ताओं की मांग है कि शहरी क्षेत्रों में कम से कम 20 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जाए।

### चंदवा के इक्को पार्क में लगे लाइट से सोलर प्लेट को चोरी

# बार-बार इक्को पार्क को निशाना बना रहे हैं असामाजिक तत्व, लोगों मे रोष

खबर मन्त्र संवाददाता


सोलर प्लेट चोरी।

**चंदवा।** एनएच-75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर स्थित चंदवा के देवनद दामोदर तट के समीप स्थानीय प्रबुद्धजनों के पहल पर जिला प्रशासन व हिंडालको चकला कोल माइंस के द्वारा चंदवा वासियों को समर्पित इक्को पार्क में बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने इक्को पार्क में लगे सोलर लाइट से 2 सोलर प्लेटों की चोरी कर ली। लोगो को चोरी की भनक रविवार की सुबह उस समय हुई जब पार्क में पानी पटाने के लिए कर्मी राहुल कुमार इक्को पार्क पहुंचा तो उन्होंने दो सोलर प्लेट को गायब पाया। इधर उदंड युवकों की इस करतूत के बाद चंदवा वासियों में रोष देखने को मिल रहा है। लोगों ने कहा कि चंदवा का इक्को पार्क शहर की धरोहर है, चंदवा का एकमात्र ऐसा स्थान है जहां पर अभिभावको अपने छोटे-छोटे बच्चों को लेकर मनोरंजन व घूमने को लेकर आते हैं। उदंड युवकों को यह करतूत कहीं से सही नहीं है। उनके खिलाफ प्रशासन को कार्रवाई करनी चाहिए। बता दें कि इक्को पार्क एनएच के किनारे स्थित है व एनएच पर 24 घंटे पेट्रोलिंग होती रहती है साथ इक्को पार्क के समीप ही पुलिस की पार्टी हमेशा खड़ी रहती है। इसके बावजूद पार्क में लगातर हो रही तोड़फोड़ व चोरी की घटना से लोगो में आक्रोश है। विदित हो कि पूर्व में भी इक्को पार्क में दो पर तोड़ फोड़ की घटना हो चुकी है। इधर खबर लिखे जाने तक मामले को पुलिस को किसी प्रकार की सूचना नही दी गयी थी।

## एक जुट होकर चतरा संसदीय में चुनाव लड़ेगी इंडी गठबंधनः नरेंद्र चौबे


प्रेस वार्ता करते नरेंद्र चौबे।

**चंदवा।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पलामू व चतरा लोकसभा प्रभारी नरेंद्र चौबे रविवार को चंदवा स्थित होटल मयूर इंटरनेशनल में प्रेस वार्ता किया। प्रेस वार्ता में श्री चौबे ने एकजुट होकर चुनाव लड़ने का दावा करते हुए कहा कि हमारी लड़ाई लोकतंत्र बचाने की है। इस लड़ाई में इंडी गठबंधन के सभी दल एक जुट हैं। इंडी गठबंधन से कांग्रेस प्रयाशी केएन त्रिपाठी की जीत सुनिश्चित करने में आम आदमी पार्टी कोई असर नही छोड़ेगी। इन्होंने आगे आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार केंद्रीय एजेंसी का दुरुपयोग कर जहां-जहां विपक्ष की सरकार है, वहां-वहां सरकार गिराने का कार्य कर रही है साथ हीं झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भी डालने का काम कर रही है। इसका उदाहरण झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हैं। मौके लातेहार मीडिया प्रभारी मुकेश दुबे, प्रमोद पांडेय, रिंकू खान, जिला उपाध्यक्ष लातेहार उपेंद्र शर्मा, चंदवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान, संजय दुबे, अंकित तिवारी, इरफान खान समेत कई अन्य मौजूद थे।

### सड़क निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी, टूटा ग्रामीणों के सब्र का बांध, रुकवाया काम

# वरीय अधिकारियों से जांच और दोषियों पर कारवाई की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता


सड़क पर बैठ विरोध करते ग्रामीण।

**बरवाडीह।** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बरवाडीह से छिपादोहर तक किए जा रहे सड़क कालीकरण कार्य में संवेदक और विभाग द्वारा गुणवत्ता व पारदर्शिता की अनदेखी किए जाने पर रविवार को ग्रामीणों के सब्र का बांध टूट गया। ग्रामीणों ने कार्यस्थल पर पहुंच जमकर हंगामा किया और कार्य को बंद करवाते हुए विभागीय अधिकारियों को बुलाने की मांग करने लगे। ग्रामीणों ने कहा कि संवेदक द्वारा घटिया सड़क का निर्माण किया जा रहा है। जिससे यह सड़क की लाइफ पूर्व की भांति खराब हो जायेगी। पुरानी सड़क के पिच को उखाड़कर फेकने की बजाय इसपर ही बिछा दिया जा रहा है। कालिकरण का कार्य शुरू किए बिना ही सड़क के दौनों तरफ खेतों की मिट्टी काटकर भरा जा रहा है। वहीं पानी का छिड़काव नहीं होने के कारण सड़क से उड़ने वाली धूल स्थानीय लोगों और राहगीरों के लिए गंभीर बीमारी का कारण बन रही है। कार्य स्थल पर संवेदक या संबधित विभाग का कोई कर्मी मौजूद नहीं रहता है, जैसे तैसे कार्य किया जा रहा है। कहीं भी योजना से संबधित कोई बोर्ड नहीं लगाया गया है, और न ही कितनी राशि से सड़क का कालीकरण कराया जा रहा है इसकी ही जानकारी किसी भी व्यक्ति को है। ग्रामीणों ने पारदर्शिता पर सवाल खड़ा करते हुए वरीय अधिकारियों से उच्चस्तीय जांच और संवेदक पर उचित कारवाई की मांग की है।

### मनिका प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में महागठबंधन के कार्यकताओं के साथ किया गया बैठक

# चतरा में स्थानीय सांसद नहीं होने का इस बार मिटाएंगे दागः मुनेश्वर उरांव

➲ 30 अप्रैल को के.एन त्रिपाठी करवाएंगे नामांकन, हजारों की संख्या में कार्यकताओं ने शामिल होने का लिया निर्णय

### फुल बहुमत से जीत दिलाने के लिए कार्यकर्ता एकजुट होकर मजबूती के साथ करें कामः सुरेंद्र पासवान

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक में उपस्थित कार्यकर्ता।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय में चतरा लोकसभा के सांसद प्रत्याशी कृष्णानंद त्रिपाठी के नामांकन एवं उन्हें फुल बहुमत से जीत दिलाने की तैयारी को लेकर दिन रविवार को प्रखंड अध्यक्ष राज किशोर सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव,कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान व युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान उपस्थित रहे। वहीं बैठक के माध्यम से 30 अप्रैल को के.एन. त्रिपाठी के नामांकन में हजारों की संख्या में महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने शामिल होने का निर्णय लिया साथ ही चतरा लोकसभा क्षेत्र से के.एन.त्रिपाठी को फुल बहुमत से जीत दिलाने हेतु कार्यकताओं के साथ विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। मौके पर मुनेश्वर उरांव ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव का समय नजदीक देखते हुए 30 अप्रैल को इंडिया गठबंधन के चतरा लोकसभा प्रत्याशी के.एन.त्रिपाठी अपना नामांकन करवाएंगे जिसकी तैयारी को लेकर आज बैठक आयोजित की गई है और आगे का चुनाव कैसे होगा व चुनाव में हम सबों को सभी जगह से जीत कैसे मिलेगी इसकी रणनीति बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि पूरे भारतवर्ष में झारखंड राज्य के चतरा लोकसभा में स्थानीय सांसद नहीं होने का दाग लगा हुआ था जिसके लिए हम सभी चतरा वासियों को शर्मिंदगी झेलनी पड़ती थी। इस बार उस दाग को हम लोग धोने का काम करेंगे और इस बार चतरा लोकसभा क्षेत्र से स्थानीय उम्मीदवार के.एन.त्रिपाठी को सांसद बनाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इस बैठक में इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों के भी मान-सम्मान व उनके सहयोग को लेकर रणनीति बनाई जा रही है। वहीं सुरेंद्र पासवान ने कहा कि फुल बहुमत से जीत दिलाने के लिए गठबंधन के सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर मजबूती के साथ अपना काम करें।

चतरा लोक सभा में इस बार इंडिया गठबंधन की जीत तय है। मौके पर कई वक्ताओं ने अपने विचारों को सभी कार्यकताओं के साथ साझा किया। मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि कामेश्वर प्रसाद यादव, अल्पसंख्यक प्रदेश सलाम अंसारी, बरवाडीह के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार, सरजू प्रखंड अध्यक्ष राजू नायक, महुआडांड़ प्रखंड अध्यक्ष रिडल खलखो, गारू अध्यक्ष मनोज उरांव, वृंदबिहारी प्रसाद यादव, युवा नेता दिलेश्वर उरांव, युवा अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, युवा उपाध्यक्ष विशाल पासवान, पवन कुमार, मोहन ठाकुर, दिलीप राम, देवनंदन यादव, राधा कृष्ण यादव, माले नेता, धनेश्वर सिंह, अजय यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## जिला के टॉप 10 अपराधियों के सूची में शामिल अब्बास गिरफ्तार

**किशनगंज।** पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त छापेमारी में शनिवार को गुप्त सूचना के आधार पर नंदनियों थाना रौटा जिला पूर्णिया से जिले के टॉप टेन अपराधियों की सूची में शामिल अब्बास को गिरफ्तार किया गया है। इसका काफी लम्बा आपराधिक इतिहास भी रहा है। रविवार को एसपी सागर कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि जिला के टॉप 10 अपराधियों के सूची में शामिल अब्बास को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि अब्बास का काफी आपराधिक इतिहास रहा है। किशनगंज पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया है।

## भारत अमृत महोत्सव उपहार योजना के तहत गोल्डी मसाले ने दी कार

**अररिया।** फारबिसगंज के एक निजी होटल के सभागार में शुभम गोल्डी मसाले प्राइवेट लिमिटेड की ओर से वितरकों का सम्मान समारोह का रविवार को अयोजन किया गया,जिसमे फारबिसगंज के भारत अमृत महोत्सव उपहार योजना के तहत पलक किराना के प्रोपराइटर जीतू को कार प्रदान किया गया। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ कंपनी के जेडएसएम रामजी अग्रवाल और चेयरमैन वीणा देवी ने दीप प्रज्जवलन कर और विजेता को कार का चाभी प्रदान किया। मौके पर कंपनी के राजेश श्रीवास्तव, रामजी अग्रवाल, रिंकू झा,शिव फिटकरीवाला, ओमप्रकाशजी, आनंद शंकर, हर्षनाथ झा,दिव्यांशु सहित सैकड़ों की संख्या में कारोबारी मौजूद थे।

## 24 घंटे के अन्दर पिस्टल सहित चोरी का अन्य सामान बरामद


**किशनगंज।** लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण मतदान को लेकर मतदान कराने हेतु जहानाबाद जिला बल के एएसआई राजीव कुमार सिंह पहाड़कट्टा थाना क्षेत्रान्तर्गत पनासी चौक पर प्रतिनियुक्त किये गये थे। ड्यूटी समाप्ति पश्चात वे अपने आवासन स्थल आ गये और सरकारी पिस्टल एवं 35 चक्र कारतुस, एटीएम कार्ड, पिस्टल कोर्ड, बेल्ट, पिस्टल होल्डर आदि सामान अपने बैग में रखकर ड्यूटी समाप्ति पश्चात पहाड़कट्टा से किशनगंज की तरफ जाने वाली ओम ट्रेवल्स पर चढ़े और अपना बैग सीट के नीचे रख दिये थे। बस स्टैण्ड किशनगंज में उतरते समय बैग सीट के नीचे से गायब पाये। इस संबंध में लिखित आवेदन के आधार पर सदर थाना में मामला दर्ज किया गया।उक्त घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए एसडीपीओ किशनगंज गौतम कुमार के नेतृत्व में एक विशेष अनुसंधान दल का गठन कर चोरी गई सामानों की बरामदगी करते हुए संलिप्त अपराधकर्मियों को गिरफ्तार करने का आदेश पुलिस अधीक्षक सागर कुमार के द्वारा दिया गया। टीम द्वारा आसूचना संकलन, तकनीकी अनुसंधान करते हुए बहादुरगंज थाना क्षेत्र के गांगीहाट का राजा पिता–शमीम का पहचान करते हुए एवं उक्त अपराधी का पीछा किया गया।

## मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय

**सहरसा।** भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में महिषी गांव में किसान मोर्चा के जिला महामंत्री लक्ष्मीकांत झा के आवास पर बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक में गर्मी एवं लू की स्थिति को देखते हुए सभी क्षेत्रों में कम मतदान होने पर चिंता व्यक्त करते हुए मोर्चा के सदस्यों को अपने–अपने मंडल में सक्रिय रहकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जाने का निर्णय किया गया। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव को लेकर सभी आवश्यक पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि खगड़िया एवं मधेपुरा लोकसभा उम्मीदवार को भारी मतों से विजय दिलाना है। इसके लिए किसान मोर्चा के सभी मंडल अध्यक्षों को सूचित किया गया कि अपने–अपने मंडल में सक्रिय होकर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करना है। इसके लिए किसान मोर्चा की सदस्य मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहयोग करेंगे।

# पूरे बिहार में अलर्ट जारी, अगले 5 दिन तक रहें सावधान, इन 6 जिलों में चलेगी भीषण लू

खबर मन्त्र संवाददाता



**पटना।** गर्म हवा के झोंकों से पूरा प्रदेश झुलस रहा है। भीषण गर्मी से दिन में ही नहीं, रात में भी राहत नहीं मिल रही है। राज्य में भीषण गर्मी का कहर अगले पांच दिनों तक जारी रहने के आसार हैं। शनिवार को शेखपुरा राज्य का सर्वाधिक गर्म स्थान रहा। वहां पर अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। पटना में 41.2 डिग्री सेल्सियस रहा। शेखपुरा में दिनभर भीषण उष्ण लहर जारी रही। वहीं, भागलपुर, नवादा, बांका एवं खगड़िया में उष्ण लहर चलती रही। इन शहरों के साथ राज्य के 40 शहरों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा। अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की उम्मीद है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानियों का कहना है कि पूरे प्रदेश में अगले पांच दिनों तक भीषण गर्मी रहेगी। ऐसे में लोगों को बेहद सावधान रहने की जरूरत है। गर्म हवा से बचाव के लिए सुरक्षा बहुत जरूरी है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ विज्ञानी एसके पटेल का कहना है कि अगले पांच दिनों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। खासकर उत्तरी एवं पश्चिमी बिहार के लिए गर्म हवा के झोंके चलने की उम्मीद है। कुछ जिलों में 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवा चल सकती है। पीएमसीएच के वरिष्ठ चिकित्सक डा. अशोक कुमार का कहना है कि वर्तमान में गर्मी से बचने के लिए जरूरी है कि दोपहर में निकलने से परहेज करें। अगर निकलना जरूरी है तो चेहरा ढंक कर ही निकलें। भरपूर ठंडा पानी पी लें। खाली पेट घर से गर्म हवा में निकलना स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। दोपहर में 12 बजे के बाद बेवजह घर से निकलने से परहेज करें। सुबह दस बजे ही राजधानी समेत प्रदेश के अधिकांश भागों की हवा गर्म हो जा रही है। दोपहर 12 बजे तक वातावरण इतना गर्म हो जा रहा है कि लोगों का चेहरा जलने लग रहा है। इस तरह की स्थिति शाम पांच बजे तक बनी रह रही है। सूर्यास्त के बाद ही लोगों को थोड़ी राहत मिल रही है। हालांकि, तपिश रात आठ बजे तक जारी रह रही है। शनिवार को राजधानी में गर्मी का कहर इतना गंभीर था की कई सड़कों पर यातायात सामान्य से कम रहा।

राष्ट्रपति के हाथों दो बार पुरस्कृत स्वतंत्रता सेनानी

## भृगुनाथ शर्मा ने किया वोट की अपील



एजेंसी

**अररिया।** राष्ट्रपति के हाथों दो बार पुरस्कृत स्वतंत्रता सेनानी भृगुनाथ शर्मा ने तीसरे चरण में होने वाले मतदान के लिए आमजनों से अधिक से अधिक संख्या में मतदान की अपील की है।

फारबिसगंज के बघुआ निवासी भृगुणाथ शर्मा ने रविवार को लोकतंत्र की मजबूती के लिए अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर अच्छे प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील की। मौके पर जागरण कल्याण भारती के अध्यक्ष संजय कुमार उपस्थित थे। शर्मा ने बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान करने की सुविधा घर पर देने के लिए जिला पदाधिकारी अररिया को साधुवाद कहा।

## एसपी ने किया भारत-नेपाल के सीमाई क्षेत्र का निरीक्षण, दिए निर्देश



**पूर्वी चंपारण।** एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने रविवार को भारत-नेपाल के सीमाई क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर सीमाई क्षेत्र में सतर्कता बरतने के लिए उन्होंने कई आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान एसपी ने मैत्री पुल इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट सहित कई जगहों का निरीक्षण किया और कस्टम, एसएसबी, इमिग्रेशन के अधिकारियों को कल से शुरू हो रहे नमांकन प्रक्रिया को लेकर सीमा क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में एसपी ने रक्सौल व हरैया ओपी क्षेत्रान्तर्गत भारत नेपाल सीमा पर बने पुलिस चेक पोस्ट का भी निरीक्षण किया और सम्बन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों को बॉर्डर पर पूर्णतया सतर्कता रखते हुए बॉर्डर से गुजरने वाले हर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग करने तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी सहित अन्य अवैध गतिविधियों पर पूर्णतः अंकुश लगाने हेतु भारत नेपाल के सीमावर्ती चेक पोस्ट व थानों से बेहतर ढंग से समन्वय बनाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस क्रम एसपी के साथ रक्सौल एसडीपीओ धीरेंद्र कुमार,रक्सौल इंस्पेक्टर राजीव नंदन सिन्हा, हरैया ओपी प्रभारी अनुज कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

## युवती हत्याकांड में तीन गिरफ्तार

**नवादा।** विवाहिता हत्याकांड में पुलिस ने रविवार को तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है । नवादा जिले के पकरीबरमा थाने के प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि 20 अप्रैल को थाने के बाजपुर गांव में दिलखुश कुमार ने अपनी पत्नी की हत्या करंट लगाकर कर दी थी। हत्या के बाद आत्महत्या बताते हुए लाश को पंखे में लटका दिया था ।कुछ ही देर बाद लाश को सबूत छुपाने की दृष्टिकोण से गायब भी कर दिया था। मृतिका की मां लखीसराय जिले के हलसी थाने के चौराहे गांव निवासी नगीना देवी के बयान पर दर्ज प्राथमिकी में कहा गया था कि उनका दामाद दिलखुश कुमार उसके चाचा राधेश्याम सिंह ,चचेरे भाई नीरज कुमार तथा उसकी चाची उर्मिला देवी ने मिलकर उसकी बेटी की हत्या कर लाश को गायब कर दिया था। पुलिस ने छापेमारी कर रविवार को तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है जिसमें गिरफ्तार अभियुक्तों ने स्वीकार किया है कि करंट लगाकर उसकी हत्या कर दी थी। बाद में आत्महत्या बताते हुए उसकी लाश गायब कर दिया था।

## राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए गढ़वा टीम का किया गया चयन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** 28 अप्रैल से बॉक्सिंग हॉल खेलगांव होटवार रांची में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय किक बक्सिग प्रतियोगिता के लिए गढ़वा टीम का चयन कर दिया गया है। इसकी जानकारी देते हुए किक बक्सिग संघ के अयक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि टीम में सविता कुमारी, झूलन कुमारी, प्रति आनंद देव, पूजा कुमारी, अमर कुमार, रूपा कुमारी, देवराज सिंह, रंजीता कुमारी, अदिति पांडेय, अनुराज पांडेय, नंदनी कुमारी, हर्ष कुमार, सुप्रिया कुमारी, समीर कुमार चौबे, रामेश्वर विश्वकर्मा, काजल तूफान को शामिल किया गया है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के लिए लोगों ने शुभकामनाएं दी है। बाई देने वालों में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, गढ़वा जिला खेल पदाकािरी उमेश




खिलाड़ियों को रवाना करते पदाधिकारी

लोहरा, जिला नियोजन पदाकािरी नीरज कुमार, गढ़वा जिला बक्सिग संघ के संरक्षक संजय कुमार सिंह, अयक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, सचिव मनोज संसाई, वरीय उपायक्ष जेबी थापा, उपायक्ष अमित कुमार सिंह, अरविंद दुबे, प्रभात तिवारी, रमाशंकर सिंह सह सचिव गणेश कुमार, कार्यकारिणी सदस्य अभय कांत, राजकुमार राम, अजीत कुमार, गुलाब पासवान, रिया कुमारी, अनिल, ओलंपिक संघ के अयक्ष शैलेंद्र पाठक, संरक्षक अनिता दत्त, राकेश पाल, रेखा चौबे, उदय नारायण तिवारी, सचिव आलोक मिश्रा, उमेश सहाय, विजय केशरी, रामप्रवेश तिवारी, नितिन तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, जितेंद्र सिन्हा, प्रीतम गोंड, मनीष केषरी, उत्तम केशरी, राघवेंद्र नारायण सिंह, धीरज दुबे, अरविंद कुमार आदि का नाम शामिल है।

## एनडीए प्रत्याशी को वोट देने की अपील

**फारबिसगंज/अररिया।** अररिया के महथावा में पूर्व सीएम एवं हम प्रमुख जीतनराम मांझी और बिहार सरकार के मंत्री मंगल पांडेय ने रविवार को अररिया लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी प्रदीप कुमार के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। जीतनराम मांझी ने चुनावी सभा में विपक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि घमंडिया गठबंधन का कोई अस्तित्त्व नहीं है और उन्होंने कहा कि दलित और महादलित के लोग चिराग पासवान के परिवार को गाली का बदला जरूर लेंगे। चिराग को जानबूझ कर गाली दिलवाई गई है और दूसरी बात यह कि ये विरोधी दल इतना बेचैन क्यों है? 2024 क्या 2030 तक देश में पीएम पद के लिए कोई वैकेंसी खाली नहीं है। जीतनराम मांझी ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि अभी देश में नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री हैं और फिलहाल पीएम की कोई वैकेंसी नहीं है। उन्होंने कहा कि ये विरोधी इतना बेचैन क्यों है? सबसे बड़ी बात यह है कि 2024 क्या 2030 तक देश में पीएम पद के लिए कोई वैकेंसी खाली नहीं है।

चार मई को पलामू आयेंगे पीएम मोदी, करेंगे जनसभा को संबोधित

# मोदी पर देश की जनता को है भरोसा, इस बार और अधिक मत से जीतेंगे बीडी राम : सत्येंद्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा कोर कमिटी की रविवार को एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में लोकसभा चुनाव के तैयारियों की समीक्षा की गई। साथ ही लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को सौंपी गई जिम्मवारियों एवं कार्यों की भी समीक्षा की गई। बैठक के बाद लोकसभा चुनाव अलग ढंग से होने जा रहा है। भाजपा के विरोा में विभिन्न दल के लोग महागठबंधन कर चुनाव लड़ रहें हैं। इससे पहले देश में कभी नहीं ऐसा महागठबंधन बना था। सभी भ्रष्ट पार्टी महागठबंधन बनाकर चुनाव लड़ रहे हैं। भ्रष्ट पार्टी के प्रमुख नेता भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद हैं। भ्रष्टाचार में जो संलिप्त है उसे भाजपा छोड़ने नहीं जा रही है। भाजपा के गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी,

### विकसीत भारत का निर्माण के लिए मोदी को पीएम बनाना जरूरी : अलख



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते भाजपा नेता

वरिष्ठ नेता, अलखनाथ पांडेय, गढ़वा विस प्रभारी दुर्गा प्रसाद जौहरी आदि ने भाजपा नेता भगत सिंह साहू के आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बैठक की जानकारी दिया। मौके पर श्री तिवारी ने कहा कि नरेंद्र मोदी का 400 पार का नारा भाजपा आसानी से पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने अपने दस साल के कार्यकाल में काफी योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है। उनके कार्यकाल में प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत एक हजार किलो मीटर सड़क का निर्माण किया है। बीडी राम शिलान्यास पर भरोसा नहीं करते हैं। वे काम पर भरोसा करते हैं। श्री तिवारी ने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधि अपने काम पर नहीं बल्कि शिलान्यास पर भरोसा करते हैं। उन्होंने कहा कि इस बार गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक वोट भाजपा को मिलेगा। पिछली बार से अधिक वोट से बीडी राम चुनाव जीतेंगे। पलामू लोकसभा के सह संयोजक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता पूरी तरह से जागरूक होकर कार्य कर रहे हैं। भाजपा सबका साथ सबका विकास की बात करती है।

श्री पांडेय ने कहा कि भारत को विकसीत बनाना है तो नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा किये गये विकास कार्यों को झामुमो अपना काम बता रही है। यदि झारखंड में डबल इंजन की सरकार होती तो झारखंड आज विकसीत राज्य बना होता। पिछले साढे चार साल में झामुमो के शासन काल में राज्य काफी पिछड़ गया है। श्री पांडेय ने कहा कि आगामी चार मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पलामू आयेंगे। चियांकी हवाई अड्डा पर जनसभा को संबोधित करेंगे। नरेंद्र मोदी का भाषण सुनने के लिए गढ़वा से हजारों कार्यकर्ता चियाकी हवाई हड्डा पहुंचेगें। गढ़वा विधानसभा प्रभारी दुर्गा प्रसाद जोहरी ने कहा कि कांग्रेस की नियत और नीति में भ्रष्टाचार साफ झलकता है। केंद्र सरकार की योजनाओं से सभी वर्ग के लोग लाभान्वित हो रहे हैं।2024 में भाजपा विकास के नाम पर चुनाव लड़ रही है। देश की जनता भी चाह रही है कि देश के प्रधानमंत्री पुनः नरेंद्र मोदी बने। पिछले साढ़े चार वर्षों में झारखंड में कोई भी कार्य नहीं हुआ है। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रूपा सिंह, जवाहर पासवान, भगत सिंह साहू, ओमप्रकाश केशरी, प्रमोद चौबे, संजय ठाकुर, राजकुमार मोशिया, रिंकू तिवारी, चंदन जायसवाल, ब्रजेश उपाध्याय सहित कई भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

खबर एक नजर में

## जायंट्स ने किया पनशाला का उद्घाटन

**गढ़वा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में शहर के पुरानी बाज़ार सुतली पट्टी स्थित हिंदुस्तान सेनेटरी के समीप एवं टंडवा मुख्य पथ पर भीषण गर्मी को देखते हुए पनषाला का उद्घाटन किया गया। ग्रुप अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में जायंट्स पदाधिकारियों ने राहगीरों को मिष्ठान खिलाकर एवं शीतल जल पिलाकर पनशाला का उद्घाटन किया। मौके पर जायंट्स पदधिकारियों ने कहा कि राहगीरों एवं जरूरतमंदों को पानी पिलाना पुण्य का काम है। ग्रुप के पदाधिकारियों ने आम लोगों से अपने-अपने घर के छतों पर या खुले में पक्षियों के लिए बर्तन में पानी अवश्य रखने की अपील की। ताकि पक्षी इस भीषण गर्मी में प्यास बुझा सकें। साथ ही, सदस्यों ने कहा कि गर्मी के मौसम में भर पेट पानी पियें ताकि लू से बचा जा सके। मौके पर जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन स्पेशल कमेटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, फेडरेशन 8 के निवर्तमान अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, मनोज केशरी, मोजीबुद्दीन खां, दीपक तिवारी, विनोद गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## शराब कारोबारी जीजा-साला को गिरफ्तार

**मझिआंव/बरडीहा।** एसपी दीपक कुमार पाण्डेय के निर्देश पर पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह एवं बरडीहा थाना प्रभारी अवधेश कुमार यादव ने पुलिस बल के साथ कोल्हुआ गांव में छापामारी कर एक किराना दुकान से अवैध अंग्रेजी शराब की 49 बोतलों को जप्त कर लिया। साथ ही इस कारोबार में वर्षों से संलिप्त संचालक चंदन कुमार गुप्ता एवं उसका साला प्रिंस कुमार गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इार जप्त अंग्रेजी की शराब में गडफादर बियर, रयल स्टैग एवं इंपीरियल ब्लू की लगभग 49 बोतल बरामद कर थाना लाया गया। इस सम्बंध में पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कोल्हुआ गांव में किराना दुकान की आड़ में वर्षो से अवैध अंग्रेजी शराब का धंधा फल फूल रहा है। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर छापेमारी की गई। जिसमें 49 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब के साथ चंदन कुमार गुप्ता एवं उसका साला प्रिंस कुमार गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## दो महीने से खराब है जलमीनार, ग्रामीण परेशान

**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय डंडई के भुईयां टोला में ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत लाखों रुपए की लागत से निर्मित जल मीनार पिछले दो महीने से खराब पड़ा हुआ है। जिससे टोले के लोगों को पानी की समस्या से निजात के लिए लगा जल मीनार हाथी का दांत साबित हो रहा है। जल मीनार बंद होने से लोगों का पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। टोले के ग्रामीण नंदू भुइयां, वार्ड सदस्य मुनी भुइयां, शिव भुइयां, रामकिशुन ठाकुर, मनोज प्रसाद, शिवपूजन ठाकुर, बसंत परहिया, सीताराम परहिया, भगवानदास परहिया, श्रीराम परहिया, कोकिल परहिया, लालमन परहिया, मुन्ना परहिया, रंजित परहिया,मनोज परहिया आदि ग्रामीणों ने बताया कि टोला में पिछले दो महीने से जलमीनार खराब पड़ा हुआ है। उसके बगल में लगे चापाकल भी 1 महीने से खराब पड़ा हुआ है। ग्रामीणो ने बताया कि इस प्रचंड गर्मी में पीने का पानी के लिए हम लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। हम लोगों ने इसकी शिकायत मुखिया विभाग सहित कई जगहों पर किया लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हो पाया है। पानी की जरूरत को पूरा करने के लिए घर से करीब 200 मीटर दूर से पानी ढोकर लाना पड़ता है।

## इंडिया गठबंधन प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क

**कांडी।** पलामू संसदीय क्षेत्र के इंडिया गठबांन प्रत्याशी ममता भुईयां ने रविवार को कांडी प्रखंड के कांडी, सड़की घोड़दाग, चटनियां समेत विभिन्न गांव का दौरा कर लोगों से जनसंपर्क किया। इस दौरान ममता भुइयां ने कांडी प्रखंड मुख्यालय स्थित कर्पूरी ठाकुर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही बाजार स्थित हनुमान मन्दिर पहुंच कर भगवान की पूजा अर्चना कर लोगों की सुख शांति समृद्धि की कामना की। तत्पश्चात बाजार के सभी दुकानदार भाइयों से डोर टू डोर जाकर मिलते हुए तथा आगामी 13 मई को होने वाली लोकसभा चुनाव में लालटेन छाप पर बटन दबाकर अपार मतों से विजयी बनाने की अपील की। जनसंपर्क अभियान के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा के दस वर्षों के शासन काल में यहां विकास के नाम पर लोगों के साथ छलावा किया गया है। पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता मुझे एक बार सेवा करने का मौका जरूर दें। मौके पर प्रमुख संघ अध्यक्ष सत्येंद्र पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय, राजद प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा तिवारी, गाज़ी खान सहित इंडिया गठबंधन के महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता मौजूद थे।

## तालाब निर्माण में मनरेगा कर्मियों की मिलीभगत से सरकारी राशि का बंदरबाट

**भवनाथपुर।** प्रखंड के मकरी पंचायत के बगही टोला निवासी नन्हक सिंह के खेत में मनरेगा के तहत तालाब निर्माण में मनरेगा कर्मियों की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर गड़बड़झाला किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। यहां तालाब निर्माण में कार्य के अनुरूप अधिक राशि का मजदूरी भुगतान किया गया है। उक्त योजना मनरेगा के तहत वित्तीय वर्ष 2022 -23 में बगही टोला में नन्हक सिंह के खेत में प्राक्कलन राशि 4,99,593 रूपये की लागत से तालाब निर्माण की स्वीकृति मिली थी, जिसका कोड संख्या 7080902501667 है। ग्रामीणों की माने तो निर्माण स्थल पर पहले से गढ़ा था, जहां उक्त तालाब में अभी तक बमुश्किल 30 से 40 हजार रूपये का ही मिट्टी का कार्य हुआ है, लेकिन मनरेगा प्रखंड कर्मियों की मिलीभगत से निबंधित जब कार्डधारियों के बदले फर्जी मजदूरो के नाम योजना में 1 लाख 59 हजार 606 रूपये की अवैध निकासी कर सरकारी राशि का बंदरबाट कर लिया गया है। जबकि उक्त तालाब निर्माण में जेई द्वारा बिना कार्य को देखे ही डेढ़ लाख रूपये से अधिक राशि की एमबी भी कर दिया गया है।

पेज एक का शेष

## कांग्रेस ने कभी आदिवासियों का भला नहीं किया

**वोट बैंक की राजनीति में किया अपमान :** पीएम मोदी ने यहां एक चुनावी अभियान रैली में कहा, एक तरफ वे लोग हैं जिन्होंने वोट बैंक की राजनीति की भूख में राम मंदिर का अपमान किया। वहीं दूसरी तरफ इकबाल अंसारी का परिवार है, जिनके पूरे परिवार ने तीन पीढ़ियों तक राम मंदिर के खिलाफ मुकदमा लड़ा, पर जब उच्चतम न्यायालय का फैसला आया, उन्होंने इसे स्वीकार किया। राम मंदिर के ट्रस्टियों ने जब अंसारी परिवार को आमंत्रित किया, तो वे प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए। उन्होंने इस मामले पर उच्चतम न्यायालय के फैसले को एकता और सुलह के प्रमाण के रूप में स्वीकार करने पर जोर दिया।

**शहजादे ने महाराजाओं का किया अपमान :** मोदी ने कहा, कांग्रेस के शहजादे को हमारे राजा-महाराजाओं के योगदान याद नहीं आते। ये वोटबैंक की राजनीति के लिए राजा-महाराजाओं के खिलाफ बोलने की हिम्मत करते हैं और नवाबों, बादशाहों और सुल्तानों के खिलाफ एक शब्द बोलने की ताकत नहीं है। कांग्रेस के शहजादे का कहना है कि भारत के राजा, महाराजा अत्याचारी थे, वे गरीबों की जमीन छीन लेते थे। कांग्रेस के शहजादे ने छत्रपति शिवाजी महाराज, रानी चिनम्मा का अपमान किया है। शहजादे का बयान सोच-समझकर वोट बैंक की राजनीति करने के लिए, तुष्टीकरण के लिए दिया गया बयान है।

**तुष्टिकरण कांग्रेस का मिशन :** पीएम मोदी ने कहा-तुष्टिकरण ही कांग्रेस का लक्ष्य और मिशन है। उन्होंने कहा राष्ट्रविरोधी और प्रतिबंधित पीएएफआइ संगठन का कांग्रेस अपने राजनीतिक फायदे के लिए एक माध्यम के रूप में इसका इस्तेमाल कर रही है। वायनाड जैसी सिर्फ एक सीट जीतने के लिए कांग्रेस ऐसे आतंकी संगठन का बचाव करने में जुटी है। उसकी मदद भी ले रही है। उन्होंने हुबली के एक कॉलेज छात्रा नेहा की हत्या की भी चर्चा की। नेहा को सरेआम फयाज ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। उन्होंने कहा- हुबली में कॉलेज कैंपस में जो हुआ उसने देश में भूचाल ला दिया है, उस बेटी का परिवार एक्शन की मांग करता रहा लेकिन कांग्रेस की सरकार तुष्टिकरण के दबाव को ही प्राथमिकता देती है। उन्हें अपने वोट बैंक की चिंता है। कांग्रेस देश की जनता के आंखों में धूल झोंक रही है।

स्पीड न्यूज

## महादेव एप मामले में अभिनेता साहिल खान गिरफ्तार



**रायपुर।** महादेव सट्टा एप मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच की एसआईटी टीम ने शनिवार को छत्तीसगढ़ के जगदलपुर से एक्टर साहिल खान को गिरफ्तार किया है। उन्हें मुंबई ले जाया गया है। पुलिस के एक बड़े अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। बॉम्बे हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद साहिल को जगदलपुर से गिरफ्तार किया गया। साहिल खान पर बेटिंग साइट चलाने और प्रमोट करने का आरोप है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक बॉम्बे हाई कोर्ट से अग्रिम जमानत और गिरफ्तारी से राहत नहीं मिलने के बाद साहिल खान मुंबई छोड़ कर फरार हो गया था। लगभग 40 घंटे तक पीछा करने के बाद पुलिस ने साहिल को गिरफ्तार किया।

## इराक में समलैंगिक संबंध अपराध घोषित

**बगदाद।** इराक की संसद ने समलैंगिक विवाह पर प्रतिबंध लगाने वाला कानून पारित किया है। इसके तहत समलैंगिकता को बढ़ावा देने वालों पर भारी जुर्माना और जेल की सजा दी जाएगी। ट्रांसजेंडर्स को भी ऐसे मामलों में एक से तीन साल के लिए जेल में भेजा जा सकता है। कानून के अनुसार, समलैंगिकता से जुड़े मामलों में अधिकतम 15 साल जेल की सजा दी जा सकेगी। इसका उद्देश्य समाज को नैतिक भ्रष्टता व समलैंगिकता से बचाना है।

## गुजरात में 86 किलो ड्रग्स जब्त, 14 अरेस्ट

**नयी दिल्ली।** नारकोटिक्स ब्यूरो और गुजरात एटीएस के साथ एक संयुक्त अभियान में भारतीय तटरक्षक बल ने गुजरात तट के निकट अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा के पास लगभग 86 किलो ड्रग्स के साथ 14 पाकिस्तानी नागरिकों को पकड़ा है। जिसकी कीमत लगभग 600 करोड़ रुपये बताई गई थी। पिछले कुछ दिनों से खुफिया इनपुट के आधार पर यह ऑपरेशन चलाया जा रहा था। भारत के तटरक्षक जहाज राजरतन ने एटीएस गुजरात और एनसीबी के साथ शनिवार को रातभर समुद्री वायु समन्वित संयुक्त कार्रवाई की।

## सपा के पूर्व विधायक भाजपा में शामिल

**लखनऊ।** संत कबीरनगर जिले की खलीलाबाद विधानसभा के पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण चौबे रविवार को समाजवादी पार्टी छोड़कर अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उन्हें भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। चौबे के साथ संत कबीरनगर जिले के जिला पंचायत अध्यक्ष बलराम यादव, सपा के जिला उपाध्यक्ष कौशल चौधरी, खलीलाबाद नगर पंचायत अध्यक्ष जगत पाल व जिला पंचायत सदस्य अजय शर्मा के अलावा, श्रीपत यादव, अश्वनी गुप्ता, जगदीश चौधरी के साथ-साथ कई प्रधान व पूर्व प्रधान भाजपा में शामिल हुए।

## मणिपुर में 30 अप्रैल को होगा पुर्नमतदान

**इंफाल।** चुनाव आयोग (ईसी) ने बाहरी मणिपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तीन विधानसभा क्षेत्रों के छह मतदान केंद्रों पर 30 अप्रैल को फिर से मतदान कराने का आदेश दिया है। यहां शुक्रवार को मतदान हुआ था। मतदान सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक होगा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हथियारबंद लोगों द्वारा धमकी दिये जाने के बाद 19 मतदान केंद्रों पर पुर्नमतदान की मांग की थी। गत 26 अप्रैल को मतदान के दौरान धांधली, बूथ कैप्चरिंग, ईवीएम नष्ट करने की खबरें सामने आयी थीं।

# पुलिस से सामना होते ही माफिया की पैंट हो जाती है गीली : योगी

एजेंसी



**▸▸ यूपी के मुख्यमंत्री बोले ईश्वरीय ताकत को चुनौती देने वालों का पतन तय**

**▸▸ अखाड़ा सजने से पहले ही हार मान चुकी है सपा, चाचा भी कर गये हैं पलायन**


**आगरा/बदायूं।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि सपा सरकार में माफिया सरकार चलाते थे, आज माफिया का सामना पुलिस से हो जाए तो उसकी पैंट गीली जाती है। सीएम ने कहा कि 500 सालों के बाद अयोध्या में रामलला का आगमन हुआ। यहां हस्तशिल्पियों ने जलेसर का घंटा लेकर अयोध्या पहुंचे। रामलला अयोध्या में पुनः स्थापित हुए तो इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार थी। कांग्रेस ने न तो जलेसर की सुध ली और न ही अयोध्या की। कांग्रेस के लोग तो राम को ही नकार रहे थे। समाजवादी पार्टी कहती थी कि कोई परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा। आज भगवान राम लला अयोध्या में हैं। हर दिन लाखों श्रद्धालु आ रहे हैं। रामलला का सूर्य तिलक भी आप ने देखा होगा। कांग्रेस कभी नहीं चाहती थी कि रामलला अयोध्या में विराजमान हों।

कांग्रेस का घोषणापत्र कहता है कि वे व्यक्तिगत कानून लागू करेंगे। इसका मतलब तालिबानी शासन लागू करेंगे। कांग्रेस और सपा को क्या हो गया। देश के अंदर अराजकता पैदा करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। योगी ने कहा कि कल्याण सिंह पूरा जीवन राम मंदिर के लिए लगा दिया। वे दिवंगत हुए तो सपा ने संवेदना के एक भी शब्द नहीं कहे। दूसरी तरफ माफिया के मरने पर सपा के नेता फातिया पढ़ने गए थे। जनता ने तय किया कि मोदी जी देश चलाएंगे और वे लोग फातिया पढ़ेंगे। उनके लिए वही स्थान उचित है। योगी ने जनसमूह से एक बार फिर मोदी सरकार का नारा लगवाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता यूं ही नहीं एक बार फिर मोदी सरकार को लाना चाह रही है। पीएम मोदी ने 10 वर्ष से लगातार देश सेवा कर रहे हैं। आज देश में आतंकवाद नक्सलवाद समाप्त हो गया है। यह परिवर्तन हुआ है। हाईवे, रेलवे, हर घर नल, बिजली, हाईवे जैसी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। जलेसर के घंटे को देश भर में बजाएंगे। योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को निशाने पर लेते हुए कहा कि जो लोग ईश्वरी ताकत को चुनौती देते हैं उनका पतन तय है। उन्होंने कहा कि सपा ने लोकसभा चुनाव का मजाक बनाकर रख दिया है। सपा द्वारा बार-बार अपने प्रत्याशियों को बदलना ये दिखाता है कि अखाड़ा सजने से पहले ही इन लोगों ने हार मान लिया है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरूआत सप्तऋषि परंपरा के महान ऋषि कश्यप और महाराज भगीरथ की तपोभूमि व वेदों की पावन धरा बदायूं को नमन करते हुए किया। सीएम ने कहा कि लोकसभा चुनाव चल रहा है। मगर इसे भी सपा ने मजाक का विषय बना दिया है। सपा ने इतनी बार प्रत्याशी बदल दिया है कि अखाड़ा सजने से पहले ही वह अपनी हार मान चुकी है। यहां से तो चाचा ने भी पलायन करना ठीक समझा और भतीजे के पांव भी पहले ही उखड़ चुके हैं। सपा ने यही काम शाहजहांपुर, रामपुर और मेरठ में भी किया है। मगर जनता कह रही है कि इससे कोई फायदा होने वाला नहीं, वह सपा के पुराने सभी कारनामों का हिसाब-किताब करेगी।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ में आज करेंगे नामांकन दाखिल

**▸▸ नामांकन से पहले योगी और धामी करेंगे रोड शो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी और यूपी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को लखनऊ में अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। यूपी के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक, धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों और जन प्रतिनिधियों को इस यादगार कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में जितना विकास कार्य कराया, उतना देश के किसी भी शहर में नहीं हुआ। भाजपा के लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि संदेश देने के लिए कई नुक्कड़ सभाएं आयोजित की जा रही हैं। पारिवारिक पर्ची वितरण का कार्य भी किया जा रहा है। पार्टी कार्यकर्ता परिवार के मुखियाओं को पर्चियां दे रहे हैं और लखनऊ सांसद के विकास कार्यों के पत्रक बांट रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह विधानसभा के सामने स्थित यूपी भाजपा कार्यालय से पर्चा दाखिल करने के लिए आगे बढ़ेंगे। वहां से सुबह 10 बजे मंत्रियों, महापौर और अन्य लोगों के साथ नामांकन दाखिल करने के लिए एक वाहन पर सवार होकर कलक्ट्रेट जाएंगे।

# केजरीवाल और हेमंत सोरेन की याचिकाओं पर सुनवाई आज

एजेंसी



**▸▸ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गिरफ्तारी को शीर्ष अदालत में दी है चुनौती**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 29 अप्रैल को सुनवाई करेगी। केजरीवाल ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में ईडी की ओर से गिरफ्तार किए जाने को चुनौती दी है। हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड हाई कोर्ट उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुनाने में काफी देरी कर रहा है। केजरीवाल ने कहा है कि उनकी गिरफ्तारी सुप्रीम कोर्ट की और से दी गई व्यवस्था को नजरअंदाज करके की गई है। ईडी सिर्फ जांच में सहयोग ना करने का हवाला देकर गिरफ्तार नहीं कर सकती। केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। दूसरी तरफ हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड हाई कोर्ट उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुनाने में काफी देरी कर रहा है। हाई कोर्ट ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर 28 फरवरी को ही फैसला सुरक्षित कर लिया था लेकिन अभी तक फैसला नहीं सुनाया है। इसकी वजह से हेमंत सोरेन चुनाव प्रचार में हिस्सा नहीं ले पा रहे हैं। ईडी ने 31 जनवरी को हेमंत सोरेन को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।

# दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष लवली का पार्टी से इस्तीफा

एजेंसी

**पंजा को बड़ा झटका**

**▸▸ प्रदेश प्रभारी पर मनमानी करने और आम आदमी पार्टी से गठबंधन के विरोध में अरविंदर सिंह ने छोड़ा हाथ**



**नयी दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने प्रदेश के प्रभारी महासचिव पर मनमानी करने तथा दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के साथ चुनावी गठबंधन के विरोध में अपने पद से रविवार को इस्तीफा दे दिया।

कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि श्री लवली का इस्तीफा पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को मिल गया है लेकिन त्यागपत्र को अभी स्वीकार नहीं किया गया है और उसमें लिखे बिंदुओं पर गौर किया जा रहा है। लवली ने अपना इस्तीफा कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को भेजा है और उनका आभार जताया है कि उन्होंने गत वर्ष अगस्त में उन्हें फिर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस का नेतृत्व सौंपा था। पत्र में उन्होंने लिखा कि पिछले 7-8 महीने के दौरान उन्होंने दिल्ली के सभी सात लोकसभा संसदीय क्षेत्रों का दौरा किया और नाराज कार्यकर्ताओं तथा पार्टी छोड़ चुके कई कांग्रेसी नेताओं को फिर पार्टी में शामिल कर कांग्रेस को दिल्ली में मजबूत करने का काम किया लेकिन पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने मनमानी से दिल्ली को लेकर फैसले लिए जिसके विरोध में वह अपने पद से इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने इस्तीफे में लिखा है कि दिल्ली कांग्रेस उस आम आदमी पार्टी के साथ चुनावी गठबंधन के खिलाफ थी जो कांग्रेस के विरुद्ध झूठे, मनगढ़ंत और दुर्भावनापूर्ण भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के एकमात्र आधार पर गठित हुई थी। इसके बावजूद कांग्रेस नेतृत्व ने दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए आप के साथ गठबंधन किया है। पार्टी नेतृत्व की इस निर्णय से कांग्रेस कार्यकर्ता खुश नहीं है इसलिए उन्होंने दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है। लवली ने कांग्रेस अध्यक्ष को लिखे पत्र में कहा है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन को लेकर पार्टी के कार्यकर्ताओं की नाराजगी का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि जब लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन को लेकर बैठक हो रही थी तो प्रदेश कार्यालय के बाहर दिल्ली के कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। इसके बावजूद उन्होंने गठबंधन को लेकर पार्टी नेतृत्व के फैसले को स्वीकार किया है।

उन्होंने दिल्ली के प्रभारी दीपक बावरिया का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधा और कहा कि प्रभारी महासचिव की मनमानी ज्यादा ही बढ़ गई है इसलिए वह पद छोड़ रहे हैं। श्री लवली के मुताबिक उन पर श्री बाबरिया के खिलाफ रहने वाले नेताओं को पार्टी से बाहर करने का भारी दबाव है। लवली ने लिखा कि यह पत्र मैं बहुत भारी मन से लिख रहा हूं। मैं पार्टी में खुद को एकदम लाचार महसूस कर रहा हूँ इसलिए अब दिल्ली के अध्यक्ष पद पर बना नहीं रह सकता। दिल्ली कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के सर्वसम्मत सभी फैसलों पर भी दिल्ली के प्रभारी रोक लगा देते हैं। जब से मुझे दिल्ली का पार्टी चीफ बनाया गया है तब से मुझे किसी को भी सीनियर पद पर नियुक्त करने की अनुमति नहीं है।

## कन्हैया के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन



**नयी दिल्ली।** कन्हैया कुमार के खिलाफ दिल्ली कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के दफ्तर के बाहर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि उत्तर पूर्वी दिल्ली से किसी लोकल को ही कैंडिडेट बनाना चाहिए न कि किसी बाहरी को मौका देना चाहिए। कांग्रेस इस बार आम आदमी पार्टी के साथ लोकसभा चुनाव लड़ रही है। दिल्ली में उसे तीन सीट मिली हैं। इसमें से एक सीट उत्तर पूर्वी दिल्ली की है,जहां से कन्हैया कुमार को टिकट मिला है। आलाकमान का यह फैसला अब लगता है उनपर ही भारी पड़ रहा है। कन्हैया की उम्मीदवारी के खिलाफ बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकताओं ने मौजपुर मेट्रो स्टेशन के बाहर प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि हमें बाहरी पसंद नहीं है। उन्हें इस सीट से कोई लोकल कैंडिडेट चाहिए।

# भ्रष्टाचार व कुशासन से बंगाल में रूक गया है विकास : नड्डा

**▸▸ केंद्र से भेजा गया चावल चुरा लेते हैं टीएमसी कार्यकर्ता**



**बहरमपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रदेश की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी पर जमकर हमला बोला है। नड्डा ने रविवार को मुर्शिदाबाद जिले के बहरमपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते कहा कि बंगाल, जिसे आज तीव्र गति से आगे चलना चाहिए था, लेकिन ममता बनर्जी के राज में भ्रष्टाचार, तोलाबाजी, कुशासन के कारण बंगाल का विकास रूक गया। नड्डा ने कहा कि ममता सरकार ने बंगाल को बदनाम किया है। बंगाल की हालत बहुत खराब हो गई है। नड्डा ने कहा कि हम मजबूत सरकार की बात करते हैं, लेकिन ममता मजबूर सरकार चाहती हैं। ममता ऐसी सरकार चाहती हैं जो तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार और भेदभाव में विश्वास रखती हो और जिसका आतंकवादियों के प्रति नरम रुख हो। दूसरी ओर, नरेन्द्र मोदी की मजबूत सरकार' विकास और समृद्धि, देश को सुरक्षित करने और आतंकवाद और गलत कामों का जवाब सर्जिकल स्ट्राइक से देने में विश्वास करती है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि तृणमूल के लोगों को चावल चोर कहा जाता है। वे केंद्र द्वारा भेजा गया चावल चुरा लेते हैं। नड्डा ने आरोप लगाया कि ममता सरकार केंद्रीय परियोजनाओं को बंगाल में लागू नहीं होने देती। उन्होंने कहा कि ममता सरकार के दौरान कई तरह के भ्रष्टाचार हुए हैं। तृणमूल नेताओं के घर से भारी मात्रा में पैसे बरामद किये गए हैं जबकि केन्द्र की मोदी सरकार में कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ।

## तीसरे चरण में भी नहीं खुलेगा विरोधियों का खाता : अमित शाह



**मैनपुरी।** गृह मंत्री अमित शाह ने मैनपुरी में रविवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि तीसरे चरण के चुनाव में विरोधियों का खाता भी नहीं खुल पायेगा। यहां किशनी के डीपीएस स्कूल के खेल मैदान में बीजेपी प्रत्याशी जयवीर सिंह ठाकुर के समर्थन में आयोजित एक चुनावी सभा में गृहमंत्री ने कहा कि भाजपा के उत्तर प्रदेश में 80 की 80 सीटें जीतने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मैनपुरी से जयवीर सिंह को भारी बहुमत से विजयी बनाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गारंटी दी है कि 2029 तक निःशुल्क अनाज उपलब्ध कराने की योजना जारी रहेगी।

# पूर्वी भारत के 80 मार्गों पर रोज चलेगी अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें



**▸▸ रेलवे ने करीब 450 अमृत भारत गाड़ियों के निर्माण का दिया ऑर्डर**

**नयी दिल्ली ।** भारतीय रेलवे अगले तीन साल के भीतर राजधानी दिल्ली से बिहार समेत पूर्वी भारत के करीब 80 मार्गों पर प्रतिदिन कम से कम एक अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन करने लगेगी जिससे अल्प आय वर्ग के यात्रियों को तेजगति से आरामदेह यात्रा की सुविधा मिलेगी और अन्य गाड़ियों पर उनकी निर्भरता भी घटेगी। रेलवे बोर्ड के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार रेल मंत्रालय ने अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के प्रयोग की सफलता को देखते हुए करीब साढ़े चार सौ अमृत भारत गाड़ियों के निर्माण का ऑर्डर दे दिया है और तीन से चार साल में ये गाड़ियां पटरियों पर दौड़ती नजर आएंगीं। सूत्रों ने कहा कि इसके अलावा मौजूदा एलएचबी रैक वाली गाड़ियों को भी धीरे धीरे अमृत भारत ट्रेन सेट की डिजायन में ढाला जाएगा। सेमी परमानेंट कपलर और दोनों ओर इंजन लगा कर इसकी दक्षता को बढ़ाया जाएगा। बजट में 3000 ट्रेनों को अमृत भारत तकनीक से आधुनिकीकृत करने की बात कही गयी है।

## फिल्म बैड न्यूज में कॉमेडी करते नजर आयेंगी तृप्ति डिमरी



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी अपनी आने वाली फिल्म फिल्म बैड न्यूज में कॉमेडी करते नजर आयेंगी। 2019 में प्रदर्शित अक्षय कुमार, करीना कपूर, कियारा आडवाणी और दिलजीत दोसांझ अभिनीत फिल्म गुड न्यूज प्रदर्शित हुयी थी। निर्माता करण जौहर और निर्देशक राज मेहता ने इस फिल्म की सीक्वल बैड न्यूज की घोषणा की है। इस फिल्म में मूल फिल्म के कलाकारों की जगह अभिनेता विक्की कौशल, एमी विर्क और अभिनेत्री तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

# अब धाम तक फर्राटा भरेंगे इलेक्ट्रिक वाहन

एजेंसी

**चारधाम यात्रा**

**▸▸ विश्व फलक पर दिखेगी पर्यावरण संरक्षण की अलख**

**▸▸ हर 30 किलोमीटर पर बन रहा है चार्जिंग स्टेशन**

**15 लाख 66 हजार श्रद्धालु अब तक करा चुके हैं रजिस्ट्रेशन**

गंगोत्री के लिए 287358, यमुनोत्री 260597, केदारनाथ 540999, बद्रीनाथ 453213 और हेमकुंड साहिब के लिए 24700 यात्रियों ने पंजीकरण कराया है। चारधाम और हेमकुंड के लिए 1566867 श्रद्धालु पंजीकरण करवा चुके हैं।



**देहरादून।** श्रीकेदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के दिव्य धाम में शीश झुकाकर पूजन करने की कामना हर हिन्दू की होती है। लिहाजा चारधाम यात्रा के दौरान बुजुर्गों को बेहद कठिनाई भी झेलनी पड़ती है, लेकिन इस बार चारधाम यात्रा बेहद सुगम और आसान होगी। भगवान के घर की राह सरल तो होगी। साथ ही इस बार चारधाम यात्रा देश-दुनिया को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के साथ स्वच्छता की भी अलख जगाएगी।

उत्तराखंड राज्य को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए अब चारधाम यात्रा मार्ग पर इलेक्ट्रिक वाहन फर्राटा भरेंगे। आरटीओ सुनील शर्मा ने बताया कि इस बार इलेक्ट्रिक वाहन चाहे वह कामर्शियल हों या निजी, उन्हें चारधाम आने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए चारधाम यात्रा मार्ग पर चार्जिंग स्टेशन की व्यवस्था की जा रही है। चार्जिंग स्टेशन की संपूर्ण जानकारी लोग एप के माध्यम से ले सकेंगे। चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले राज्य सरकार ने यात्रा मार्ग पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित कर रही है। उत्तराखंड सरकार इन धामों के मार्ग में हर तीस किलोमीटर पर एक चार्जिंग स्टेशन बनाने की योजना है। चारधाम यात्रा पर आने वाले इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग की कोई समस्या नहीं रहेगी। इसके लिए यात्रा मार्गों पर 42 इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। 10 मई को गंगोत्री-यमुनोत्री और केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ चारधाम यात्रा की विधिवत शुरूआत हो जाएगी।

## इजरायल का हमास के 12 ठिकानों पर हमला

**गाजा।** इजरायली वायु सेना (आईडीएफ) ने पिछले दिनों गाजा पट्टी में फिलिस्तीनी हमास आंदोलन के रॉकेट लॉन्चरों सहित दर्जनों ठिकानों पर हमला किया और फिलिस्तीनी क्षेत्र में अज्ञात संख्या में कट्टरपंथियों को नष्ट कर दिया। आईडीएफ ने रविवार को यह जानकारी दी। पिछले दिन, आईडीएफ के लड़ाकू विमानों और अतिरिक्त विमानों ने आतंकवादी बुनियादी ढांचे, प्रक्षेपण स्थलों, सशस्त्र आतंकवादियों तथा अवलोकन चौकियों सहित दर्जनों आतंकी ठिकानों पर हमला किया। इधर हमास ने एक वीडियो जारी कर कथित तौर पर गाजा में बंधक बनाए गए दो और बंधकों के जीवित होने का पहला सबूत दिखाया है। ओमरी मिरान ने बताया कि उन्हें 202 दिनों के लिए हिरासत में रखा गया है और कीथ सीगल ने इस सप्ताह के फसह की छुट्टियों का उल्लेख किया है।


VERMA PRESS® वर्मा प्रेस प्रा0 लि0 राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !